# कुंभी गांव में बन रहे 2850 करोड़ के पीएलए प्लांट का निरीक्षण

▸ विधायक अमन गिरि ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**अमीर नगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गोला विधानसभा क्षेत्र के कुंभी गांव में 2850 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बहुप्रतीक्षित पी.एल.ए. प्लांट के निर्माण कार्य का रविवार को क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट से जुड़े निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्राम देविहाना में हाईवे मार्ग में आने वाली जमीन और यज्ञशाला की स्थिति को लेकर भी मौके पर जाकर मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया।

### क्षेत्र को मिलेगा आर्थिक संबल

गौरतलब है कि कुंभी गांव में निर्माणाधीन यह पी.एल.ए. प्लांट क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि क्षेत्र को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिलेगी। विधायक अमन गिरि ने यह आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूरों और संसाधनों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**यज्ञशाला के पुनर्स्थापन का आदेश:** निरीक्षण के उपरांत विधायक ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को तत्काल मौके पर बुलाया और ग्रामवासियों एवं किसानों की उपस्थिति में चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यज्ञशाला को गांव में ही दूसरी उपयुक्त जगह पर भव्य रूप से स्थापित किया जाए ताकि धार्मिक आस्था से कोई समझौता न हो। विधायक अमन गिरि ने यह भी स्पष्ट किया कि गांव के पास प्रस्तावित रोड का निर्माण कार्य यज्ञशाला के पुनर्स्थापन के बाद ही शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी जमीन के एवज में उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा और किसी प्रकार की अनदेखी नहीं होगी।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही मौजूदगी:** निरीक्षण के दौरान कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इनमें अवधेश मिश्रा, सच्चिदानन्द शुक्ला, अमीरनगर के प्रधान अब्दुल अज़ीज़ खान, आत्मानंद शुक्ला, जय सिंह, जुबैर खान, प्रधान संदीप सिंह, रघुवीर सिंह, हैप्पी सिंह, सरोज कुमार, आशीष सिंह, जितेन्द्र अर्कवंशी, बलवीर अर्कवंशी, गोल्डी सिंह और रामगोपाल राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

विधायक के इस सक्रिय प्रयास से ग्रामीणों में उम्मीद और भरोसे का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में सहयोग देने का आश्वासन देते हुए विधायक का आभार जताया।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शोभायात्रा के साथ संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** भगवान श्री हनुमान जी महाराज एवं शक्ति रूपेण मां दुर्गा देवी जी की स्थापना श्री क्षेत्रेश्वर बैद्यनाथ धाम, मो.शिवपुरी मे सम्पन्न हुई। प्रथम दिन गौरी गणेश समेत समस्त देवी देवताओं का पूजन हवन कर कलश यात्रा भक्तों द्वारा निकाली गई। भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने शामिल होकर पुण्य कमाया। द्वितीय दिन वेदी पूजन एवं मंडप प्रवेश, हवन इत्यादि कर देवी देवताओं का आह्वान किया गया। तृतीय दिवस में भगवान श्री हनुमान जी महाराज एवं शक्ति दाइनी मां दुर्गा जी की शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग के मंदिरों से प्राण प्रतिष्ठा करते हुए निकली। भगवानजी को रथ पर विराजमान कराकर गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा मुख्य मंदिरों से प्राण प्रतिष्ठा कराते हुए निकली। शोभा यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर भक्तों द्वारा शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। प्राण प्रतिष्ठा स्थापना महोत्सव के मुख्य आयोजक डॉ अश्वनी गुप्ता (प्रांत उपाध्यक्ष, आरोग्य भारती, अवध प्रांत) एवं मंदिर ट्रस्टी मीरा श्रीवास्तव द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत सभी भक्तों के लिए प्रसाद की भी उचित व्यवस्था कराई गई। स्थापना महोत्सव के इस कार्यक्रम में कृष्ण कुमार, आलोक शुक्ला, राम आशीष चौरसिया, मनोज रस्तोगी, दीपू, समेत तमाम भक्तों ने अतुलनीय सहयोग प्रदान किया।

## खबरें एक नजर में

### शराब के नशे में जेठ ने की भाभी और भाई को पीटा

**गोला गोकरणनाथ (लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र के ग्राम लखराखां में घरेलू कलह उस समय हिंसक हो गई जब एक शराबी जेठ ने अपनी भाभी और छोटे भाई पर हमला कर दिया। पीड़िता रेखा देवी पत्नी श्यामजी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, घटना रात 12 बजे के करीब की है, जब आरोपी रामवली पुत्र रामअवतार ने शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसकर सोते हुए दंपती पर लात-घूंसों से हमला कर दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अक्सर नशे में रहता है और घर में विवाद करता है। बीती रात उसने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में पति-पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं और वे डर के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं। घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता कोतवाली गोला पहुंची और आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए धारा अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक निर्मल कुमार को सौंपी गई है।

### युवक पर हमला, जान से मारने की दी धमकी

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी कस्बे के लखपेडा मोहल्ले में रविवार को एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित राजा खान पुत्र आसिफ खान ने थाना कोतवाली मोहम्मदी में शिकायत दर्ज कराई है कि 25 मई को करीब 11:30 बजे भानपुर कालोनी निवासी अब्दुल पुत्र सिराज ने उसके साथ मारपीट की। राजा खान के अनुसार, अब्दुल ने पहले उसे लात-घूंसों से पीटा, फिर अपने हाथ में पहने कड़े से उसके सिर और आंख पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी अब्दुल एक दबंग और शराबी प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो मोहल्ले में अक्सर लोगों को धमकाता रहता है। घटना के बाद अब्दुल ने पीड़ित को यह कहते हुए धमकी दी कि यहां पर मेरी ही चलेगी, किसी और की नहीं। अगर मेरे खिलाफ शिकायत की, तो जान से मार डालूंगा। घटना के बाद पीड़ित ने काफी डर और तनाव में रहकर आखिरकार साहस जुटाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक बाबू राम को मामले की तफ्तीश सौंपी गई है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शराबी पतियों से नाराज पत्नियां बनीं समझौतावादी, महिला थाने में सुलह के बाद हुई विदा

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद मुख्यालय स्थित महिला थाना एक बार फिर रिश्तों को जोड़ने का केंद्र बना। रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा-निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 19 पारिवारिक विवादों पर सुलह का प्रयास किया। इस दौरान 10 जोड़ों की सुलह कराकर विदाई कराई गई, जिससे बिखरते रिश्ते फिर से संवर गए। गौरतलब है कि इस बार अधिकतर मामले पति द्वारा शराब पीकर घरेलू हिंसा करने से जुड़े थे। शिकायतकर्ता पत्नियों ने थाने में पहुंचकर अपने पतियों की शराब की लत और मारपीट की घटनाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। काउंसलिंग के दौरान जब पतियों ने शराब छोड़ने की कसम खाई, तो नाराज पत्नियां आपसी मतभेद भुलाकर उनके साथ विदा होने को तैयार हो गईं। काउंसलर कुसुम गुप्ता और कय्यूम ज़रवानी की मदद से दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व पारिवारिक कलह जैसे 19 मामलों की गहनता से सुनवाई की गई। इनमें से 10 मामलों में पति-पत्नी में आपसी सहमति बनी और उन्होंने एक साथ जीवन यापन की नई शुरुआत करने का निर्णय लिया। कुछ मामलों में, जहां दोनों पक्षों के बीच अत्यधिक मनमुटाव था, उन्हें सोचने-समझने के लिए समय दिया गया। इस कार्य में महिला आरक्षी सीता और बबली पवार का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा, जिन्होंने सुलह प्रक्रिया को सहज और सहयोगपूर्ण बनाया।

### हमदर्दी की आड़ में महिला से धोखा, डॉक्टर ने नौकरी का झांसा देकर बनाए अवैध संबंध

**मैगलगंज खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने स्थानीय चिकित्सक और उसके बेटे पर शोषण, धमकी और जबरन धर्म परिवर्तन का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, वह पारिवारिक कलह और पति के उत्पीड़न से मानसिक रूप से बेहद परेशान थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात स्थानीय डॉक्टर शमशाद खान से हुई। डॉक्टर ने उसकी आर्थिक तंगी और परेशानियों को समझते हुए मदद का भरोसा दिलाया और अपने क्लिनिक पर नौकरी देने का प्रस्ताव रखा। महिला को लगा कि उसकी परेशानियों का समाधान मिल गया है, लेकिन यह शुरुआत थी एक बड़े धोखे की। कुछ ही दिनों में डॉक्टर ने महिला के साथ हमदर्दी जताते हुए उसे मानसिक रूप से प्रभावित किया और फिर धोखे से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि डॉक्टर ने उसे तलाक दिलवाने का झांसा देकर अपने नियंत्रण में कर लिया और बाद में उस पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाने लगा। महिला का कहना है कि जब उसने विरोध किया, तो डॉक्टर और उसका बेटा उसे धमकाने लगे। उन्होंने कई बार उसे जबरन अपने घर बुलाया, दुर्व्यवहार किया और जान से मारने की धमकियां भी दीं। 21 मई की शाम करीब चार बजे की घटना का हवाला देते हुए महिला ने बताया कि उस दिन आरोपी जबरन उसे अपने घर ले गए और विरोध करने पर उसके साथ बदसलूकी की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने उसके दुर्बल हालातों का फायदा उठाकर उसे अपने जाल में फंसाया और फिर ब्लैकमेल करने लगा। महिला ने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है और सभी बिंदुओं पर गंभीरता से पड़ताल की जा रही है। हालांकि, पीड़िता का यह भी आरोप है कि पुलिस आरोपी को बचाने की कोशिश कर रही है। उसने जल्द ही एसपी खीरी से मिलकर न्याय की मांग करने की बात कही है।

# पंचायत मित्र पर फर्जी हाजिरी का आरोप, ग्रामीणों ने दर्ज कराई आपत्ति, जांच शुरू

▸ मनरेगा में भ्रष्टाचार की बू, किसान यूनियन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत भरगमा में पंचायत मित्र द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत फर्जी हाजिरी दर्ज करने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मस्टर रोल में उन लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है, जो वास्तव में कभी कार्यस्थल पर नजर नहीं आए। इस संदर्भ में मानसिंह पुत्र लालाराम एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी (बांकेगंज) को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत मित्र ने ऐसे व्यक्तियों के नाम मस्टर रोल में चढ़ाए हैं जो मनरेगा के अंतर्गत श्रम कार्य करने में सक्षम ही नहीं हैं। हलवाई, नाई और टेलर मास्टर जैसे पेशेवरों की उपस्थिति मनरेगा की साइट पर दर्शाई गई है, जबकि इनका श्रमिक के रूप में कार्य करना असंभव प्रतीत होता है। ग्रामीणों का तर्क है कि ऐसे लोगों की दैनिक आमदनी रु. 500 से रु. 1000 तक होती है, ऐसे में मनरेगा की मजदूरी स्वीकार करना तर्कसंगत नहीं है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड विकास अधिकारी बांकेगंज ने जांच का जिम्मा सहायक खंड विकास अधिकारी को सौंपा है। जांच अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पंचायत भवन भरगमा में ग्रामीणों के एक-एक करके बयान दर्ज किए। ग्रामीणों ने दस्तावेज़ों और मस्टर रोल की प्रतियां दिखाकर आरोपों को पुष्ट करने की कोशिश की। भारतीय किसान यूनियन ने अपने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो यूनियन विकासखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगी। यूनियन का कहना है कि यदि प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो इसकी जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जो भी पंचायत मित्र या अन्य कर्मचारी इस भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाएं, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह योजना केवल कागजों तक सीमित रह जाएगी और गरीब मजदूरों का हक मारा जाएगा।

### फोटो अपलोड न होने पर भी दर्ज हुई उपस्थिति

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इन कथित मजदूरों की काम करते हुए कोई तस्वीर मनरेगा पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है, जो कि अनिवार्य प्रक्रिया का उल्लंघन है। इससे यह स्पष्ट होता है कि उपस्थिति फर्जी तरीके से दर्ज की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कृत्य से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है, बल्कि वास्तविक मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित किया गया है।

## नाबालिग बेटियों को बहला-फुसलाकर भगाने के दो मामले, चार नामजद आरोपी

**धौरहरा (खीरी)।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगाने के दो अलग-अलग मामलों में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कुल पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों घटनाओं में आरोपियों पर संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।पहला मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है, पीड़िता मां ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 17 मई की रात करीब 10 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री को मंझरा थाना मोतीपुर (जनपद बहराइच) निवासी छोटू पुत्र नन्दू बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम में छोटू के बहनोई पकैरमा निवासी टूडीपुरवा थाना खमरिया (खीरी) ने भी उसका सहयोग किया। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी छोटू उनकी बेटी को भगाकर ले गया था, लेकिन बाद में वह मिल गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक मोहम्मद सईद को सौंपी है। दूसरा मामले में भी पीड़ित पिता ने उसकी 16 वर्षीय पुत्री 23 मई की रात 11 बजे रहस्यमय ढंग से घर से गायब हो जाने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने गांव के ही समीर पुत्र छोटनू समेत चार लोगों पर बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। एफआईआर के अनुसार, समीर के साथ अब्दुल सलाम पुत्र मुंशी, हफीजुर्रहमान और महफूज आलम ने भी साजिश में भूमिका निभाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश मिश्रा ने बताया कि दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और शीघ्र गिरफ्तारी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कबीर साहेब ने ही रची सृष्टि: संत रामपाल

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के भोगीपुरवा में रविवार को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज का विशाल मासिक सत्संग संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान संत रामपाल जी महाराज ने पवित्र गीता, वेद, कुरान, बाइबल, पुराण एवं रामचरितमानस के प्रमाणों के साथ श्रोताओं को शास्त्रानुकूल भक्ति का महत्व समझाया। संत रामपाल जी महाराज ने बताया कि पवित्र कुरान शरीफ के अध्याय सूरत फुरकानी (स. 25 आयत 52-59) में यह प्रमाणित है कि वास्तविक पूजा के योग्य कबीर अल्लाह ही है, जिन्होंने छह दिन में सृष्टि रची और सातवें दिन अपने तख्त पर विराजमान हुए। यही प्रमाण बाइबल में भी दिया गया है, जिससे सिद्ध होता है कि कबीर परमेश्वर ही पूर्ण परमात्मा हैं।



कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्डिनेटर रवि कुमार ने जानकारी दी कि जनपद के गांव-गांव से बड़ी संख्या में अनुयायी सत्संग में सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि संत रामपाल जी महाराज द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अनुयायी समाज से दहेज प्रथा, नशाखोरी, घूसखोरी, जातिवाद जैसी कुरीतियों को समाप्त कर एक आदर्श और सुखमय जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने संत रामपाल महाराज से नाम दीक्षा ग्रहण कर आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत की। संत रामपाल जी महाराज के अनुयायी समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म कर एक स्वच्छ और समरस समाज की स्थापना में जुटे हैं।

## कोटेदार की दबंगई: कम राशन देने के विरोध पर गाली-गलौज

▸ पीटने और जान से मारने की धमकी, थाने में भी नहीं सुनी फरियाद

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के गांव नरदी में राशन वितरण में गड़बड़ी का विरोध करना एक कार्डधारक को भारी पड़ गया। गांव निवासी संदीप कुमार ने कोटेदार द्वारा कम राशन देने पर आपत्ति जताई तो कोटेदार ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि डंडे से मारने का भी प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने सुनवाई नहीं की, बल्कि उल्टा उसे प्रताड़ित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नरदी गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र राजेश कुमार 13 मई को अपनी पत्नी आरती के साथ गांव के उचित दर विक्रेता विपिन कुमार यादव के कोटे पर राशन लेने गया था। संदीप का आरोप है कि कोटेदार एक यूनिट पर 5 किलो की बजाय मात्र 4 किलो राशन दे रहा था। जब संदीप ने इसका विरोध किया तो कोटेदार विपिन यादव भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारने की कोशिश करने लगा। इतना ही नहीं, कोटेदार ने संदीप को जान से मारने की धमकी भी दी। संदीप कुमार ने बताया कि जब वह इस घटना की शिकायत लेकर पसगवां थाने पहुंचा, तो वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने कोटेदार को थाने बुलाया और पीड़ित पर सुलह-समझौते का दबाव बनाने लगी। जब संदीप ने पुलिस के इस रवैये का विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने उसके हाथ पर पटा मारा और कान के नीचे थप्पड़ मार दिया। पीड़ित का कहना है कि उसने पुलिस को यह जानकारी दी थी कि उसके दोनों कानों का ऑपरेशन हो चुका है, इसके बावजूद पुलिस ने मारपीट की जिससे उसे असहनीय पीड़ा हुई। संदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त कोटेदार के खिलाफ पहले भी कई बार राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें उठ चुकी हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया गया।

षट्कर्म एवं सूर्य-नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम....

# 50 दिवसीय योग जन-जागरूकता अभियान का 24वां दिन संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के ईदगाह स्थित स्व संकटा प्रसाद वाजपेई उद्यान में जिला आयुष समिति के निर्देशन एवं सहयोग से योग रंजन फाउंडेशन द्वारा संचालित 50 दिवसीय योग जन-जागरूकता अभियान के 24वें दिन विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग साधकों को षट्कर्म के अंतर्गत जलनेति एवं रबड़ नेति जैसी विशेष शुद्धिकरण क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। इन क्रियाओं का उद्देश्य शरीर की शुद्धि, मानसिक स्पष्टता और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना होता है, जो योग विज्ञान में इसे गले के ऊपर के समस्त रोगों में अत्यंत प्रभावशाली माना जाता हैं। साथ ही, प्रत्येक रविवार को चल रही 54 सूर्य-नमस्कार श्रृंखला की 72वीं कड़ी का अभ्यास भी पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। सूर्य-नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि आत्मिक संतुलन और जीवनशैली में अनुशासन भी लाता है। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य प्रिंस रंजन बरनवाल एवं योग शिक्षिका प्रगति बरनवाल द्वारा किया गया, जिनके निर्देशन में साधकों ने योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं का गहन अभ्यास किया। योग शिविर में योग प्रशिक्षक नूपुर गुप्ता, प्रतीक तिवारी एवं राजदीपिका तिवारी की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रतिभागियों को तकनीकी सहायता एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए।



### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की ओर प्रेरणा

यह 50 दिवसीय अभियान 21 जून 2025 को मनाए जाने वाले 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी एवं जनसामान्य को योग से जोड़ने की प्रेरणा से संचालित है। इस वर्ष का योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर केंद्रित रहेगा। अभियान का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक लोग योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं, जिससे न केवल व्यक्तिगत स्तर पर स्वास्थ्य लाभ मिले, बल्कि समाज में सकारात्मकता, अनुशासन और मानसिक संतुलन भी स्थापित हो। योग रंजन फाउंडेशन द्वारा पार्कों, विद्यालयों में चल रहे समर कैम्प व अन्य संस्थाओं में योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनमानस को योग के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ, सशक्त एवं सकारात्मक समाज की स्थापना करना है। यह अभियान प्रतिदिन भिन्न-भिन्न योग विषयों के साथ 50 दिनों तक चलेगा, जिसमें सैकड़ों साधक नियमित रूप से भाग ले रहे हैं।

## मुर्गहा में 12 वर्षीय किशोर पर तेंदुए का हमला, वन रक्षकों की बहादुरी से बची जान

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के मझगई थाना क्षेत्र के गांव मुर्गहा में रविवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक 12 वर्षीय मासूम पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए किशोर को आनन-फानन में पलिया सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस हादसे के बाद से गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुर्गहा निवासी सुरेन्द्र कुमार का 12 वर्षीय पुत्र भोला सुबह गांव के पश्चिम दिशा में लगभग तीन किलोमीटर दूर खेत में काम कर रहे अपने नाना छत्रपाल को खाना देने जा रहा था। इसी दौरान गन्ने के खेत में घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला कर दिया। भोला की चीख सुनकर पीछे-पीछे आ रहे वन रक्षक रंजीत कुमार और देशराज मौके पर दौड़े। उन्होंने देखा कि तेंदुआ बच्चे को ज़मीन पर पटक कर नोंच रहा था।बिना अपनी जान की परवाह किए दोनों वन रक्षकों ने लाठी-डंडों से तेंदुए पर हमला कर दिया। काफी मशक्कत के बाद तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। तेंदुए के हमले में भोला की पीठ और गर्दन पर गहरे घाव हो गए हैं। वन रक्षकों की तत्परता और साहस से एक बड़ा हादसा टल गया।घायल बच्चे को परिजन तुरंत घर लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



### सूचना

मैं शपथिनी लवी गुप्ता स शपथ बयां करती हूं कि मेरा नाम दूसरे अभिलेखों में सुधा कसौधन दर्ज है जबकि दोनों ही नाम मेरे ही है अतः मुझे भविष्य में लवी गुप्ता उर्फ सुधा कसौधन के नाम से जाना व पहचाना जाए। लवी गुप्ता उर्फ सुधा कसौधन पुत्री राजू गुप्ता निवासी बेलवा भान बाबागंज कौड़ियां गोंडा।

# राजवंशी को पछाड़ कृषक समाज छतौनिया बनी चैंपियन

▸ विकास वर्मा को मिला मैन ऑफ द सीरीज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति के तत्वाधान में दिनांक 21 मई 2025 को आयोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। नॉक आउट मुकाबलों में कड़े संघर्ष के बाद केवल चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं, जिसमें राजवंशी टीम गोला कोरैया और सरफिरा टीम काजर कोरैया के बीच पहला सेमीफाइनल खेला गया। शानदार प्रदर्शन करते हुए राजवंशी टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।

**फाइनल मुकाबले में भिड़ीं दो दमदार टीमें:** टूर्नामेंट का फाइनल मैच राजवंशी टीम गोला कोरैया और कृषक समाज छतौनिया के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्री वारिश अली जी उपस्थित रहे, जिनका समिति के सचिव विनय वर्मा ने बैज लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की गरिमा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से और बढ़ गई।

**टॉस जीतकर कृषक समाज की सधी शुरुआत:** कृषक समाज छतौनिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवरों में 97 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजवंशी टीम ने बेहतर शुरुआत की, लेकिन कृषक समाज के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए पूरी टीम को 78 रन पर ऑल आउट कर दिया।



**हरियाली का संदेश, विजेताओं को भेंट किए गए पौधे:** समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने टूर्नामेंट को सफल बनाने वाले मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं दोनों टीमों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान:** समिति के उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, सदस्यगण राम प्रकाश वर्मा, शिव सागर, पंकज, विकास, पुनीत वर्मा सहित अन्य सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। लकी, प्रियांशु, हर्षित, नैमिष और सभी टीम के खिलाड़ियों के योगदान से टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विजेता को 2100 रुपये नकद और मेडल, उपविजेता को मिला 1100 रुपये का पुरस्कार

विजेता कृषक समाज छतौनिया को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा 2100 रुपये नकद व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं उपविजेता राजवंशी टीम को 1100 रुपये व मेडल प्रदान किया गया।

### विकास कुमार वर्मा बने मैन ऑफ द सीरीज

इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले विकास कुमार वर्मा (पुत्र श्री केशव राम) को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्हें 551 रुपये नकद पुरस्कार समिति के कोषाध्यक्ष लोकेश वर्मा द्वारा प्रदान किया गया।


## गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी,हलोर – रायबरेली

सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

**आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| स्नातक | बी0एस0–सी0 | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित |
| परास्नातक | एम0ए0 | हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं गृह विज्ञान |
| लाईब्रेरियन | | |
| प्राचार्य | | |

उपरोक्त विषयों के प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य तथा लाईब्रेरियन पद हेतु योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज हमारे लिखित पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार तथा कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।

पता : गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली उ0प्र0 – 229103

सम्पर्क सूत्र : 7651832382, 9415922520

ईमेल : gklmahavidyalaya@gmail.com

प्रबन्धक/सचिव : श्री आर0 डी0 मिश्र (अधिवक्ता उच्च न्यायालय)

# ग्राम पंचायतों में रिसोर्स-लर्निंग सेंटर तैयार करेगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त और जन सुविधाओं से लैस बनाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर प्रदेश में 278 करोड़ रुपये की लागत से ग्राम पंचायतों में डिजिटल वर्कफोर्स तैयार की जाएगी।

इसके साथ ही, जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर एवं पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना भी की जाएगी। यह पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत की जा रही है, जिसके माध्यम से पंचायतों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और सेवा वितरण को प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों के कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन और व्यापक प्रशिक्षण है। पंचायती राज विभाग की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के कर्मचारी डिजिटल प्लेटफार्मों पर कुशलता से कार्य कर सकेंगे। इस दिशा में राज्य, जनपद और खंड स्तर पर मानव संसाधनों की तैनाती की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार पंचायत कर्मियों के प्रशिक्षण और सतत विकास के लिए केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर और पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना एवं निर्माण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सरकार की यह पहल न केवल पंचायतों को डिजिटल रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि गांवों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को भी बढ़ावा देगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में योगी सरकार की ओर से एआई प्रज्ञा कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसके जरिए प्रदेश में 10 लाख लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स व एप्लिकेशंस में दक्ष बनाने की तैयारी है। ब्लॉक, जिला व ग्राम पंचायतों में भी इस प्रक्रिया के अंतर्गत कर्मचारियों को दक्ष बनाया जाएगा। जिससे ग्रामीण परिवेश में भी एआई दक्षता बढ़ेगी और कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। कार्ययोजना के अनुसार, चार स्तरीय समितियां योजना की निगरानी और क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी बनाएंगी। इसमें पंचायती राज मंत्री की अध्यक्षता में राज्य सलाहकार समिति, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य संचालन समिति, प्रमुख सचिव पंचायती राज की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति तथा निदेशक पंचायती राज की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति को क्रियान्वित किया जाएगा।-

# खनन के भ्रष्टाचार को देखने के लिए न तो दिल्ली का ड्रोन यहां तक पहुंच पाता है न लखनऊ का सीसीटीवी

▸ अखिलेश यादव ने यमुना की धारा से अवैध खनन को लेकर योगी सरकार पर बोला हमला



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यूपी के फतेहपुर में यमुना नदी की धारा से अवैध खनन को लेकर योगी सरकार पर हमला बोला है।

उन्होंने एक समाचार के वीडियो को अपने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ये है उप्र भाजपा के अवैध खनन के भ्रष्टाचार को देखने के लिए न तो दिल्ली का ड्रोन यहां तक पहुंच पाता है न लखनऊ का कोई सीसीटीवी। भाजपा राज में हो रहे अवैध कांड सरेआम उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये सब सांठगांठ व मिलीभगत से हो रहे सारे काम हो रहा है। दरअसल, योगी सरकार खनन माफियाओं पर लगातार कार्रवाई का दावा कर रही है। मगर प्रशासन की लापरवाही से खनन का कारोबार दिन दोगुना और रात चौगुना फलफूल रहा है। यमुना नदी की धार से अवैध खनन रोकने के लिए हाल ही में प्रशासन ने खनन कारोबारियों पर 53 लाख का जुर्माना लगाया था। बावजूद इसके खनन का कारोबार एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर यमुना नदी की धारा से अवैध खनन कर रहे हैं। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को एक समाचार पत्र ने प्रमुखता से खबर चलाई तो सच सामने आ गया। अधिकारियों की मानें तो अवैध खनन को लेकर आरोपियों पर 53 लाख का जुर्माने लगाया गया था।

## खबरें एक नजर में

### विधि विधान के साथ 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित प्रेम शिवकला लॉन में 101 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। फेरों की रस्म चल रही है। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में दूल्हा-दुल्हन के परिजन नवयुगल को आशीर्वाद देने के लिए जमा हुए है। कार्यक्रम का आयोजन मानव एकता एसोसिएशन और योगी सेना के द्वारा किया गया। 101 जोड़े एक साथ हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह के बंधन में बंधें। मानव एकता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकित सिंह चौहान ने बताया कि संस्था बीते 15 वर्षों से लगातार निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन करती आ रही है। ये सिलसिला लगातार जारी है। अब 2000 से अधिक जोड़ों का विवाह करवा चुका है। सामूहिक विवाह समारोह में लखनऊ समेत प्रदेश के 15 जिलों के जोड़े शामिल हैं। संगठन द्वारा उन बेटियों को प्राथमिकता दी जाती है, जिनके भाई या माता-पिता नहीं होते। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर चिह्नित करते हैं। पात्र बेटियों को विवाह समारोह में शामिल किया जाता है। इस कार्य में 6 महीने का समय लगता है। स्मार्टफोन,टेबलेट विवरण वितरण योजना लाभकारीः कृष्ण मुरारी

### इन्दिरादेवी झगरु प्रसाद आईटीआई में स्मार्टफोन-टेबलेट वितरित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरकार द्वारा चलाया जा रहा स्त्री विवेकानन्द स्मार्टफोन-टेबलेट विवरण कार्यक्रम काफी सराहनीय है। सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे तकनीकि उपकरण छात्रों उपयोगी साबित हो रही हैं ग्रह बात बक्शी का तालाब ब्लाक स्थित इन्दिरादेवी झगरु प्रसाद आई टी आई के प्रबंधक एवं एसडीएस एवं रुप आफ कॉलेज के चेयरमैन श्री कृष्ण मुरारी ने स्मार्टफोन-टेबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम में उनके द्वारा लगभग 45 बच्चों को स्मार्टफोन-टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री कृष्ण एवं विशिष्ठ अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा एवं संस्थान के संस्थापक एवं की बाबू जगजीवन प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बाबू जगजीवन प्रसाद कौशल एवं कुशल भारत प्रशिक्षु सम्मान के अन्तर्गत सीताराम, ललित कुमार, विनीत कुमार को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में एमिटी यूनिट के प्रोफेसर डा. रोहित यादव, हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुबिन यादव, प्राईवेट आईटीआई वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र विवेदी, संस्थान के प्रधानाचार्य जगदीशशरण शर्मा, अनुदेशक संजय यादव, श्याम मिलन, आशीष सैनी एवं आर. के. गुप्ता उपस्थित थे।

### बेकाबू कार ने सिक्योरिटी गार्ड को रौंदा, गाड़ी चालक फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में कासिमपुर बिरहा चौराहे पर सड़क पार करते समय एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पीयूष उर्फबाबू साहू के रूप में हुई है। वह ग्राम बखरी, बीबीडी लखनऊ का रहने वाला था। पीयूष की उम्र 20 वर्ष थी। डायल 112 से सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र चैम्पियन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों आरवी कटियार, ताशवी श्रीवास्तव एवं आरव कटियार ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा की बदौलत ब्रेनोब्रेन जोनल फेस्ट-2025 में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रों ने एबेकस, मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एक्टिविटी आदि विभिन्न विषयों में अपने ज्ञान-विज्ञान का शानदार प्रदर्शन कर चैम्पियन ट्रॉफी अपने नाम की है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने विद्यालय के इन होनहार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि ब्रेनोब्रेन फेस्ट के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कई विद्यालयों के छात्रों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का संकेत दिया है। आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मैडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ भव्य आयोजन सम्पन्न


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विकल्प खंड स्थित श्री राम ग्लोबल स्कूल में 10 दिवसीय समर कैंप का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न रचनात्मक और पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस समर कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने मधुबनी पेंटिंग और लिप्पन आर्ट जैसी भारतीय लोककलाओं की बारीकियाँ सीखी, जिससे उनमें रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ का विकास हुआ। कैंप में बच्चों को रसिन आर्ट, टी-शर्ट प्रिंटिंग, टाई एंड डाई जैसी आधुनिक कलाओं से भी परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके घर को सजाने की अनोखी और पर्यावरण के अनुकूल विधियाँ सीखीं। यह प्रयास न केवल उनकी कलात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला था, बल्कि पर्यावरण जागरूकता को भी प्रोत्साहित करता है। कैंप का उद्देश्य बच्चों की कल्पनाशक्ति को विकसित करना, उन्हें नई विधाओं से परिचित कराना और कला के प्रति उनका लगाव बढ़ाना था। पूरी कार्यक्रम का नेतृत्व आशुतोष वर्धन और ज्योति पँथ के देखरेख में हुई। स्कूल की प्रधानाचार्य शमीम सिंह बच्चों की कलाकृतियों की खूब सराहना की और उन पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।



### प्लेसमेंट में लखनऊ विवि के सात छात्रों का बीएसआईएस में चयन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जहां हाल ही में आयोजित कैंपस भर्ती अभियान के तहत सात छात्रों का चयन बीएसआईएस कंपनी में हुआ है। चयनित छात्र वाणिज्य और प्रबंधन कार्यक्रमों से संबंधित हैं और उन्हें बीएसआईएस के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में 2.4 एलपीए पर नियुक्त किया गया है। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, केंद्रीय प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अनुप कुमार भारती और संकाय समन्वयकों ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चयनित छात्र इस प्रकार हैं। हर्ष शुक्ला एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग), नियुक्ति एडमिन कम अकाउंट्स मैनेजर, मातृया धवन एम.कॉम, हिमांशु आनंद बी.कॉम, श्रेया गुप्ता एमबीए (फाइनेंस एंड अकाउंटिंग), अभिजीत वर्मा बी.कॉम (ऑनर्स), नियुक्तिरू डाटा एंड रिसर्च एनालिस्ट, खुशी जैन बी.कॉम, नियुक्तिरू एक्जीक्यूटिव पीआर (कंटेंट राइटर),तान्या राय एम.कॉम, नियुक्तिरू एक्जीक्यूटिव असिस्टेंट है।

### नगर निगम की घोर लापरवाही, मौत को दावत



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** नगर निगम के तमाम दावों के विपरीत डडहिया पेट्रोल पंप के ठीक सामने खुला नाले का ढक्कन राहगीरों को मौत का दावत दे रहा है। डंडहिया पेट्रोल पंप के सामने चर्च रोड एक अति व्यस्त मार्ग है, जिस पर हजारों की तादाद में लोग डंडहिया बाजार से रोजमर्रा के समान खरीदने के लिए जाते हैं। ऐसी व्यवस्था में यह हमेशा लगा रहता है कि कौन सी गाड़ी किस समय दुर्घटना की शिकार हो जाए, जबकि इस मार्ग से बहुत से संबंधित अधिकारी भी गुजरते रहते हैं। क्योंकि हमारे अलीगंज, पुरनिया तथा टेढ़ी पुलिया को जोड़ने वाला सुगम मार्ग है।

## प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य करने की रूपरेखा हो रही तैयार

# 6,124 करोड़ खर्च कर बनेंगे रिंग रोड, बाईपास-फ्लाईओवर

▸ वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर बढ़ाई जाएगी रोड कनेक्टिविटी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में उत्तम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। एक ओर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, हाइवे व उन्नत राष्ट्रीय व राज्य मार्गों के जाल का प्रसार हो रहा है। वहीं, प्रदेश में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है।

इसके जरिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 62 परियोजनाओं पर कार्य करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है जिससे प्रदेश के यातायात आवागमन में सुधार की दिशा में यह एक व्यापक कदम सिद्ध होगा। लोक निर्माण विभाग की ओर से तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं। इनमें 6,124 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। खास बात यह है कि जनता को ट्रैफिक जाम से राहत देने की दिशा में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई फैक्टर्स को आधार बनाया जाएगा। कार्य योजना के अनुसार, योगी सरकार का यह कदम न केवल उत्तम कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के विभिन्न नोड्स पर विभिन्न प्रकार के औद्योगिक पार्कों का निर्माण व विकास किया जा रहा है। ऐसे में फ्रेट मूवमेंट से लेकर तमाम फैक्टर्स ऐसे हैं जिनमें रोड कनेक्टिविटी का प्रमुख योगदान है और इनमें सुधार कुल मिलाकर न केवल यातायात आवागमन में सुधार करेगा बल्कि प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

> प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा साल 2025-26 में जिन 62 बाईपास व रिंग रोड्स का निर्माण किया जाना है। उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्य योजना के अनुसार, एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों व पालिकाओं द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर आबादी व प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को पूरा किया जाएगा। हालांकि, जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है, ऐसी नगर पालिकाएं व परिषदों को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। इन क्षेत्रों में रिंग रोड व बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करेगा।

### लखनऊ में यूपी फीस रेगुलेशन एक्ट लागू करने की मांग

**लखनऊ।** फीस रेगुलेशन लागू करने की मांग करते हुए राष्ट्रीय छात्र पंचायत से जुड़े स्टूडेंट हजरतगंज में धरने पर बैठे हुए हुए हैं। छात्र मौके पर पंचर और चाय की दुकान चला रहे। छात्रों ने नारा लगाया कि शिक्षा का बाजारीकरण बंद करो, सस्ती शिक्षा सबका अधिकार। धूप में छात्र अपनी मांगों को लेकर बैठे हुए हैं। उनका कहना है जो नेता कह रहे चाय बेचना रोजगार हैं वह अपने बच्चों को हमारे पास भेज दें हम इन लोगों को इंटर्नशिप दे देंगे। संस्था के अध्यक्ष शिवम पाण्डेय ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ यूपी में एक बिल लाया जाना चाहिए। जिसमें लोगों को सामान्य रूप से शिक्षा दी जाए। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस की मनमानी की जा रही। एक ही स्कूल से किताब और ड्रेस लेने को मजबूर किया जा रहा है।

# राजधानी के कैसरबाग बस अड्डे पर वकीलों के गुटों में फायरिंग, दो घायल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित कैसरबाग बस अड्डा स्थित वर्कशॉप के पास शनिवार की रात फायरिंग हुई। इसमें दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते रेजीडेंसी के पास अधिवक्ता चैंबर में वकीलों के दो गुटों में फायरिंग हुई है। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि पुलिस जांच में पता चला है कि जिन दो युवकों को गोली लगी हैं, वे अधिवक्ता कुंवर अंबिका सिंह और साकिब हसन हैं। दोनों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

जांच में पता चला है कि कुंवर अंबिका सिंह बीती रात कैसरबाग बस अड्डे के पास वर्कशॉप तिराहा पर रेजीडेंसी के पास अपने रिश्तेदार दिलीप सिंह के चैंबर में बैठे थे। तभी मलिहाबाद निवासी अधिवक्ता साकिब हसन अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और उनसे झगड़ा करने लगा। दोनों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। मामला इतना बढ़ गया कि गोली चल गई। इसमें दोनों घायल हो गए। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### हिंदुओं की रक्षा के लिए टोल फ्री नंबर, विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने होर्डिंग लगवाई

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने होर्डिंग लगवाई है। इसमें लिखा- अपने देश में रह रहे गद्दारों को खोजने के लिए 27 मई को देश की पहली सनातन हेल्पलाइन लॉन्च की जाएगी। इससे अवैध मदरसे, रोहिंग्या, धर्मान्तरण पर लगाम लगेगी। जन आक्रोश सनातन यात्रा का आयोजन होगा। संगठन युवा मोर्चा के अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा पूरे भारत में कही पर भी हिंदू पर अत्याचार होगा तो संगठन का एक-एक कार्यकर्ता जवाब देगा। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ जो कुछ हुआ वह बेहद अफसोसजनक है। ममता बनर्जी की सरकार हिंदुओं पर अत्याचार कर रही है।

# दौड़ाकर युवक को मारी गोली, हालत नाजुक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर में विवाद के बाद कार सवारों ने एक युवक को दौड़ाकर गोली मार दी। घायल युवक को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि सर्वोदय नगर निवासी मुरसीलिन का कुकरैल बंधा स्थित बालाजी भोजनालय पर दो बजे अपने रिश्तेदार से विवाद हुआ था। बालाजी भोजनालय के संचालक सिपाही लाल ने बताया कि मुरसिलिन का दोपहर को कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों पक्ष यहां से चले गए थे। दूसरा पक्ष मुरसिलिन का रिश्तेदार बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शाम करीब 5 बजे मुरसिलिन अपनी गाड़ी से फिर होटल के पास आया। गाड़ी से उतरकर होटल के पीछे बनी निर्माणाधीन इमारत की ओर भागा। पीछे से 10 से 12 लोग डंडा और बंदूक से लैस होकर उसको दौड़ते हुए आए। सिपाही लाल ने बताया मुरसिलिन चिल्ला रहा था गोली मार रहे हैं, तभी उन लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जो मुरसिलिन को लगी। इसके बाद सभी आरोपी फरार हो गए। मुरसिलिन लहूलुहान हालात में खुद ही बिल्डिंग से बाहर निकाला और स्कूटी से सद्भावना अस्पताल पहुंचा। यहां से पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में लोहिया अस्पताल पहुंचाया। सर्वहित व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने बताया कि सर्वोदय नगर में बालाजी पूड़ी भंडार नाम से एक दुकान है।

### खुलासा : महिला ने पति के साथ मिलकर की थी प्रेमी की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनीनगर इलाके में युवक की हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई थी। महिला ने पति के साथ प्रेमी का मुंह तकिए से दबाकर उसको मौत के घाट उतारा था। पुलिस ने हत्या के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया तकिया भी बरामद कर लिया है, जिससे युवक का दम घोंटा गया था। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के तपोवन नगर इलाके में रहने वाले अर्पित यादव की मौत 20 मई को संदिग्ध हालात में हुई थी। अर्पित का शव उसके पड़ोसी राजकुमार उर्फछोटू मौर्या के घर में बेहोशी की हालत में मिला था। परिजनों ने उसे तत्काल लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

### एकेटीयू जानकीपुरम विस्तार से लखनऊ विवि ओल्ड कैम्पस तक मेट्रो चलाने की मांग

**लखनऊ।** लखनऊ जनविकास महासभा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सीतापुर रोड स्थित डॉ अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से लखनऊ विवि के बीच मेट्रो शुरू किये जाने की मांग की है। पत्र को संज्ञान में लेते हुये मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव आवास से स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है। बैठक में डॉ अगम दयाल संरक्षक, अरविन्द नाथ मिश्रा संरक्षक, पंकज कुमार संयोजक, एस.के. तिवारी उपाध्यक्ष, राम तिवारी महामंत्री, अजय यादव मंत्री, राजीव गुप्ता कोषाध्यक्ष सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक में महासभा के अध्यक्ष एस.के. बाजपेई ने बताया कि जानकीपुरम विस्तार योजना भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की महत्वाकांक्षी योजना है।

# आतंकवाद पर भारत की नीति जीरो टॉलरेंस

समृद्धि न्यूज



▸ दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पहुंचे भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने आतंकवाद पर पाकस्तान की पोल खोलने को कहा

**लखनऊ।** दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के भारतीय दूतावास में कोरिया में कार्यरत भारतीयों से वार्ता की गई और उनको ऑपरेशन सिन्दूर के संबंध में भारतीय जीत को विश्व स्तर पर बताने और पाकिस्तान की पोल खोलने को कहा गया। आतंकवाद पर हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है। अगर भारत में कभी भी आतंकी हमला हुआ तो उसे देश के विरूद्ध युद्ध माना जायेगा।

पहलगाम में जब 22-4-2025 को पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला करके 25 भारतीय और एक नेपाली हिंदुओं की उनकीं पत्नियों, छोटे बच्चों के सामनें हत्या कर दी और परिवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को संदेश देना, उसी समय प्रधानमंत्री ने प्रण लिया कि भारत पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला देगा। भारत ने पाकिस्तान को मौका दिया कि वह आतंकियों पर कार्यवाही करे परंतु उसने अपने पाले हुए आतंकियों पर कोई कार्यवाही नहीं की। भारत ने 7/8 मई की रात में पाकिस्तान/पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइलों से हमला करके 100 से अधिक आतंकियों को जहन्नुम में भेज दिया। पाकिस्तान का भारत पर हमला नाकाम रहा। भारत ने हमला करके पाक के 11 एयरबेस को तबाह करके घुटनों पर ला दिया।

# फूड प्रोसेसिंग में जोड़ी जा रही हैं स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं

समृद्धि न्यूज

▸ पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन, बड़ी संख्या में स्थापित हो रहे उद्यम

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे प्रदेश मे बडी संख्या मे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ को फूड प्रोसेसिंग गतिविधियों से जोडा जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के इस सेक्टर से जुडने से महिलाओं की आमदनी मे इजाफा हो रहा है। कृषि उत्पादों के साथ उनकी प्रोसेसिंग व भण्डारण के क्षेत्र मे किसानो की बढती रूचि से विकसित भारत के मोदी के मिशन को आम किसानों तक पहुंचाया जा रहा है।

पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन के तहत बडी संख्या मे उद्यम स्थापित किये जा रहे हैं। नीतिगत हस्तक्षेपों, बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी के सुधारों के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति पूंजी सब्सिडी, ब्याज छूट और प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड चेन और लॉजिस्टिक्स पार्कों की स्थापना के लिए समर्थन सहित आकर्षक प्रोत्साहन करती है। फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज पीएमएफएमई योजना के तहत वित्तीय, तकनीकी और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करके सूक्ष्म और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को मजबूत करने के लिए काम किया जा रहा है।

पहल

## दुधवा पार्क में पर्यटन बढ़ाने में जुटे उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म ईको डेवलेपमेंट बोर्ड ने की अनोखी पहल

# थारू जनजाति को पर्यटन से जोड़ा जा रहा : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अपने विशेष आकर्षणों के लिए देश में प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क में पर्यटन बढ़ाने में जुटे उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म ईको डेवलपमेंट बोर्ड ने अनोखी पहल की है। पार्क के आसपास बसी थारू जनजाति को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। इनके प्रसिद्ध खानपान, जीवनशैली और हस्तशिल्प को पर्यटकों तक पहुंचाने की तैयारी शुरू की गई है। ताकि स्थानीय लोगों की आय में भी वृद्धि हो।

इसी क्रम में निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र के नेतृत्व में बोर्ड के अधिकारियों का दल पिछले दिनों थारू गांवों का दौरा किया था। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि दुधवा के जंगलों की गोद में बसे लखीमपुर खीरी जिले के नौ गांवों में फैली थारू जनजाति, जो सदियों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन व्यतीत करती आ रही है, अब अपनी संस्कृति और परंपराओं के जरिए अपनी पहचान को आर्थिक समृद्धि में बदलने को तैयार है। उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने इस जनजातीय समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों, हस्तशिल्प और जीवनशैली को पर्यटन का हिस्सा बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इसका उद्देश्य न केवल वन्यजीव पर्यटन का विस्तार करना है, बल्कि स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसे पर्यटक जो थारू गांवों तक नहीं पहुंच सकते, उनके लिए अब थारू समुदाय की खासियतें रिसॉर्ट्स और होटल तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई है। थारू रसोई से निकलने वाले स्वादिष्ट व्यंजन जैसे चावल के आटे से बनने वाला ढिकरी, खड़िया, कपुआ आदि को ठहराव स्थल रिजार्ट पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा टाइगर रिजर्व, जो देश के प्रमुख जैव विविधता स्थलों में से एक है, केवल वन्य जीवों का घर नहीं है बल्कि यह थारू जनजाति की संस्कृति और ज्ञान का भी केंद्र है। इस जनजाति को स्थानीय वनस्पतियों, औषधीय पौधों और मौसमी बदलावों की गहरी समझ है, जिससे ये वन्य क्षेत्र के प्राकृतिक संरक्षक भी हैं। इस पहल की सराहना करते हुए कहा, जब इनकी संस्कृति को पर्यटन से जोड़ा जाएगा, तो इससे न केवल पर्यटकों को एक समग्र अनुभव मिलेगा, बल्कि जनजातीय समुदाय भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा।

### पर्यटकों को उपलब्ध कराए जा रहे थारू उत्पाद

जयवीर सिंह ने बताया कि यही नहीं, स्थानीय हस्तशिल्प जैसे मूंज, कास, जूट और सूत से बने थारू शिल्प भी अब थारू शिल्पग्राम और स्थानीय स्टालों के माध्यम से पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन उत्पादों को ठहराव स्थल भी उपलब्ध कराया जाएगा। ये उत्पाद केवल वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि एक जीवित परंपरा की कहानी कहते हैं। ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड थारू समाज की लोकनृत्य और संगीत परंपराओं को भी सामने लाने का प्रयास कर रहा है। सखिया, देवली, धमार, झुमरा और होरी गीत जैसे लोक नृत्य और गीत अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए पर्यटकों तक पहुंचाए जाएंगे। यह न केवल यात्रियों के अनुभव को समृद्ध करेगा, बल्कि कलाकारों को मंच और सम्मान भी दिलाएगा। इको-पर्यटन बोर्ड थारू समाज को होमस्टे स्थापित करने और पहले से बने होमस्टे में सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

### पति की दीर्घायु व अखंड सौभाग्य के लिए रखे जाने वाला वट सावित्री व्रत आज

**लखनऊ।** 26 मई सोमवार को वट सावित्री व्रत मनाया जाएगा। यह व्रत ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को रखा जाता है। इसी दिन सोमवती अमावस्या का संयोग भी बन रहा है। व्रत को लेकर सुहागन महिलाओं में खास आस्था है। मान्यता है कि इस दिन सावित्री की तरह कठोर तप कर महिला अपने पति के जीवन में सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है। लखनऊ समेत देशभर के तीर्थों और वट वृक्ष स्थलों पर विशेष तैयारियां हो चुकी हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, सावित्री ने अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से वापस पाने के लिए कठोर तप और व्रत किया था। तभी से यह व्रत पतिव्रता धर्म और नारी संकल्प का प्रतीक बन गया। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं और वट वृक्ष (बरगद) की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं।

# छत पर सो रही महिला पर तेंदुए ने किया हमला, मौत

## कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से सटे गांवों में निरंतर बढ़ रहे हैं तेंदुओं के हमले, घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा निवासी महिला पर छत पर सोते समय आधी रात में तेंदुए ने हमला कर मार डाला। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ महिला के शव को लेकर नीचे कूद गया। हालांकि पीछा करने पर शव छोड़कर वह जंगल की ओर चला गया। जानकारी होने पर पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग से सटे गांवों में तेंदुओं के हमले निरंतर बढ़ रहे हैं। वन विभाग के प्रयास के बाद भी हमलों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

वन प्रभाग के सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा निवासी जाहिरा अपने बच्चों के साथ शनिवार रात को छत पर सो रही थी। रात एक बजे तेंदुआ छत पर चढ़ गया और महिला पर हमला बोल दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर बच्चे भी जग गए, लेकिन तेंदुए के हमले में महिला की मौत हो गई। उसके बाद महिला के शव समेत तेंदुए ने छत से नीचे छलांग लगा दी। ग्रामीणों के हांका लगाने पर तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर सुजौली वनक्षेत्राधिकरी रोहित कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुजौली पुलिस भी मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंजर रोहित कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर परिजनों को 5000 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।



### पहले भी तेंदुए ने ली दो बच्चों की जान

गांव में तेंदुए का यह पहला हमला नहीं है। पिछले दो सालों में इसी परिवार के दो बच्चों शिबू (8) और आयशा (5) की जान तेंदुए के हमले में जा चुकी है। 8 महीने पहले इसी गांव की सायबा (10) को तेंदुए ने घायल कर दिया था। 2 महीने पहले थारू पुरवा गांव में बच्चे की मौत के बाद एक तेंदुआ पकड़ा गया था। हाल में मोहकमपुरवा में भी एक तेंदुआ पकड़ा गया।



**तेंदुए ने मेरे सामने मां को मार डाला**

बेटी नगमा ने बताया मां के साथ सो रही थी देर रात छत पर तेंदुआ न जाने कहां से आ गया। तेंदुआ मुझ पर अटैक करने वाला था लेकिन मां मुझे बचाने के लिए तेंदुए के आगे आ गई। मेरी भी आंख खुल गई मां ने शोर मचा कर तेंदुए को भगाने की कोशिश की इतने में तेंदुए ने मां का पैर पकड़ लिया और खींचने लगा। मैंने मां का हाथ पकड़ लिया और बचाव बचाव चिल्लाने लगी तभी तेंदुए ने मेरी ओर झपट्टा मारा मेरे हाथ से मां का हाथ छूट गया। इतनी देर में तेंदुआ मां को जबड़े में दबाकर छत से कूद गया। फिर घर के पीछे गन्ने के खेत में खींच ले गया। शोर सुनकर पापा और गांव के लोग पहुंचे फिर लाठी फटकार तेंदुए को भगाया। नगमा ने कहा मैंने बहुत कोशिश की लेकिन मां को नहीं बचा पाई मेरे सामने ही तेंदुए ने उन्हें मार डाला।



**डब्ल्यूटीआई-डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम पहुंची, गांव मे लगाया जा रहा पिंजरा**

वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम गांव में पहुंची उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात के समय छत पर न सोने की सलाह दी। डब्ल्यूटीआई के कोऑर्डिनेटर संजय सिंह ने बताया वन विभाग की ओर से तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव में पिंजरा लगाया जा रहा है।

# जरवल में 10 कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के व्यापार को रोकने एवं विभिन्न माध्यमों से मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में मत्स्य विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है।

शनिवार को सांय लगभग 07:00 बजे सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. कुमार के नेतृत्व में जरवल रोड के निकट संचालित अभियान के दौरान शक की बिना पर एक पिकअप वाहन की तलाशी के दौरान लगभग रू. 1.5 लाख मूल्य की 10 कुण्टल प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद हुई। छापेमारी के दौरान बरामद की गई प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को गड्ढा खुदवाकर नमक डालकर बिनिस्टिकरण करा दिया गया। उक्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई। पूछताछ के दौरान पिकअप चालक द्वारा बताया गया कि उसने यह मछली लखनऊ से नानपारा ले जाने के लिए लोड की है।



सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. कुमार ने बताया कि ग्रीन ट्रिब्यूनल और भारत सरकार ने वर्ष 2000 में विदेशी थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस मछली के खाने से कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग जैसी बीमारियां जनित होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिबंधित मछली विक्रेताओं की सूचना यदि किसी को मिलती है तो वह विभाग को सूचित करे। उसका नाम गोपनीय रहेगा। छापेमारी की कार्यवाही के दौरान पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक रोशन सिंह, मुख्य आरक्षी धीरेन्द्र कुमार यादव, आरक्षी. राम सागर वर्मा एवं मत्स्य विभाग के कार्मिक शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### परिवार परामर्श केन्द्र में दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़ा को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण- गंगाधर शुक्ला, राजमंगल मोर्या, शशी भारती, महिला थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह, म0आ0 ज्योति राजभर, म0आ0 शाहिना बानों, म0का0 नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

### ऊर्जा मंत्री ने किया नये नगर पंचायत अटल भवन धानेपुर का उद्धाटन



**मुजेहना/गोंडा, समृद्ध न्यूज।** धानेपुर के इंदिरा नगर स्थित नवनिर्मित अटल भवन नगर पंचायत धानेपुर का उद्घाटन नगर विकास एवं ऊर्जा राज मंत्री एके शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया इसी के साथ 51 नई परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया गया। मंत्री द्वारा इस नए भवन के निर्माण को लेकर बड़ी प्रशंसा की गई और कहा कि यह आधुनिक तरीके से सुसज्जित है। मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया की भी प्रशंसा की गई जिनके प्रयासों द्वारा इस नगर पंचायत भवन का निर्माण हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा देवी वर्मा और उनके प्रतिनिधि मंसाराम वर्मा तथा समस्त सभासदों विधायक द्वारा मंत्री जी को माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में कई स्थानों से आए विधायक गण प्रशासन के अधिकारी व ग्राम सभाओं के प्रधान सांसद जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में जनता उपस्थिति रही जगह-जगह पर पुलिस प्रशासन सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रहा।

### 12वीं में रूद्र प्रताप सिंह ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक प्राप्त



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज निवासी रूद्र प्रताप सिंह पुत्र अखंड सिंह ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सीमित संसाधनों के बलबूते सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित 12वीं परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार को गर्वित होने का अवसर प्रदान किया मेधावी छात्र रूद्र प्रताप गोंडा जिले के एआईएमएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र के रूप में यह योग्यता अर्जित की है। रूद्र प्रताप एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हुए सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित कर पढ़ाई को बोझ नहीं अपितु लक्ष्य साध्य के रूप में आत्मसात किया। रूद्र प्रताप ने बिना किसी महंगी कोचिंग या विशेष सुविधा के यह सफलता खुद की मेहनत, लगन और अनुशासन से हासिल की है। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से उन्हें प्रतिभावान छात्र के रूप सम्मानित भी किया है। रूद्र प्रताप का सपना है कि वह आगे चलकर न्यूरोसर्जन बने और चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सक बन समाज की सेवा करें, उन्हें जीवविज्ञान विषय में विशेष रुचि है और वे मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी में भी लगे हुए हैं। रूद्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है। उनकी सफलता न केवल परिवार और स्कूल के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में भी बड़ा सोचने का साहस रखते हैं।

### विशेश्वरगंज से पयागपुर तक गूंजा भारत माता की जय



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** देश की सरहद पर भारतीय सेना की अदम्य वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता का जश्न अब गांव-गांव, गली-गली तक पहुंच चुका है पयागपुर विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति का ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। विशेश्वरगंज से पयागपुर तक सैकड़ों बाइक सवार कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। सड़कों पर लहराते तिरंगे, गूंजते देशभक्ति के नारों और जोश से लबरेज युवाओं की टोलियों ने माहौल को देशप्रेम के रंग में रंग दिया। इस भव्य यात्रा का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक शसुभाष त्रिपाठी ने किया। भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों से गूंजते इस तिरंगा यात्रा ने यह संदेश दिया कि जब बात देश की हो, तो हर दिल एक सुर में धड़कता है। यह यात्रा केवल एक रैली नहीं थी, बल्कि भारत की सैन्य शक्ति, जनता की एकता और देशभक्ति की जीवंत झलक थी।

# फिरोज हैदर के नेतृत्व में स्व. ठाकुर हुकुम सिंह अस्पताल में सफाई सेवा कार्यक्रम सम्पन्न

समृद्धि न्यूज

**कैसरगंज, बहराइच।** रचनात्मक अभियान की मासिक श्रृंखला के अंतर्गत इस रविवार को जिलाध्यक्ष फिरोज हैदर के नेतृत्व में कैसरगंज स्थित स्व. ठाकुर हुकुम सिंह चिकित्सालय परिसर में भव्य सफाई सेवा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में स्वच्छता और सेवा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पूरे अस्पताल परिसर की साफ-सफाई कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दोपहर 12 बजे आरंभ हुए इस आयोजन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। फिरोज हैदर ने नेतृत्व करते हुए कहा, स्वच्छता अभियान केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया है। जब संगठन और समाज एक साथ आएं, तो हर परिवर्तन संभव है।÷इस



अवसर पर प्रान्त महासचिव रजत चौरसिया, बस्ती प्रभारी अनुज पाठक, श्रावस्ती प्रभारी अरुण सिंह, कैसरगंज विधानसभा प्रभारी रमेश मौर्या, सिपाही लाल, तौहीद आलम कैसरगंज बौद्ध प्रांत सह प्रभारी उत्तर प्रदेश, एडवोकेट सलमान, और हसीब उस्मानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रजत चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा, सेवा, संगठन की आत्मा है और ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं।÷अनुज पाठक ने कहा, कार्यकर्ताओं का समर्पण इस बात का संकेत है कि हम सब मिलकर समाज को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में जिला कमेटी व विभिन्न प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी व सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने यह संकल्प लिया कि हर माह इसी तरह रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज में सेवा व स्वच्छता का संदेश पहुँचाया जाएगा।

# पेट्रोल पंप संचालकों के हौसले बुलंद बिना हेलमेट खुलेआम पेट्रोल बिक्री जारी

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिला प्रशासन ने सभी पेट्रोल पंपों को आदेशित किया था कि अगर हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं दिया जाएगा यह आदेश 26 जनवरी 2025 को पूर्णतया लागू कर दिया और आगाह किया कि सुरक्षा पहले ईंधन बाद में हेलमेट पहने और जीवन बचाएं हम आपकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं सिर सलामत तो सब सलामत, सभी पेट्रोल पंपों के संचालकों को सख्त हिदायत प्रशासन द्वारा दिया गया था कि अगर बिना हेलमेट कोई पेट्रोल देता अगर पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी फरमान जारी होते ही पेट्रोल पंप पर होर्डिंग लगवाई गई जिसमें दर्शाया गया कि बिना हेलमेट किसी को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा शुरुआत में देखा गया कि बिना हेलमेट पेट्रोल मिलना बंद हो गया और जो बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचते थे उनका बिना पेट्रोल भरवाए बैरंग



वापस लौटना पड़ा बीच-बीच में ट्रैफिक पुलिस द्वारा पेट्रोल पंपों को चेक करके कुछ बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते हुए चालान भी काटा गया 7 गौरतलब हो की स्थिति आज विपरीत दिखाई देती है प्रशासन के फरमान की खुलेआम धज्जियां पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल देकर सरेआम उड़ाई जा रही है सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन कोई ठोस कदम उठाने के बजाय मूक दर्शक बना सारा तमाशा देख रहा है इस ढुलमुल रवैये से पेट्रोल संचालकों के हौसले बुलंद हो रहे है और प्रशासन का फरमान बौना साबित हो रहा है।

# जिला आपूर्ति अधिकारी के आदेशों के बावजूद नहीं हो रहा राशन वितरण

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** ब्लाक विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मझौवा बनकट में कोटेदार कमल सिंह द्वारा जिला आपूर्ति अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अब तक मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) से राशन वितरण प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रशासन द्वारा मॉडल शॉप को उचित दर वितरण केंद्र के रूप में क्रियाशील करने के लिए सभी आवश्यक निर्देश और आधारभूत संरचना पहले ही उपलब्ध करा दी गई है। जानकारी के अनुसार, मनरेगा योजना के अंतर्गत बने मॉडल शॉप को सक्रिय करने के लिए उपजिलाधिकारी पयागपुर द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को पत्र भी जारी किया जा चुका है, ताकि वहां से कार्डधारकों को आवश्यक वस्तुएं वितरित की जा सकें। कोटेदार अब भी पुरानी सरकारी दुकान से ही राशन का वितरण कर रहा है। सैकड़ों लाभार्थियों को असुविधा हो रही है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि कोटेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और मॉडल शॉप से शीघ्र राशन वितरण सुनिश्चित कराया जाए।

# मोटरसाइकिल चोर सक्रिय, पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगा प्रश्न चिन्ह

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** शहर क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरों के आगे नगर पुलिस बेबस नजर आ रही है।एक के बाद एक मोटरसाइकिल चोरी हो रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।एक भी मामले का खुला सा अब तक नहीं हो पाया है। औसतन प्रत्येक चार दिन पर शहर में एक बाइक चोरी की घटना हो रही है। एक सप्ताह में अब तक करीब आठ बाइक की चोरी हो चुकी है।

नगर पुलिस बरामदगी तो दूर किन कारणों से चोरी की घ टनाएं बढ़ी हैं इसका भी अब तक पता नहीं लगा पाई है। कई मौके पर चोरी की प्राथमिकी नहीं लेने की शिकायत भी लोग करते हैं। बताया जाता है शहर में मोटरसाइकिल का गिरोह है जो घटना को अंजाम दे रहा है। चोर पहले रेकी करता है फिर घटना को अंजाम देता है। हालांकि चोरी गये अधिकतर बाइक मालिक का कहना है लाक रहने के बाद भी बाइक चोरी हो गयी। दूसरी ओर पूर्व में समय-समय में स्थान बदलकर नियमित रूप से वाहन चे किंग भी लगातार हो रही है। दूसरी ओर शहर में

**हाल में हुई चोरी की कुछ घटनाएं**

शमशाद हुसैन अपने परिचित रिज वान खान को देखने के लिए एससी पीएम हॉस्पिटल अभी आए हुए और मोटरसाइकिल को बाहर खड़ी करके अपने दोस्त रिजवान को देखने ओपीडी में चले गए उसके कुछ देर बाद दोबारा वापस आए तो मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। पीएम हॉस्पिटल अभी आए हुए और मोटरसाइकिल को बाहर खड़ी करके अपने दोस्त रिजवान को देखने ओपीडी में चले गए उसके कुछ देर बाद दोबारा वापस आए तो मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।

मोटरसाइकिल चोरी की वारदात जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल, एसपीएम हॉस्पिटल, कृष्णा हॉस्पिटल, बी मार्ट शॉपिंग कंपलेक्स, न्या यालय परिसर के आसपास ज्यादा हो रही है। इस के अलावा मेडिकल कॉलेज कालेज में भी मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं हुई हैं। इस संबंध में पुलिस का कहना है मोटरसाइकिल चोरों के खिला फ कार्रवाई की जा रही है। चोरों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# समर कैंप में रुचि लेकर प्रतिभाग कर रहे बच्चे : आशीष कुमार सिंह

**बहराइच।** शासन के निर्देश पर जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के निर्देशानुसार जारी रोस्टर के आधार पर 21 मई से 10 जून तक समर कैंप चलाया जायेगा। जनपद के सभी विकास खंडो में विद्यालय वार लगाई गई ड्यूटी के आधार पर शिक्षामित्र तथा अनुदेशक संबंधित विद्यालय में सुबह 7 बजे से 10 बजे तक समर कैंप का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें योग कार्यक्रम खेल की दुनिया, जादुई गणित प्राकृतिक वातावरण मे अभिरुचि पैदा करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का प्रयोग कर रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय में चलाए जा रहे हैं समर कैंप मैं बच्चों की अभिरुचि पैदा हो उनके लिए न्यूट्रिशन की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ अभिभावकों से भी मदद ली जा रही है।

# जिला कृषि अधिकारी के औचक निरीक्षण में एक का लाइसेंस निलंबित, दो से मांगा स्पष्टीकरण

**बीज बिक्री में अनियमितता होने पर लाइसेंस होगा निलंबित : जिला कृषि अधिकारी**

समृद्धि न्यूज

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिला कृषि अधिकारी बहराइच की प्रवर्तन टीम द्वारा रविवार को नानपारा, रुपईडीहा एवं बाबागंज क्षेत्र में बीज विक्रेताओं के यहां आकस्मिक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पटेल बीज भंडार नानपारा, गिरी बीज भंडार नानपारा, आदर्श बीज भंडार नानपारा, सिंह बीज भंडार बाबागंज, किसान सेवा केंद्र बाबागंज, हेमराज वर्मा ट्रेडर्स बाबागंज के यहां निरीक्षण किया गया।

छापेमारी के समय मौर्य बीज भंडार नानपारा के अभिलेख अपूर्ण, एवं बीज का स्रोत संदिग्ध होने के कारण लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। निरीक्षण के समय अजय बीज भंडार रुपईडीहा और बर्मा बीज भंडार



बाबागंज के अभिलेख अपूर्ण होने एवं कृषको को कैश मेमो रशीद दिए जाने में अनियमितता बरतने पर कारण, कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। विक्रेताओं से संतोष जनक जवाब न मिलने पर बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोरतम कार्वाही की जाएगी।

प्रवर्तन टीम के आकस्मिक निरीक्षण से दुकानदारों में हलचल मच गई द्य साथ ही जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि सभी बीज विक्रेता बीज बिक्री के समय सभी कृषकों को कैश मेमो रशीद अवश्य दें एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज की ही बिक्री करें । जनपद के सभी किसान भाई बीज खरीदते समय दुकानदार से कैश मेमो रशीद अवश्य लें, जिससे यदि बीच की गुणवत्ता में किसी पर भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित बीच कंपनी एवं विक्रेता पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# आपत्तिजनक अवस्था में भाजपा जिलाध्यक्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमरकिशोर बम-बम एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही बीजेपी जिलाध्यक्ष वायरल वीडियो को लेकर विवादों में घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में उन्हें एक महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थि ति में बताया जा रहा है।कि यह वीडियो भाजपा कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुआ हैं।

**बीजेपी जिलाध्यक्ष ने दी सफाई**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर सफाई देते हुए अमरकिशोर बम बम ने कहा, यह वीडियो मेरा ही है, और 12 अप्रैल 2025 का है।उस दिन एक महिला कार्यकर्ता की तबीयत अचानक खराब हो गई थी।उसे चक्कर आ रहे थे,और वो कुछ देर आ राम करना चाहती थी।मैंने मानवीय आधार पर उसे सहारा दिया था।

बीजेपी जिलाध्यक्ष अमर किशोर बम बम ने कहा कि यह साजिश उन लोगों की है जो नहीं चाहते कि वे जिले में पार्टी जिलाध्यक्ष बने रहें। कुछ लोग लगातार मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं उन्होंने ही यह आरोप लगाया है।



### संगठन ने लिया संज्ञान, भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट

बीजेपी संगठन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर वायरल वी डियो को लेकर पार्टी हाईकमान को अवगत करा या गया है।एक गोपनीय पत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को भेजा गया है,जिसमें शिकायत और तथ्यों का उल्लेख किया गया है।अब पार्टी नेतृत्व की ओर से आगे की कार्रवाई का इंतजार है। इस घटना ने बीजे पी की जिला इकाई को असहज स्थिति में डाल दि या है और संगठन की छवि पर भी सवाल खड़े कि ए गए हैं।

**निरीक्षण** | नोडल अधिकारी दीपा रंजन ने मिहीपुरवा में बाल पुष्टाहार निर्माण इकाई का किया निरीक्षण

# नोडल अधिकारी ने जानी बाल पुष्टाहार, गौशाला व जल जीवन मिशन की हकीकत

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विकासखंड मिहीपुरवा में पूर्व निर्धारित निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी दीपा रंजन आईएएस प्रबंध निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा मिहीपुरवा में बाल पुष्टाहार निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। तथा निर्माण इकाई द्वारा उत्पादन एवं वितरण का लेखा-जोखा जांच तथा कार्य कर रही समूह की महिलाओं से जानकारी प्राप्त की।

निर्माण इकाई के निरीक्षण के बाद एमडी द्वारा सेमरहना गौशाला पहुंचकर गौशाला का निरीक्षण किया। तथा गौ माता को गुण एवं केला खिलाया तथा विधवत पूरे गौशाला का पानी, भूसा एवं रखरखाव का निरीक्षण कर पशु डॉक्टर जयप्रकाश से जानकारी प्राप्त कर की इस दौरान ग्राम प्रधान चंद्रदेव उपस्थित रहे। गौशाला निरीक्षण के बाद उर्रा ग्राम पंचायत में जल जीवन निगम



से बनी पानी की टंकी एवं वाटर सप्लाई हेतु बिछाई गई पाइप लाइनों का निरीक्षण तथा टंकी परिसर में मौजूद ग्रामीणों से वार्तालाप चौपाल के माध्यम से किया।

तथा जल निगम द्वारा पानी कनेक्शन एवं अन्य सुविधा आसुविधा के विषय पर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने एमडी से शिकायत भी की तथा पानी बराबर ना मिलने का कष्ट भी बताया परंतु मौजूद जल निगम के अधिकारी ने बताया कि बिजली के वोल्टेज कम होने की वजह से दिक्कत आ रही है जल्द ही सोलर प्लांट से मोटर चला कर पानी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद, खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव, वीडीओ पंचायत अशफाक अहमद,ग्राम पंचायत सचिव अनुज पाल, संदीप चौधरी ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण तथा संबंधित विभागों के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 56 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान किया नियुक्त पत्र



कोविड काल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया था बहुत अच्छा काम : सरोज सोनकर

बहराइच समृद्धि न्यूज। विकास खंड के सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बलहा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा और बलहा परियोजनाओं में क्रमश 38 व 18 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद अक्षयवार लाल गोंड ने संयुक्त रूप से नियुक्त पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने खुशी का इजहार किया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्षय पर लाल गोंड ने ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा सौरभ एवं जिला परियोजना अधिकारी राजकपूर की उपस्थिति में नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्त पत्र प्रदान किया और उनका उत्साहवर्धन किया। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पूरे जोश से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर ने कहा कि कोविड काल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बहुत अच्छा काम किया था। नव चयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं वह भी अच्छा कार्य करेंगी , तभी उनका भविष्य उज्जवल रहेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अक्ष्यवार लाल गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मिलकर देश को आगे बढ़ा रहे हैं उनके द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का काम करेंगी। इस जनपद का नाम होगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा सौरभ, राम सरोज पाठक,प्रभुनाथ गौतम , दिलीप वर्मा, शिवकुमार शुक्ला, गणेश वर्मा जिला परियोजना अधिकारी राज कपूर बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत

- दो भाई और भतीजे की मौत..., एक को बचाया गया
- सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए तत्काल राहत के निर्देश
- गंगा में अस्थि विसर्जन करते समय हुआ हादसा



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ घाट पर गंगा नदी में अस्थि विसर्जन करने आए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 4 युवक गंगा नदी में नहाने गए थे, गहरे पानी में जाने के कारण 4 डूबने लगे। 4 युवकों में से एक को बचा लिया गया है, जबकि तीन की पानी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डलमऊ के रानी शिवाला घाट के सामने गंगा स्नान के दौरान तीन युवकों की मौत हुई है। चार युवक गंगा में नहा रहे थे। एक के बाद एक सभी डूबने लगे। इसमें से एक को बचा लिया गया, जबकि तीन की डूबकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यहां युवक नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए थे। मरने वाले तीनों अमेठी के जगदीशपुर के रहने वाले हैं।

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान का लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हर मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।


CM Office, GoUP
@CMOfficeUP
#UPCM @myogiadityanath ने जनपद रायबरेली में गंगा में डूबने से हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।
मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।
Translate post
10:34 am · 25 May 25 · 780 Views

**अमेठी जिले के रहने वाले थे सभी मृतक:** जगदीशपुर थाने के पालपुर निवासी चंद्रमा कौशल, चंद्र कुमार कौशल, चंद्र प्रकाश, विधि चंद्र कौशल, बाल चंद्र कौशल, घरम चंद्र कौशल, आयुष कौशल, अनिल कौशल और आर्या डलमऊ के रानी शिवालाघाट के पास स्नान करने के लिए आए थे। सभी लोग स्नान कर रहे थे। इस दौरान चंद्र कुमार कौशल (60), बाल चंद्र कौशल (42) और आर्या (17) गहरे पानी में चले गए। इस कारण तीनों की डूबकर मौत हो गई। घटना से घाट पर हड़कंप मच गया। लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दो दिन पूर्व हुई थी पिता की मौत

बीते शुक्रवार को चंद्र कुमार कौशल के पिता राम किशोर की मौत हो गई थी जिनका अंतिम संस्कार वही सुल्तानपुर में किया गया था रविवार को सभी परिवारी जनों के साथ अस्थि विसर्जन के लिए डलमऊ के गंगा घाट पर पहुंचे थे और अचानक घटना घटित होने से तीन और जिंदगी काल के गाल में समा गई।

### पिता-पुत्र की मौत से बुझा घर का चिराग

अस्थि विसर्जन के लिए आए बालचंद कौशल के साथ उनका इकलौता 12 वर्षीय बेटा आर्यांस भी था जो अपने पिता के साथ आया हुआ था लेकिन दोनों की घटना में मौत हो गई आर्यांस की दो बड़ी बहन है।

### घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के होते इंतजाम तो बच सकती थी जान

डलमऊ में गंगा में डूब कर पूर्व में कई लोगों की मौत हो चुकी है जिससे कई घरों का चिराग बुझ चुका है उसके बावजूद बीच छेत्री प्रशासन घटनाओं को रोकने के लिए कोई कड़े इंतजाम नहीं कर रहा है लोगों का कहना है कि घाटों पर सुरक्षा उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए जाने चाहिए जिससे गंगा में स्नान करने आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके और किसी अनहोनी से बचा जा सके जनप्रतिनिधियों ने पूर्व में कई बार गंगा नदी में बैरीकेटिंग कराए जाने एवं सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम की मांग कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# लू की लपटों में राहत की ठंडी सांस देंगें कूलिंग प्वॉइंट्स



- बेड, सोफा, कुर्सी, पंखा, कूलर सहित मटके का ठंडा पानी मिलेगा
- राहगीरों और मजदूरों के लिए लाभकारी होगा कूलिंग प्वॉइंट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

आंधी-बारिश के बाद हीट वेव की आशंका फिर बन रही है। रविवार को दिन का पारा 35 डिग्री पहुंच गया। हीट वेव को देखते हुए आमजन को राहत देने के लिए नगर पालिका क्षेत्र में डीएम हर्षिता माथुर के निर्देश पर पांच कूलिंग प्वाइंट बनाए गए हैं। टेण्ट के बने अस्थायी कूलिंग पाइंट को चारों तरफ से ढका गया है जिसमें कूलर, ठण्डे पानी के लिए वाटर कूलर तथा बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है।जिससे राहगीरों, श्रमिकों, रिक्शा चालकों और फुटपाथ पर काम करने वाले लोगों को राहत मिल रही है। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है जो पूरे दिन खुले में कार्य करते हैं। शहरवासी दोपहर की तपती धूप में इन रैनबसेरों में ठहर कर आराम कर सकते हैं और हीट वेव से खुद को बचा सकते हैं।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावा महाराजगंज रोड पर थुलेडी गांव के पास दो बाइको की आमने–सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल विजय सिंह पुत्र देशराज सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मोन थाना महाराजगंज अपने साथी अतुल सिंह पुत्र जय सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मोन थाना महाराजगंज के साथ लखनऊ से अपने गांव मोन जा रहे थे। जैसे ही वह बछरावां से महाराजगंज जाने वाले मार्ग पर थुलेडी गांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार सहदेव पुत्र स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद उम्र 42 वर्ष निवासी मलिकपुर सरैया जो बबुरिया खेड़ा की बाजार में सब्जी बेचने के लिए जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइके थुलेडी गांव के पास पहुंची तभी दोनों में आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक पर सवार तीनों को गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आस–पास मौजूद लोगों के द्वारा एंबुलेंस को दी गई सूचना के आधार पर एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने तीनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात सहदेव की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### पोल के स्टे वायर में करंट से युवती झुलसी

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत अटरा मजरे हरदोई गांव में विद्युत पोल के स्टे वायर में उतर रही करंट की चपेट में आने से युवती झुलस गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की घायल युवती कविता पुत्री मंगली प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी अटरा हरदोई अपने घर के बाहर विद्युत पोल के पास कुछ कार्य कर रही थी। तभी विद्युत पोल में लगे स्टे वायर जो विद्युत पोल के लिए जमीन से लगाया जाता है। उसमें आ रहे करंट की चपेट में वह आ गई और झुलस गई। घायल अवस्था में पारिवारिक जनों के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुँचाया गया। जहाँ मौजूद चिकित्सक गणनायक पांडे ने उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से फेरी लगाने वाला अधेड़ घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से फेरी लगाने वाला एक मोटरसाइकिल सवार अधेड़ घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल अशोक पुत्र देवी सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी जमालपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात थाना क्षेत्र में अपनी मोटरसाइकिल से गाँव गाँव फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता है। परंतु जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बा अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा सूचना एंबुलेश को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेश के द्वारा घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उसका प्राथमिक उपचार किया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से ड्राइवर की हुई मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** ट्रैक्टर ड्राइवर की हुई मौत। महराजगंज थाना क्षेत्र के पासिन का पुरवा मंज़रे कुबना गांव का युवक तेज भवन पुत्र मंगल उम्र 32 वर्ष सुबह लगभग 5:00 बजे ट्रैक्टर लेकर हलोर की तरफ जा रहा था। तभी अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर जिस साइड में चल रहा था उसकी दूसरी साइड में पहुंच गया और खाई में जा गिरा वहीं ट्रैक्टर के टायर की चपेट में आने से तेज भवन पुत्र मंगल उम्र 32 वर्ष की मौत हो गई घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को पहुंची मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### साफ व स्वच्छ नगर हो अपना, यही है सपना: प्रभात साहू



**महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा आजाद नगर वार्ड नंबर 1 में डस्टबिन घर–घर पहुंचकर बांटे गए सभासद राजकुमारी प्रतिनिधि दिनेश एवं गणेश टेंट हाउस के साथ मिलकर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहां एक भी घर छूटेगा नहीं सभी घरों में डस्टबिन देने का कार्य लगातार युद्ध स्तर पर जारी है। आज आजाद नगर वार्ड नंबर 1 सभासद प्रतिनिधि दिनेश तथा गणेश टेंट हाउस के साथ मिलकर डस्टबिन बांटने का कार्य किया गया है जो लगातार महाराजगंज नगर पंचायत के हर वार्ड में जारी। हमारा उद्देश्य नगर पंचायत में साफ सफाई का कार्य अव्वल नंबर पर दिखाई पड़े इसके लिए दिन–रात सफाई कर्मी और हम सभी लगे हुए हैं और घर–घर पहुंचकर डस्टबिन दी जा रही है जिससे कि नगर में कहीं पर भी कूड़ा करकट ना दिखाई पड़े और स्वच्छ और सुंदर महराजगंज दिखाई दे।

### अभिजीत श्रीवास्तव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, भारतीय सेना में हुए चयनित

**रेहराबाजार/बलरामपुर।** बलरामपुर जनपद के नौवाकोल गांव निवासी अभिजीत श्रीवास्तव ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेन्स सर्विस एग्जामिनेशन (CDSE) 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 430वीं रैंक हासिल की और भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुए। अभिजीत की इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों, शिक्षकों और परिजनों ने मिठाइयाँ बाँटकर खुशी मनाई। अभिजीत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जीसस मैरी स्कूल बलरामपुर से प्राप्त की थी और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लखनऊ का रुख किया। कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर उन्होंने यह प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया। अभिजीत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता दुष्यंत श्रीवास्तव (लेखपाल) व माता इंदु श्रीवास्तव और गुरुजनों को दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि न केवल अभिजीत और उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अभिजीत के इस सफलता पर वेद प्रकाश श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, ओमप्रकाश जायसवाल, अमरेश श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अवधेश उपाध्याय (प्रधान), लवकुश उपाध्याय, चंद्रहास सिंह, आलोक श्रीवास्तव, योगेश श्रीवास्तव, अवधेश गुप्ता, बिष्णु गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता आदि ने बधाइयां दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला विवाहिता का शव

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बिंदा सिंह का पुरवा मजरे कोरिहरा गांव में रविवार की सुबह एक महिला का शव टीन सेट में फांसी के फंदे के सहारे लटकता मिला। मृतका की पहचान कमलेश कुमारी पत्नी रजोल उम्र लगभग 27 वर्ष के रूप में हुई है। जैसे ही घटना की जानकारी क्षेत्र में हुई तो हड़कंप मच गया,घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने 9 साल पहले राजोल के साथ प्रेम विवाह किया था।परिवार ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची



पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के अनुसार पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# समर कैंप में पहुंचकर डॉक्टरों ने दी बच्चों को दवाइयों की जानकारी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज सीएचसी पीएचसी के डॉक्टरों की टीम द्वारा समर कैंप में बेसिक लाइफ सपोर्ट सीपीआर एवं आकस्मिक उपचार में काम आने वाली दवाई की जानकारी डॉक्टरों द्वारा दी गई। राजकीय हाई स्कूल जनई चन्दापुर महराजगंज में दी गई तो वहीं राजकीय बालिका हाई स्कूल मऊगर्वी में जानकारी दी गई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महराजगंज में जानकारी दी गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज पारां कला में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉक्टर अनुज सिंह इबरार अहमद डॉक्टर मधु अवस्थी महिमा श्रीवास्तव डॉक्टर कुशा मलिक अमर सिंह हुमा कौशर संतोष कुमार वर्मा द्वारा विद्यालय के बच्चों को जानकारी दी गई।



# पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने चन्दापुर थाने का किया उद्घाटन

**चन्दापुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने चन्दापुर थाने का किया उद्घाटन। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार शाम करीब 4:30 बजे चन्दापुर थाने पहुंचे जहां सबसे पहले उन्हें बुके देकर रायबरेली जिला अधिकारी हर्षिता माथुर एवं रायबरेली पुलिस कप्तान डॉक्टर यशवीर सिंह ने स्वागत और सत्कार किया वही पुलिस महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया उसके बाद पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने फीता काटकर थाने का उद्घाटन किया वही इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रायबरेली जिले से हमारा पुराना नाता रहा है हमारे बड़े भाई यहां के डीएम रहे हैं तब मैं रायबरेली आता रहा हूं और साथ ही उन्होंने क्षेत्र की सराहना करते






हुए कहा कि यहां की सड़क जिस तरह की है वह शहर की सड़कों को फेल कर रही है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिशप व्यक्ति पर एक पुलिस वाला होना चाहिए लेकिन यहां पर पुलिस अधिक है और व्यक्ति काम है 23 ग्राम पंचायत के लिए बना थाना आप लोगों को सुरक्षा की पूरी गारंटी देगा वही उन्होंने इस मौके पर चंद्रपुर राजघराने के राजा कौशलेंद्र प्रताप सिंह का भी सरहना करते हुए कहा कि हमारे मित्र हैं तथा आज हम लोग जहां पर बैठे हुए हैं यहां पर थाना खुलने का बहुत बड़ा कारण कौशलेंद्र सिंह है वहीं पुलिस कप्तान ने भी लोगों को संबोधित करते हुए रायबरेली जिला का इतिहास बताया तथा यह अभी बताया कि यहां पर तमाम तरह के व्यापार जो कि बड़े स्तर के हैं डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा किया रायबरेली जिले का 20वां थाना है। वहीं पुलिस महानिदेशक ने चन्दापुर थाना पर वृक्षारोपण भी किया उनके साथ अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन एस बी शिरडकर पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र लखनऊ तरुण गाबा व राजा कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने भी अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया। पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक अपर पुलिस महानिदेशक का स्वागत किया गया पुलिस महानिदेशक को बंदूक भेंट की गई तो एन अतिथियों का भी स्वागत सत्कार सपा और डीएम द्वारा किया गया वहीं जिला अधिकारी हर्षिता माथुर को भी उपहार भेंट कर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने स्वागत और सम्मान किया इसी कड़ी में अधिकारियों द्वारा चौकीदारों को साइकिल और छाता भेंट किए गए। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, सीओ प्रदीप कुमार, कोतवाल जगदीश यादव, चन्दापुर प्रशान्त द्ववेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### टीन सेट में करंट आने से झुलसा किशोर, रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत छोटकवा खेड़ा गांव में किशोर टीन सेट में उतर रही करंट की चपेट में आ गया और झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा घायल अवस्था में उसे निजी वाहन से बछरावां अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि घायल किशोर आर्यन पुत्र सुजीत उम्र 10 वर्ष निवासी इचौली उस समय करंट की चपेट में आ गया। जब वह छोटकवा खेड़ा गांव में टीन सेट के पास खेल रहा था। आनन- फानन में मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य के बछरावां पहुंचाया गया। जहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए मौजूद चिकित्सक जीएन पांडे ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति पर उतरौला में भावपूर्ण आयोजन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को श्री दुःखहरणनाथ मंदिर स्थित पोखरे पर पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा दीप जलाकर पूजन-अर्चन और आरती की गई। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा के जिला संयोजक देवानंद गुप्ता ने की। इस अवसर पर उतरौला के लोकप्रिय विधायक राम प्रताप वर्मा के ज्येष्ठ सुपुत्र प्रिय शशांक वर्मा ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पोखरे पर दीप जलाकर आरती भी की। इस अवसर पर दुःखहरणनाथ बाबा मंदिर के महन्त मयंक गिरि, नगर अध्यक्ष फरीन्द्र गुप्ता, विधानसभा संयोजक



सुधीर श्रीवास्तव, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष रोहित राज गुप्ता, नगर महामंत्री विकास गुप्ता, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री लक्ष्मी गुप्ता और नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा रेखा देवी समेत भाजपा के सभासद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर मातृशक्ति की भी विशेष उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम में महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी के आदर्शों को याद कर उन्हें नमन किया गया।

# बछरावां की सड़कों पर दिखा देशप्रेम एवं राष्ट्रप्रेम का जनसैलाब

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी बछरावां मंडल की अगुवाई में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। यह यात्रा कस्बे में स्थित दयानंद डिग्री कॉलेज के प्रांगण से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख स्थानों से होती हुई कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित बस स्टॉप पर समाप्त हुई। इस यात्रा के मुख्य रूप से अगुवाई कर रहे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिवम मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि देश के प्रति समर्पण ही सबसे बड़ा धर्म है। जिस तरह से हमारे देश की सैनिकों ने दुश्मन देश पाकिस्तान को पुनः एक बार फिर उसकी औकात दिखाई है, वह सेना के अदम्य साहस एवं पराक्रम का ही प्रभाव है। साथ ही



साथ उन्होंने यह भी कहा कि पहले सैनिकों के सिर काटकर पाकिस्तानी सेना ले जाते थे, सरकारे कमजोर थी। उन्होंने कहा मेरे पास जो कुछ भी है सब देश के लिए समर्पित है जब देश ही नहीं रहेगा तो हम कहां रहेंगे। यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ कुवर हनुमंत सिंह, भगवान कुमार अवस्थी, मारुति मिश्रा, रामलाल अकेला, रन्नू सिंह, अजय मिश्रा, सौरमंडल शुक्ला, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह रामजी हरिओम सिंह, अंबेश सिंह, हरिओम चतुर्वेदी, वीरभान सिंह, व्यापारी सुनील सागर, ब्लॉक प्रमुख बछरावा अमन सिंह दउवा, सतीश सिंह, राजकुमार गुप्ता, अर्णव अवस्थी, अजीत सिंह, सुंदर सिंह, उज्ज्वल पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, संभ्रांत नागरिक, व्यापारी बंधु, आमजन मानस एवं हजारों की संख्या में देश प्रेमी मौजूद रहे।

# बनकटवा गांव में अधर में लटका 160.67 लाख रुपए का जल जीवन मिशन

**बीपी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना जमीनी स्तर पर कई जगहों पर अपने उद्देश्य से भटकती नज़र आ रही है। बलरामपुर जिले के उतरौला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बनकटवा इसका ताजा उदाहरण है, जहां 160.67 लाख रुपये की लागत से शुरू की गई पेयजल परियोजना दो वर्षों से अधूरी पड़ी है और ग्रामवासी शुद्ध पेयजल के लिए आज भी संघर्ष कर रहे हैं।

**1200 घरों तक पहुंचनी थी पाइपलाइन से जलधारा, लेकिन नहीं बनी पानी की टंकी:** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस योजना का



मकसद बनकटवा ग्रामसभा के महुआ माधो, फकीरापुर सहित करीब 1200 घरों तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना था। योजना के तहत 250 किली. क्षमता वाली पानी की टंकी का निर्माण भी प्रस्तावित था। दो साल बीत जाने के बावजूद न तो पानी की टंकी बनी, न ही पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो सका।

**अधूरी खुदाई बनी परेशानी का कारण, लोग उठा रहे जोखिम:** गांव के ही राम गरीब बताते हैं कि पाइप लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह जो गड्ढे खोदे गए थे, उन्हें अभी तक भरा



नहीं गया है। इससे रास्तों पर चलना मुश्किल हो गया है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं अब्दुल कादिर का कहना है कि काम की रफ्तार इतनी धीमी है कि जिस वर्क को बाद में शुरू किया गया था, वहां भी कार्य पूरा हो गया है, लेकिन बनकटवा में अभी तक टंकी भी नहीं बन पाई।

मोहम्मद रजा कहते हैं, जल ही जीवन है। स्वच्छ जल न मिलने से बच्चों, बुजुर्गों में डायरिया, टायफाइड, पेट रोग जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। सरकार को चाहिए कि इस कार्य में तेजी लाए, ताकि लोगों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

सुहेल अहमद भी नाराज हैं। वे कहते हैं, पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। जिम्मेदार अफसर और जनप्रतिनिधि गांव की इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। रहमतुल्लाह का कहना है कि सबसे पहले की ग ई कार्य की शुरुआत आज तक पूरा नहीं हो सका जबकि अन्य ग्राम पंचायतों में बाद में की गई और पूरा हो गया ठेकेदार बीच में अधूरा छोड़ कर फरार हो गया जिससे ग्रामीणों के मंशा पर पानी फिर गया है। परियोजना को शीघ्र पूरा कराना निहायत जरूरी है।

मुकीम अहमद ने कहा कि परियोजना को लेकर न विभागीय अधिकारियों की नियमित निगरानी हो रही है और न ही ठेकेदार को कोई जवाबदेही का डर है। दो वर्षों में जहां अन्य गांवों में पेयजल योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, वहीं बनकटवा के ग्रामीण आज भी निजी हैंडपंपों और कुओं पर निर्भर हैं। इस विषय में जब संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेनी चाही गई, तो अधूरी जानकारी देकर पल्ला झाड़ लिया गया। कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया कि काम अब तक क्यों लंबित है और कब तक पूरा होगा।

**विकास के वादे और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर:** हर घर जल का सपना गांव-गांव तक पहुंचाने की जो कोशिशें कागजों में दिखाई देती हैं, बनकटवा गांव की स्थिति उससे ठोस रूप में भिन्न है। सरकारी धन खर्च हो चुका है, लेकिन ग्रामीणों को न तो स्वच्छ जल मिल रहा है और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसा। यह मामला जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और मीडिया की सक्रियता की मांग करता है, ताकि ग्रामीणों को उनका मौलिक अधिकार-स्वच्छ जल शीघ्र मिल सके।

## सच को स्वीकारा

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अमेरिका की लड़ाओं वाली नीति पर खासा भड़के हुए हैं। ख्वाजा आसिफ का एक वीडियो वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो कब का है, इसके बारे में फिलहाल हमारे पास पुख्ता सबूत नहीं है किन्तु विडियो में ख्वाजा आसिफ कह रहे हैं कि दुनिया में हर जगह होने वाले युद्ध अमेरिका की देन हैं। अमेरिका दो देशों में युद्ध कराता है, दुनिया में कहीं भी जंग भड़काता रहता है और फिर उसमें अपने हथियार बेचकर पैसा कमाता है। जब दोनों देश लड़कर बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है तब अमेरिका उनकी मध्यस्ता कराने के लिए अपनी चौधराहट दिखाता है। तब तक दोनों देशों को अपने किए पर पछताने के सिवा कुछ हाथ नहीं लगता। अमेरिका पर जबरदस्त खीझ निकालते ख्वाजा आसिफ कहते हैं कि पिछले 100 सालों में उसने 260 युद्ध लड़े हैं, जबकि चीन ने सिर्फ 3 लड़े हैं और अमेरिका अभी भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, अभी भी पैसा कमा रहा है। उन्होंने कहा है कि उसका सैन्य उद्योग उनके सकल घरेलू उत्पाद का एक बड़ा हिस्सा है। इसलिए उन्हें युद्ध में शामिल होना पड़ता है। कभी यहां, कभी वहां, जब दो देश आपस में लड़ते हैं तो वह कमाता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन, सीरिया, मिस्र और लीबिया में ऐसा ही किया है। ये कभी अमीर देश हुआ करते थे जो अमेरिकी नीति के चलते युद्ध के कारण अब दिवालिया हो चुके हैं। अमेरिका ने इनसे भरपूर कमाई की है। पाकिस्तान भी इससे अछूता नहीं है। पाकिस्तान को भी भारत से लड़ाई के लिए अंदरुनी रूप से उकसाता आ रहा है। जिसमें पाकिस्तान की बर्बादी के सिवा कुछ नजर नहीं आ रहा। दुनिया के अब तब हुए युद्ध परिणाम इसके उदहारण हैं। ऐसे देश हर तरह से बर्बाद हुए हैं, उनका सुकून छिन गया है, जिन्हें सुधरने के लिए वर्षो लगेंगे। ये स'चाई है, दुनिया में अमन चैन और शांति युद्ध से नहीं आ सकती। इसे दुनिया को स्वीकारना होगा। जबकि इस विडियो से पहले भारत के साथ संघर्ष के दौरान यही ख्वाजा आसिफ ने सीएनएन को दिए गये एक इंटरव्यू में बलूचिस्तान के खुजदार जिले में एक स्कूल बस पर हुए हमले में भारत की कथित संलिप्तता को साबित करने के लिए पूरे सबूत पेश करने का दावा किया था। आपको बता दें कि क्वेटा-कराची राजमार्ग पर खुजदार में हुए बम विस्फोट में कथित तौर पर तीन स्कूली लड़कियों सहित छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 40 अन्य घायल हो गए। तब पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने सिरे से खारिज करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आसिफ के दावों पर कहा था कि भारत खुजदार की घटना में भारत की संलिप्तता के बारे में पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को खारिज करता है। किन्तु अब ख्वाजा आसिफ की आत्मा ने उन्हें धिक्कारा होगा। देर ही सही किन्तु उन्हें सद्बुद्धि तो आई जो सच को स्वीकार किया और वीडियो जारी कर हकीकत बयां की। जिस तरह से उनको अब सद्बुद्धि आई है, काश पाकिस्तान के अन्य जिम्मेदारों को भी ऐसी ही सद्बुद्धि आए। सच को स्वीकार करने की दिल में हिम्मत आए।

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्रवाई की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्रवाई की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं, वहीं युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है। भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दीं। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।



**भारत की तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11,414 महिलाएं सेवाएं दे रही हैं। थल सेवा में 7,054 महिलाएं सेवारत हैं। इनमें 1733 महिला अधिकारी हैं। यह आंकड़ा एक जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1,654 अधिकारी सेवारत हैं, जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही हैं। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत हैं, जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1,212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में, 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है।**

भारत की तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11,414 महिलाएं सेवाएं दे रही हैं। थल सेवा में 7,054 महिलाएं सेवारत हैं। इनमें 1733 महिला अधिकारी हैं। यह आंकड़ा एक जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1,654 अधिकारी सेवारत हैं, जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही हैं। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत हैं, जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है। इसी तरह 1,212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में, 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में, 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में, पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत हैं।

पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती हैं और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं।

अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है। सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी हैं, जो मिसाइल चलती है और मोर्चे पर भी जाती हैं। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती हैं और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती हैं। अब महिलाएं डिफेंस भी करती हैं। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती हैं। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी हैं। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी हैं, जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही हैं। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी हैं। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं। रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया। भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती हैं।

## नशे के अपराध का अंधेरा, बर्बाद होती नई नस्ल

**संजीव ठाकुर**

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है।

दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके, शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उम्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते द्यकेंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है।

**विचार**

# होलकर की न्याय व्यवस्था व शासन से सीख लेने की जरूरत

**हरिश्चंद्र श्रीवास्तव**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर का मतलब कठिन संघर्ष, धैर्यशीलता, संयम, धर्मपरायणता, वीरता , बुद्धिमत्ता, प्रशासन, कुशलता ,ओजस्विता, प्रजा वत्सलता, न्याय प्रियता, कुशल नेतृत्व की अद्भुत क्षमता से परिपूर्ण। साथ ही दानशीलता, त्याग, तपस्या, अत्यंत सहजता सरलता के साथ सिद्धांतों के लिए अत्यंत कठोरता और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण। इन सब गुणों को मूर्तमान किया जाय तो वह थीं होलकर साम्राज्य की बहू जिन्हे आदर के साथ भारतीय जनमानस लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर।

उन्होंने जहां शासन करते समय किसी के सामने घुटने नहीं टेके, वहीं मुगलों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए देश भर के सभी धार्मिक स्थलों का पुनर्निमाण कराकर भारतीय सनातन संस्कृति की रक्षा की। आज जब सार्वजनिक जीवन, प्रशासन, न्याय व्यवस्था से लेकर धर्म भी व्यापार बनता जा रहा है तो राष्ट्र हित लोकहित व जनहित में यह नितांत आवश्यक है कि राजनेता व प्रसशानिक अफसरों समेत सभी को लोकमता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से कुछ सीख लेनी चाहिए। 31 मई को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होलकर के धरती पर अवतरण हुए 300 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वर्तमान में महाराष्ट्र के



औरंगाबाद के निकट बीड़ तहसील के चौड़ी गांव के माणकोजी की धर्मपत्नी सुशीलबाई ने 31 मई 1725 को जिस सुकन्या को जन्म दिया, उसके पूज्यनीय वंदनीय धर्मपरायण प्रजावत्सल अत्यंत तेजस्वी ओजस्वी प्रेरक व्यक्तित्व को जनमानस देवी माँ अहिल्याबाई के रूप में भारतीय मनीषा के स्मृति पटल पर देदीप्यमान है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई इतिहास के पन्नो को अमिट स्वर्णाक्षर तो हैं ही साथ ही भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए भारत की सनातन संस्कृति और यहां की धर्म परायण जनता जनार्दन सदैव ऋणी रहेगी।

धर्मपरायण माता पिता के संस्कार महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन का आधार बना। उनको लोकमाता देवी अहिल्याबाई का नाम भारत की धर्मपरायण जनता के मन में उनके कृतित्व व व्यक्तित्व के सम्मान और उनके प्रति असीम श्रद्धा व प्रेम की भाव अभिव्यक्ति है। समूचे भारतीय इतिहास में पौराणिक कथाओं में वर्णित महापुरुषों से लेकर वर्तमान के कालखंड तक उन्हें ही पूज्यनीय, वंदनीय व प्रेरक माना जाता है, जिन्होंने लोककल्याण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। भारतीय संस्कृति व राष्ट्र ने उन्ही का यशोगान किया, जिसने देश समाज व लोकहित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया ।

लोकमाता देवी महारानी अहिल्या बाई होलकर का पूरा जीवन संघर्ष और त्याग का दस्तावेज है। सन 1733 में मल्हार राव होलकर के बेटे खंडेकर राव होलकर के साथ शादी होने के बाद से ही उन्हें अनेक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। वह अपने पति खंडेराव होलकर के साथ कुछ समय ही वैवाहिक जीवन जी पाई थीं। तभी सन 1754 में भरतपुर के डींग में हुए युद्ध के दौरान खंडेराव होलकर वीरगति को प्राप्त हो गए। इससे अहिल्याबाई काफी हिल गईं। उन्होंने उस समय की प्रथा के मुताबिक पति की चिता पर सती होन का फैसला कर लिया था। लेकिन श्वसुर महाराजा मल्हार राव होलकर के काफी समझाने के कारण सती होने के निर्णय को त्याग दिया। सन 1761 में पानीपत के युद्ध में मराठों की हार और मई 1766 को आलमपुर में श्वसुर की मृत्यु के बाद होलकर साम्राज्य को सम्हालने के लिए पुत्र मालेराव का 23 अगस्त 1766 में राजतिलक किया गया। लेकिन 23 वर्ष की अल्प आयु में इकलौते पुत्र का निधन हो गया। इसके बाद दामाद यशवंतराव

**धर्मपरायण माता पिता के संस्कार महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन का आधार बना। उनको लोकमाता देवी अहिल्याबाई का नाम भारत की धर्मपरायण जनता के मन में उनके कृतित्व व व्यक्तित्व के सम्मान और उनके प्रति असीम श्रद्धा व प्रेम की भाव अभिव्यक्ति है। लोकमाता देवी महारानी अहिल्या बाई होलकर का पूरा जीवन संघर्ष और त्याग का दस्तावेज है। सन 1733 में मल्हार राव होलकर के बेटे खंडेकर राव होलकर के साथ शादी होने के बाद से ही उन्हें अनेक विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। वह अपने पति खंडेराव होलकर के साथ कुछ समय ही वैवाहिक जीवन जी पाई थीं। तभी सन 1754 में भरतपुर के डींग में हुए युद्ध के दौरान खंडेराव होलकर वीरगति को प्राप्त हो गए। इससे अहिल्याबाई काफी हिल गईं।**

फड़से भी हैजे के प्रकोप के चलते तीन नवम्बर 1791 दिवगंत हो गए। बेटी मुक्ताबाई पति की चिता पर ही सती हो गईं। इस तरह महारानी अहिल्याबाई होलकर पर एक के बाद एक दुखों के पहाड़ टूटटे रहे। लेकिन इन हृदयविदारक घटनाओं में जिस धैर्य विवेक और साहस के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने कर्तव्य निभाया और प्रजापालन किया, वह अपने आप में महान से भी महान कार्य रहा।

होलकर परिवार की विशेषता रही की व्यक्तिगत खर्चे के लिए कभी भी राज्य कोष से धन नहीं लेते थे। देशभर के तीर्थ स्थलों बद्री नारायण, केदारनाथ धाम से लेकर दक्षिण में रामेश्वरम पूर्व में जगन्नाथ पुरी से लेकर पश्चिम में द्वारका सोमनाथ मंदिर समेत ऐसा कोई तीर्थस्थल नहीं रहा, जंहा देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित वास्तुशिल्प दिखाई न देता हो। यही नहीं मंदिर और घाटों व तीर्थ यात्रियों की सुविधा के अनुसार पीने के लिए पानी और ठहरने के लिए धर्मशालाओं का निर्माण कराया। साथ ही उनके कुशल संचालन के लिए सुयोग्य व्यक्तियों की नियुक्तियां कीं। धार्मिक स्थलों की आर्थिक प्रतिपूर्ति के लिए व्यवस्था का निर्माण करने का कार्य किया जो भारतीय संस्कृति के उन्नयन और विकास के लिए देवी अहिल्याबाई का अप्रतिम योगदान है। महारानी अहिल्याबाई होलकर परम शिव भक्त थीं। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में शिव मंदिरों का निर्माण कराया। सन 1667 में औरंगज़ेब द्वारा काशीविश्वनाथ मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया था। महारानी अहिल्याबाई होलकर ने 1785 में भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनः निर्माण कराया। यही नहीं सप्तपुरियों व बारह ज्योतिर्लिंगों, चारों धाम समेत सभी जगह उन्होंने यात्रियों स्नान, ध्यान, पूजा-अर्चन, निवास व भोजन की समुचित व्यवस्था की।



## राशिफल

**मेषः-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

# तमिलनाडु में बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन

**डॉ. ज्ञान पाठक**

तमिलनाडु के बच्चे केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और राज्य में सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली इंडिया ब्लॉक सरकार के बीच राजनीतिक टकराव में फंस गये हैं। केंद्र नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले को लागू करने पर जोर दे रहा है, और राज्य इसे लागू करने से इंकार कर रहा है। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी है जिसमें शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत बच्चों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 9 मई, 2025 को कहा था कि न्यायालय किसी भी राज्य को एनईपी अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता।

फिर भी, तीन-भाषा फार्मूले के कार्यान्वयन को लागू करने के लिए, केंद्र ने धन जारी करने पर रोक लगा दी है, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश में देरी हो रही है। अब, तमिलनाडु ने 2,151 करोड़ रुपये के शिक्षा कोष को रोक रखने के मामले में केंद्र के खिलाफसर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है। तमिलनाडु ने केंद्र सरकार पर एनईपी 2020 और पीएम श्री स्कूल योजना से केन्द्रीय आवंटन जारी करने को जोड़कर संघीय अतिक्रमण करने का आरोप लगाया



है। राज्य द्वारा दायर मुकदमे में कहा गया है, इस तरह की जबरदस्ती की रणनीति न तो कानूनी रूप से स्वीकार्य है और न ही राज्य के कानून के अनुरूप है, खासकर राज्य द्वारा अपनाये गये दो-भाषा फार्मूले के आलोक में।

तमिलनाडु ने 2024-25 के लिए समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) के तहत शिक्षा कोष में 2151 करोड़ रुपये जारी करने की मांग की है, और साथ में मूल राशि पर 6 प्रतिशत ब्याज की भी। इस प्रकार मुकदमे का कुल दावा 2291.3 करोड़ रुपये है। तमिलनाडु ने अपनी याचिका में कहा है कि एसएसएस के तहत केंद्र द्वारा अपने अनिवार्य हिस्से को रोके रखने से बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई अधिनियम) का कार्यान्वयन बाधित हुआ है और राज्य में 43.94 लाख से अधिक छात्रों, 2.21 लाख शिक्षकों और 32,701 स्कूल कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हुए हैं।

तमिलनाडु का कहना है कि भारत संघ के शिक्षा मंत्रालय के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) ने फरवरी 2024 की बैठक में एसएसएस के तहत राज्य के लिए 3,585.99 करोड़ रुपये मंजूर किये थे, जिसमें से 2,151.59 करोड़ रुपये 60.40 लागत-साझाकरण फॉर्मूले के आधार पर केंद्र का हिस्सा था। फिर भी, केंद्र ने एक भी किस्त जारी नहीं की है। राज्य ने आरोप लगाया कि केंद्र ने ऐसा राज्य द्वारा एनईपी 2020 को पूरी तरह से अपनाने और पीएम श्री स्कूल योजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से इंकार करने के कारण किया है। तमिलनाडु में दो भाषा नीति है- तमिल और अंग्रेजी। 1968 से ही यह लगातार हिंदी थोपने का विरोध करता रहा है, जब राज्य की विधानसभा में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इतना ही नहीं, तमिलनाडु तमिल लर्निंग एक्ट 2006 में कक्षा 1 से 10 तक तमिल की शिक्षा अनिवार्य है। तमिलनाडु यूनिफॉर्म सिस्टम ऑफस्कूल एजुकेशन एक्ट 2010 नामक एक और अधिनियम है। फिर भी, केंद्र द्वारा एनईपी-2020 को लागू करने के लिए इन कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जो केवल एक नीति और विजन स्टेटमेंट है... जिसमें राज्य पर बाध्यकारी कोई कार्यकारी या विधायी बल नहीं है।

तमिलनाडु द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि केंद्र ने तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों को समग्र शिक्षा योजना के तहत धन जारी किया है। 9 मई, 2025 को ही भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एनईपी 2020 को लागू करने के लिए तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल सरकारों को निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, यह कहते हुए कि अदालत किसी भी राज्य को इसे अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकती।

न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने कहा कि, वे तभी हस्तक्षेप करेंगे जब एनईपी 2020 से संबंधित किसी राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हो। जनहित याचिका तमिलनाडु के एक वकील और भाजपा नेता ने दायर की थी। कुछ दिन पहले ही 16 मई को तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार से एसएसएस के तहत 2151.59 करोड़ रुपये की लंबित बकाया राशि जारी करने का आग्रह किया था, जिसमें आरटीई प्रवेश के लिए 617 करोड़ रुपये भी शामिल थे। राज्य में भाजपा की सहयोगी एआईएडीएम के पिछले दो वर्षों से निजी स्कूलों को आरटीइ प्रीतिपूर्ति निधि में देरी करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना कर रही है, जिसके कारण इस शैक्षणिक वर्ष में आरटीई प्रवेश में देरी हुई है।

राज्य सरकार ने परियोजना अनुमोदन बोर्ड की बैठक के दौरान 2025-26 के लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भी सौंपा है, जिसके परिणामस्वरूप केंद्र द्वारा 2,733.58 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गयी, जिसमें केंद्र का हिस्सा 2151.59 करोड़ रुपये होगा। तमिलनाडु ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पहली किस्त जारी करने के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के लिए पूरी अनुमोदित धनराशि जारी करने का अनुरोध किया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 15 मई, 2025 को तमिलनाडु सरकार को निजी स्कूलों में बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के तहत प्रवेश शुरू करने में देरी को चुनौती देने वाली याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# अवैध संबंध के चलते किशोर की गला दबाकर हत्या, बेटी व पिता गिरफ्तार

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हमीरपुर जनपद में 48 घंटे नहीं बीत पाए थे कि घर में घुसकर एक महिला के बाद एक किशोर की गला दबाकर हत्या कर दी गई सुमेरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा कछार गांव में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां 17 वर्षीय किशोर रामलखन पुत्र शिव मंगल निषाद का शव गांव की एक महिला के घर के सामने पड़ा मिला।

पुलिस का मानना कि किशोर की हत्या अवैध संबंधों के चलते हुई है उसकी काल डिटेल खंगाली जा रही है। किशोर के गले पर दबाव के निशान और कमर पर गंभीर चोटों के संकेत मिले हैं। शव के पास से पानी की बोतल बरामद हुई है। घटना ने गांव में सनसनी फैला दी है।

पुलिस के मुताबिक रामलखन जो कक्षा 9 का छात्र था और साथ ही ऑटो चलाकर अपने परिवार की आर्थिक मदद करता था शनिवार रात को रहस्यमय ढंग से घर से गायब हो गया। उसकी बहन सुलोचना के अनुसार रात करीब तीन बजे उसकी आंख खुली तो देखा कि रामलखन बिस्तर पर नहीं है। यह सोचकर कि वह छत पर सोने गया होगा वह खुद छत पर गई लेकिन वहां भी वह नहीं मिला। मां गायत्री से पूछने पर उन्होंने अनुमान लगाया कि वह शौच के लिए गया होगा। कुछ देर इंतजार के बाद भी जब वह नहीं लौटा तो परिवार को चिंता हुई। सुबह करीब 5 बजे रामलखन के चाचा देवी प्रसाद ने गांव के रास्ते में शव पड़ा देखा और तत्काल फोन कर परिवार को सूचना दी। परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि रामलखन औंधे मुंह गिरा पड़ा था एक हाथ में पानी की बोतल थी और गले पर दबाव के गहरे निशान थे। परिजनों ने आशंका जताई कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई और बाद में शव को घसीटकर रास्ते में फेंका गया। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि रामलखन के मोबाइल में आखिरी मैसेज एक महिला का था इसी मैसेज के बाद रात 10 बजे वह घर से बाहर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। रामलखन की बहन सुलोचना ने 35 वर्षीय शादीशुदा महिला पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि रामलखन और उक्त महिला के बीच पिछले कुछ समय से प्रेम संबंध थे लेकिन हाल के दिनों में उनके बीच विवाद चल रहा था। सुलोचना ने आरोप लगाया कि उसी महिला ने रामलखन को फोन करके बुलाया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक की मां गायत्री ने भी यही आरोप लगाया है घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सीओ सदर राजेश कमल और एएसपी मनोज गुप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एएसपी मनोज गुप्ता ने बताया कि मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल और चौट रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसकी आखिरी बातचीत किससे और किस विषय में हुई थी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में महिला संध्या उसकी बेटी और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, रामलखन के अचानक और रहस्यमयी तरीके से हुई मौत से परिवार सदमे में है। मृतक न सिर्फ पढ़ाई करता था, बल्कि ऑटो चलाकर घर चलाने में मदद करता था। उसके पिता और छोटे भाई मजदूरी करते हैं, जबकि बड़ा भाई दिल्ली में रहकर मेहनत करता है। गांव में रामलखन को मेहनती और शांत स्वभाव का माना जाता था। मृतक अपने पीछे पिता शिव मंगल, माँ गायत्री, बहन सुलोचना, सीता-गीता भाई विश्वंभर को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### छात्र रामलखन की हत्या से टूटा परिवार, जान नाम से मोबाइल में युवती का नंबर किये थे शेव

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बड़ा कछार निवासी शिवमंगल निषाद का परिवार बेटे रामलखन की मौत से गहरे सदमे में है। शिवमंगल ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनका बड़ा बेटा विशंभर दिल्ली में मजदूरी करता हैए जबकि छोटा बेटा रामलखन पढ़ाई के साथ-साथ ई-रिक्शा चलाकर पिता का सहयोग करता था। बीती रात रामलखन की संदिग्ध हालात में हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि हत्या का कारण अवैध संबंध हो सकता है। बहन सुलोचना ने बताया कि रामलखन अपने मोबाइल में जान नाम से एक नंबर से लगातार बात करता था और व्हाट्सएप पर चैटिंग भी करता था जिसे उसने बाद में डिलीट कर दिया था। हत्या की जांच में डॉग स्क्वॉड की टीम ने अहम भूमिका निभाई। खोजी कुत्ता नैरो ने शव की गंध पहचानते हुए सीधे चाची के घर जाकर सुराग दिए। बहन सुलोचना ने भी चाची पर संदेह जताया है। पुलिस ने चाची उसकी बेटी और पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस जान से रामलखन बात करता थाए संभवतः उसी ने उसकी जान ले ली। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और माता-पिता पूरी तरह बेसहारा हो गए हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**राठ(हमीरपुर)।** गृह कलह से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए हैं। कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय उमाशंकर पुत्र धर्मवीर ने शनिवार की रात दरवाजे बंद कर पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने जब युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। स्वजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने उमाशंकर को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र पिकअप गाड़ी चलाता था। जिससे परिवार का भरण-पोषण होता था। शाम को उसका पुत्र मछली लेकर आया था। वह मछली बना रही थी। किसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। जिसके कारण पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक अपने पीछे एक पुत्र सतीश, एक पुत्री माही को छोड़ गया है। कोतवाली राम आसरे सरोज ने बताया कि स्वजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को ले गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### एसजीएसटी की छापेमारी 48 घंटे से जारी, क्या मिला पता नहीं

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** टैक्स चोरी की संभावना को देखते हुए एसजीएसटी टीम पिछले 48 घंटे से रिमझिम इस्पात में मौजूद रहकर कंपनी के कागजातों के साथ लैपटॉप आदि खंगालने में जुटी हुई है। टीम को कितनी टैक्स चोरी मिली है अभी इसका खुलासा नहीं किया गया है। रिमझिम इस्पात टैक्स चोरी के मामले में हमेशा चर्चा में रही है। पिछले पड़े छापों में कई मर्तबा करोड़ों की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। इस बार भी टैक्स चोरी पकडे जाने की उम्मीद जताई जा रही है। कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित रिमझिम इस्पात लिमिटेड स्टील का निर्माण करती है। इसका तैयार स्टील देश के साथ विदेशों के बाजार में जाता है। गत शुक्रवार को अपरांह 3 बजे एसजीएसटी की टीम चार गाड़ियों में कंपनी में दाखिल हुई थी। तब से रविवार शाम तक टीम की कार्यवाही निरंतर जारी है। टीम कंपनी के आयात निर्यात के अभिलेखों के साथ-साथ ऑनलाइन कारोबार के लिए लैपटॉप कंप्यूटर आदि खंगाल रही है। टीम ने अभी तक क्या पकड़ा है कितनी टैक्स चोरी हुई है इसका खुलासा नहीं किया है। छापे के बाद कंपनी का संचालन पूर्व की तरह जारी है। बाहर से आने वाले ट्रकों की आवाजाही को फिलहाल रोक दिया गया है। कंपनी के मैनेजर मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि टीम को सभी कुछ उपलब्ध करा दिया गया है। टीम की जांच कार्यवाही जारी है। एसजीएसटी टीम ने अभी तक कुछ भी खुलासा नहीं किया है। टीम के अधिकारियों का कहना है कि कानपुर में मौजूद उच्चाधिकारी जांच पूर्ण होने के बाद खुलासा करेंगे।

### रंगशाला पाठशाला का समापन, प्रशिक्षण दिया गया

**राठ(हमीरपुर)।** भारतेंदु नाट्य एकेडमी लखनऊ संस्कृति विभाग उप्र एवं एपेक्स मॉडर्न स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय रंग पाठशाला शाला का समापन हो गया। इस कार्यशाला में आंगिक अभिनय विषय पर विशेषज्ञ फिल्म अभिनेता गुठली लड्डू फेम आरिफ शहडोली ने प्रशिक्षण दिया। कार्य शाला के समापन में मुख्य अतिथि राजपूत चंद्रवती वर्मा रही। इस दौरान रंग पाठशाला के प्रशिक्षक आरिफ शहडोली ने कहा कि ग्राम मुस्कराए बसवारीए हमीरपुर मेरी ननिहाल है। मेरी मां की जन्म भूमि है। राठ के बबबू उस्ताद मेरी नानी के भाई थे। जो नौटंकी के बहुत बड़े नक्कारा वादक रहे। मेरी नाना हाफिज मुनव्वर अली को शायरी का हुनर इसी भूमि से मिला। हमीरपुर कला भूमि है। इसी का अंश मेरे अंदर विद्यमान है। सात दिवस में शिक्षा में रंगमंच का क्या महत्व है। उसे बताने का प्रयास किया। विद्यालय के प्रबंधक अजेश राजपूत एवं प्रधानाध्यापक बृजगोपाल साहू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### शिकायत करने पर दबंगों ने महिलाओं के साथ की मारपीट, छेड़खानी का आरोप लगाया

**राठ(हमीरपुर)।** कृषि पाइप जलाने की शिकायत पर नाराज युवकों पर युवती ने भाभी के साथ मारपीट व उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती ने मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मझगवां थाने के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि 10 मई को गांव के जितेंद्र प्रशांत व विक्कू ने भाई के नलकूप पर रखे 55 कृषि पाइप जला दिए थे। भाभी ने पुलिस में शिकायत की थी। पुलिस जांच के लिए आई। पुलिस के जाने के बाद युवकों ने गाली गलौज की 12 मई की शाम प्रशांत कुमार विक्कू जितेंद्र गगन अपने हाथों में डंडा और देवेंद्र अपनी लाइसेंस बंदूक लेकर घर में घुस आए और भाभी को गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। जब मां बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। उसे पीटते हुई कमरे के अंदर ले गए और बुरी नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगे। शोर सुनकर भाभी और मां पहुंची। पुलिस को फोन करने पर जितेंद्र ने उसका फोन पैरों से कुचल कर तोड़ दिया। आवाज सुनकर ग्रामीणों को आता देखकर उक्त युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मझगवां थानाध्यक्ष शिव सहाय सरोज ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कराई जा रही है।

### गर्भवती महिला की मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

**कोंच (जालौन)।** नदीगांव के वॉर्ड नंबर 6 निवासी संजीव यादव पुत्र हाकिम सिंह ने कोंच कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी 22 वर्षीय पत्नी साधना 5 माह के गर्भ से थी। बीते रोज पेट में दर्द होने पर वह पत्नी का इलाज कराने गांधीनगर कोंच में रहने वाली नर्स नसरीन के घर गया हुआ था। नसरीन ने इलाज में लापरवाही बरती जिससे उसकी पत्नी साधना की मौत हो गयी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने नर्स नसरीन सहित एक और नर्स ज्योति के खिलाफ दफा 106(1) में रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। गौरतलब हो कि साधना 5 माह के गर्भ से थी। गुरुवार की सुबह पेट में दर्द होने पर पति संजीव उसे लेकर कोंच में चंदकुआं के समीप स्थित किलकारी अस्पताल पहुंचा था जहाँ मौजूद नर्स ज्योति ने इलाज के लिए उसे गांधीनगर स्थित नर्स नसरीन मंसूरी के घर जाने की सलाह दी थी। संजीव पत्नी साधना को लेकर नसरीन के घर पहुंचा जहाँ नसरीन ने साधना का चौकअप कर उसे एक इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही मिनटों में साधना की हालत बिगड़ गयी थी। नसरीन ने उसे तत्काल ही झाँसी जाने को कहा तो घबरा कर पति नसरीन द्वारा ही उपलब्ध करायी गयी गाड़ी से पत्नी साधना को लेकर झाँसी निकल गया था लेकिन कोंच की सीमा से बाहर निकलते ही पत्नी की मौत हो गयी थी। वापस पत्नी को लेकर संजीव नसरीन के घर पहुंचा था लेकिन घर में ताला डालकर नसरीन घर से गायब हो गयी थी और उसने अपना मोबाइल फोन भी स्विच ऑफकर लिया था। आक्रोशित परिजनों ने मारकंडेश्वर तिराहे पर शव को सड़क पर रखकर जैम लगा दिया था। सूचना मिलने पर सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल विजय कुमार पांडेय, मंडी चौकी इंचार्ज नितेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे और गुस्साए परिजनों को कार्यवाही का भरोसा दिलाकर जैम खुलवाया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

### किशोरी ने लगाया छेड़खानी का आरोप पुलिस को दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** घर से आते जाते हुए किशोरी का पीछा करने व विरोध करने पर धमकाने एवं घर के बाहर बैठी किशोरी के साथ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए पीड़िता के चाचा ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी चाचा ने पुलिस को बताया कि उनके भाई की मृत्यु हो चुकी है। वह अपनी भतीजी का पालन पोषण कर रहे हैं। भतीजे जब कभी घर से बाहर जाती है तो यश निवासी मोहल्ला रावतान भतीजी का पीछा करता है। इसमें उसका सहयोग उसका साथी मोहित भी करता है। भतीजी ने इसका विरोध किया तो दोनों ने उसे धमकी दे डाली। उन्होंने आरोप लगाया कि 23 मई की देर शाम उनकी भतीजी घर के बाहर बैठी थी तभी दोनों वहां आए और उसके साथ छेड़खानी करने लगे। जब भतीजी चिल्लाई तो शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर दोनों वहां से भाग गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कोंच (जालौन)।** दहेज उत्पीड़न में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिला टीकमगढ़ के गाँव वर्मा डांग स्थित मायके में रह रही महिला मोहिनी उर्फऊषा यादव ने कोंच कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी मुहल्ला तिलक नगर कोंच निवासी महावीर यादव पुत्र मलखान के साथ हुई थी जिसमें उसके पिता ने खूब सारा दान दहेज दिया था। लेकिन दहेज में अतिरिक्त रूप से 5 लाख रुपये की मांग करते हुए पति और ससुर सहित सास लक्ष्मी, ननद रूबी और रचना, देवर सचेन्द्र आए दिन उसका शारीरिक और मानसिक रूप से उत्पीड़न करने लगे साथ ही जान से मारने की भी उसे धमकी देकर घर से बाहर निकाल दिया।

## जबरन गेट लगवाने की शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के औड़ेरा रोड निवासी अरविंद नरेशचंद्र चंद्रशेखर पवन कुमार सुदर्शन सिंह कमलेश सिंह मोहित सिंह उमेश सोनी बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि बृजरानी हॉस्पिटल के सामने की कॉलोनी की ओर जाने वाला मार्ग वर्षो से कॉलोनी वासियों की निजी भूमि पर निर्मित है। इस पर कालोनी की चारदीवार बनी हुई है, इसका उपयोग केवल सभी निवासियों द्वारा किया जाता है। बताया कि आपराधिक प्रवति का व्यक्ति रास्ते में रोज ऊपर से कचरा फेकता है। व्यक्ति निजी मार्ग पर जबरन गेट लगवाने का प्रयास कर रहा है। मोहल्लेवासियों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## परमात्मा की भक्ति से ही संभव है सुख शांति व मोक्ष

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** हिम्मत बाबा धार्मिक स्थल इंगोहटा में चल रही शतचंडी यज्ञ में भागवत कथा श्रवण कराते हुए कथा व्यास ने कहा कि जीवन में सुखए शांति और मोक्ष की प्राप्ति केवल ईश्वर भक्ति से ही संभव है। भक्ति में असीम शक्ति है अतः परमात्मा की भक्ति अवश्य करनी चाहिए। व्यास प्यारेलाल तिवारी ने भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बताया कि मनुष्य का जीवन केवल भोग-विलास में व्यतीत करने के लिए नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है जिसमें आत्मा का परमात्मा से मिलन ही अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि सच्ची भक्ति वह है जिसमें मनए वचन और कर्म तीनों से भगवान का स्मरण किया जाए। भक्ति का मार्ग सरल होते हुए भी अनुशासन और समर्पण की माँग



करता है। कथा के अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे भौतिक सुखों से ऊपर उठकर आत्मिक शांति की ओर अग्रसर हों।कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे जिन्होंने कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। शतचंडी यज्ञ और कथा का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से बड़े श्रद्धा भाव से चल रहा है। रात में वृंदावन की लीला दिखाई जा रही हैए यज्ञ वेदी में यज्ञाचार्य गरुण मिश्रा मार्गदर्शन में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा जप तप किया जा रहा है।

## तन-मन-धन से सेवा भक्ति करने वाला व्यक्ति ही धनवान व्यक्तिः राघवेंद्र महाराज

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ग्राम छानी के शिवालय मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सभी भक्तों को पण्डित राघवेंद्र महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा सुनायी। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन मन धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका



कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवाए गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी। मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नहीं मानते है लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता भागवत रामायण पढ़ो तो तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी।

## आप कार्यकर्ताओं ने सीएचसी में चलाया स्वच्छता अभियान




**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आप कार्यकर्ताओं ने पार्टी के आव्हान पर सफाई अभियान चलाया। रविवार को कस्बे के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी के आव्हान पर पार्टी जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में रचनात्मक कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा झाड़ू लगाकर गंदगी को साफ किया गया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलाम मुहम्मद, त्रिलोक चन्द्र, अनिल शिवहरे सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की उड़ रही धज्जियां, मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में न मरीज न डॉक्टर

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब, असहाय और कम आय वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत मरीजों की स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवाओं का वितरण सुनिश्चित किया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। स्थानीय स्तर पर आयोजित हो रहे आरोग्य मेलों में न तो मरीज नजर आते हैं और न ही डॉक्टरों की टीम। इसके बावजूद मेलों की रिपोर्ट में 50 से 70 मरीजों के आने का आंकड़ा दर्शाया जा रहा है। यह स्थिति जनपद के केवल अजनर क्षेत्र ही नहीं,



बल्कि जैतपुर और विकासखंड के सभी स्वास्थ्य मेलों की है।

**डॉक्टर नदारद, व्यवस्था रामभरोसेः** अजनर में बीते कई वर्षों से डॉक्टर की तैनाती नहीं है। एक वार्डबॉय ही वर्षों से पूरी पीएचसी को संभाल रहा है। अधिकांश मेलों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति में पैरामेडिकल स्टाफ, वार्डब्वॉय और लैब टेक्नीशियन ही खानापूर्ति करते दिखे। इससे स्पष्ट है कि सरकार की मंशा को विभागीय लापरवाही से पलीता लगाया जा रहा है।

**मीडिया के पहुंचते ही खुली पोलः** आज जब मीडिया कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर सच्चाई जाननी चाही, तो सारी हकीकत सामने आ गई। मेला स्थल पर सुबह 10:45 बजे तक कोई स्टाफ मौजूद नहीं था और दोपहर 2:05 बजे मेला बंद मिला। मौके पर महिला चिकित्सक डॉ. बैशाली सोनी, स्टाफ नर्स भगवती और आशा कार्यकर्ता रामकुमारी मौजूद रहीं। आशा कार्यकतियों में भी इस कार्य को लेकर उत्साह की कमी देखी गई।

**निष्कर्षः** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला जैसे लोककल्याणकारी योजनाओं की इस तरह की अनदेखी न केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि आम जनता के साथ धोखा भी। जरूरत है कि शासन-प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान दे और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

## सीसीटीएनएस की रैंकिंग में जनपद महोबा को प्रथम स्थान

**मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा अप्रैल 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएन रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । इस उपलब्धि पर नवीन अरोरा, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उप्र लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है साथ ही साथ भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौंपें गये दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढाने में सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई है। पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में कहा तक विवेचना कर रही है। इस संबंध में पुलिस कहां-कहां जांच करने गई। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है। इन सभी में अच्छी फीडिंग व मॉनिटरिंग के आधार पर महोबा पुलिस को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## एमएलसी ने दिया भाजपा कार्यकर्ता की मृत्यु पर परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा



**महोबा।** जनपद के चरखारी नगर के पठवापूरा में बीजेपी कार्यकर्ता बबलू अहिरवार की कल दुखद घटना में मृत्यु होने पर सदस्य विधान परिषद जितेंद्र सिंह सेंगर ने बीजेपी टीम के साथ शोकाकुल परिवार को सांत्वना प्रदान कर मामले की निष्पक्ष जांच के लिए पुलिस कोतवाली इंचार्ज से कहा एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीड़ित पक्ष को आर्थिक सहायता अविलंब देने को कहा द्य पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वस्त भी दिया एमएलसी के साथ बीजेपी नगर अध्यक्ष अमित पटेरिया, अशोक महाराज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख करन सिंह राजपूत , अनूप गुरुदेव, रबीन्द्र सिंह चौहान संतोष बजरंगी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, महिला सहित दो गंभीर घायल

**कालपी (जालौन)।** रविवार दोपहर खेत पर कब्जे को लेकर क्षेत्र के ग्राम बैरई में संघर्ष हो गया जिसमें एक महिला सहित दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरई में कई दशक से भाईयों के बीच जमीन कब्जे को लेकर जंग चली आ रही है जिसमें लड़ाई झगड़े के फायरिंग भी हुई थी लेकिन मामला सुलझा नहीं है। ग्रामीणों की माने तो रविवार को भी उसी जमीन पर एक पक्ष जुताई करने गया था लेकिन मौके पर दूसरा पक्ष पहुंच गया था और वाद विवाद के बाद संघर्ष भी शुरू हो गया था और थोड़ी ही देर मे एक महिला व बृद्ध घायल हो गये थे जिन्हें गांव वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जिसमें घायल रामलखन सिंह तथा निर्मला देवी की हालत देखते हुए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है। घायलों की मानें तो उनके साथ बैरई निवासी गौतम सिंह पुत्र श्यामबाबू, जगत सिंह पुत्र किशन स्वरूप, पल्लू पुत्र नेपाल सिंह व कल्लू पुत्र किशन स्वरूप ने मारपीट की है। कोतवाली प्रभारी परमहंस तिवारी के अनुसार घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए भेजा है और शीघ्र ही हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानून के हिसाब से कार्यवाही की जाएगी।

## श्रीकृष्ण ने जगत को अंधेरे से प्रकाश में लाने के लिए धारण किया अवतार

**सिहारी दाऊदपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण प्राकट्योत्सव मनाया**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

समीपस्थ ग्राम सिहारी दाउदपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कथा व्यास पीठाधीश्वर प्रेममूर्ति आचार्य पं. राघव जी पाठक (वनारस) ने भगवान के विभिन्न अवतारों के साथ ही कृष्ण प्राकट्योत्सव की आनंदित करने वाली कथा सुनाई। एवं सती अनुसूइया का प्रसंग सुनाया वही बताया कि श्री कृष्ण ने अंधेरे से



प्रकाश में लाने के लिए अवतार धारण किया। कथा व्यास द्वारा गाए गए नंदलाला प्रकट भए आज, बिरज में लड्डआ बंटे, नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, आना आना रे आना नंदलाल आज हमारे अंगना में जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। भगवान की मनोहारी कथा सुनाते हुए कथा प्रवक्ता ने महाराज ययाति चंद्रवंश का वर्णन किया। इसमें बताया कि ययाति के बड़े पुत्र यदु हुए, उन्हीं के वंश में भगवान कृष्ण ने अवतार धारण किया। जैसे ही भगवान कृष्ण कंस के कारागार में प्रकट हुए, कारागार के द्वार अपने आप खुल गए। सैनिक मूर्छित होकर गिर गए और वसुदेव ने नवजात बालक कृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना नदी पार कर नंद बाबा के यहां पहुंचा आए। वहां माता यशोदा के यहां जन्मी कन्या को लेकर वापस आ गए। जैसे ही कंस को पता चला कि देवकी ने आठवीं संतान को जन्म दिया है, वह कारागार में पहुंचा और उसने अन्य शिशुओं की तरह उस शिशु को भी दीवार पर मारने का प्रयास किया, लेकिन कन्या हाथ से ओझल होकर आसमान में पहुंच गई और कंस से कहा कि तेरा नाश करने वाला धरती पर जन्म ले चुका है। भगवान कृष्ण ने संसार को अंधेरे से प्रकाश में लाने के लिए जन्म लिया और अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी प्रकाश से दूर किया। इस दौरान उन्होंने पूतना उद्धार की भी कथा सुनाई। परीक्षित श्रीमती श्रीमती एवं ब्रजलाल याज्ञिक ने भागवत जी की आरती उतारी, अंत में प्रसाद वितरित किया गया। कथा में किशुन कुमार (मीतू) अरुण कुमार (मनुआ), ब्रहम कुमार (आसू), राहुल रामकुमार, शिवम, गोलू, अमन दाऊ, रुद्रप्रताप, प्रवल, दिनेश याज्ञिक, दीपराज, रमेश, कल्लू, चंदन, हर्ष, महेश कुमार, पूर्वी, लव्वो, श्रीजी आदि श्रद्धालु ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसत्ता दल की कार्यकारिणी हुई गठित

**मनोनीत पदाधिकारियों को माला पहनाकर दी गई शुभकामनाएं**



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की नई कार्यकारिणी की गठन को लेकर एक बैठक जिला पंचायत में आयोजित की गई। बैठक में नई कार्य समिति गठन में जिन लोगों को दायित्व दिया गया, जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी एवं प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने सभी का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी।

जनसत्ता दल की नई कार्यसमिति में राहुल शुक्ला, कलीम खान, नरेंद्र प्रताप सिंह को जिला महासचिव, प्रदीप जायसवाल को कोषाध्यक्ष, छात्र प्रकोष्ठ में जिलाध्यक्ष आदित्य आदित्य नारायण जायसवाल, प्रधान महासचिव प्रेम प्रकाश सिंह, किसान प्रकोष्ठ में विमलेश वर्मा, शुभंकर सिंह को जिला महासचिव, अधिवक्ता प्रकोष्ठ में अधिवक्ता वीरेंद्र श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष कुमार श्रीवास्तव को प्रधान महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में इम्तियाज अहमद प्रधान महासचिव, शाहनवाज हुसैन, आसिफ अली जिला महासचिव के साथ ही दीपचंद सोनी, अजय सिंह, अजय दास, अरविंद प्रताप सिंह जय पाण्डेय को जिला सचिव ,बबलू यादव, शशांक वर्मा, विजय शंकर सोनी को उपसचिव ,पवन कुमार सिंह जिला सचिव (किसान प्रकोष्ठ), दुर्गेश वर्मा, अभय सोनी को महासचिव (छात्र प्रकोष्ठ), अभय प्रताप सिंह, जीशान अहमद, अर्पित सिंह को जिला सचिव (छात्र प्रकोष्ठ), साहिबे आलम, मोहम्मद अली, महफूज अली को जिला सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ)की जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष एवं प्रधान महासचिव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को माल्यार्पण कर लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी।

जिलाध्यक्ष कुंवर भूपेंद्र सिंह बाबी ने कहा कि जनपद में जनसत्ता दल की टीम जो हमेशा जनहित के कार्यों में लगातार सक्रिय रहती है जिसके कारण बहुत कम समय में पार्टी ने जनपद में एक मजबूत स्थिति बनाई है। आज अगले कार्यकाल के लिये जिन लोगो को दायित्व दीया गया है उनसे अपेक्षा है कि पूर्व की भांति आगे और अधिक सक्रियता से कार्य करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। जिला प्रधान महासचिव अधिवक्ता मनोज सिंह ने कहा कि पिछले कार्यकाल में जनसत्ता दल की टीम ने बहुत ही शानदार तरीके से काम किया जिससे पार्टी का पूरे जनपद में विस्तार किया जा सका। आम जन तक पहुंचकर लोगो की अपेक्षाओं के अनुरूप हर संभव उनकी मदद करने का कार्य किया गया, क्यूंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया का कहना कि वह राजनीत नही बल्कि सेवा नीति की भावना से कार्य करते है। उसी विचारधारा के अनुरूप पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी कार्यकर्ता सेवानीति की भावना से कार्य करता है। आज अगले कार्यकाल के लिये जिन साथियों को दायित्व दिया गया है हम अपेक्षा करेंगे कि वह पार्टी की विचारधारा के अनुरूप पार्टी हित, जनहित समाज हित देश हित में कार्य करेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। 2027 के पहले हम लोगो को इतना कार्य करना है, कि पार्टी को जनपद में ऐसी स्थिति में पहुंचा दे कि आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी मजबूती से अपना प्रत्याशी को लड़ा सके।

# सपा में अन्य पार्टियों के नेता जुड़ रहे हैं, यह संकेत 2027 में सपा की बनेगी सरकार: सुरेश यादव

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



जिस गर्मजोशी से अन्य पार्टियों के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जुड़ रहे हैं यह इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है साथ ही समाजवादी पार्टी की लोकप्रियता और ताकत लगातार बढ़ रही है नौजवान किसान माताएं बहने सभी मौजूदा सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं।

उक्त विचार सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकर्ता विस्तार कार्यक्रम में सदर विधायक धर्मराज सिंह और सुरेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ो समर्थन के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पधारी राबिया बेगम को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के उपरांत उपस्थित माता बहनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। सदर विधायक ने राबिया बेगम और उनके साथ पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने आए समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा राबिया बेगम प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर प्रदेश की सेवा कर चुकी है इनके अनुभव से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी जिससे आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को बड़ा फायदा होगा। सदस्यता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हाफिज आजाद अहमद ने कहा आज पूरा उत्तर प्रदेश बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार अपराध से त्रस्त है। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत राबिया बेगम ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए अपने समर्थकों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा आज के प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसके नेता अखिलेश यादव ही पिछड़े अतिपिछड़े वंचित शोषित और युवाओं के हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं महिलाओं किसने के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध भी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठा रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठता सुरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है समाज का हर वर्ग महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहा है। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद यादव, प्रदेश सचिव हुमायू नईम खान, जितेंद्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति, राजेश वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, सुरेश चंद्र गौतम, सभासद ताज बाबा, मोहम्मद आसिफ, दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, लब्लू वर्मा, संतोष जायसवाल, संदीप प्रजापति, विनय यादव, राजेश वर्मा, मोहम्मद आफाक, आजम मलिक, पूनम यादव, श्रीमती रजनी यादव, सूरज यादव, डिंपल रावत, आशा गौतम, उषा यादव आदि प्रमुख लोगों ने राबिया बेगम और उनके साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले साथियों का माला पहनकर अभिनंदन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए निकाली तिरंगा यात्रा

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**




ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। शक्ति केंद्र संयोजक अखिल गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ागांव क्रासिंग से हनुमान मंदिर तक तिरंगा यात्रा निकालकर सेना के शौर्य को सलाम किया। बताते चलें कि देशभर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है, इसी के तहत रविवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा बड़ागांव क्रासिंग स्थित अखिल गुप्ता के प्रतिष्ठान से शुरू होकर बड़ागांव चौराहा और अन्य मार्गो से होते हुए हनुमान मब्दीर पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि संस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजकुमार सोनी कहा कि इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न देश के ऊपर ऐसी कार्रवाई की गई। पहली बार सिंधु जल समझौता तोड़ा गया। भारतीय वायु सेना के कार्रवाई से पाकिस्तान के लगभग प्रत्येक शहर के आतंकी ठिकानों और उनके एयर बेस को ध्वस्त किया गया।इस यात्रा में भारतीय सेना के जयघोष के साथ मंडल महामंत्री जिला प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र, वरिष्ठ पदाधिकारी देवी शंकर सोनी बूथ अध्यक्ष सुरजन सिंह व राकेश कुमार तथा युवा कार्यकर्ता सोनू गुप्ता, कम्पनी जयसवाल नैतिक गुप्ता, रमन कुमार, सुधीर कुमार तथा सभी मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

## अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**फतेहपुर बाराबंकी।** रेलवे स्टेशन के निकट एक दुर्घटना में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट आने से उसकी मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात को वतिया रेलवे क्रासिंग के निकट हुई।स्टेशन से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर बुढ़वल से सीतापुर जा रही मालगाड़ी की चपेट मे आने से व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई।गेटमैन की सूचना पर जीआरपी बुढ़वल और स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जीआरपी एसआई संजय अग्निहोत्री के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है।मृतक ने नीला लोअर और सफेद शर्ट पहन रखी थी। पुलिस और जीआरपी ने मृतक की पहचान के लिए कई प्रयास किए।जामा तलाशी मे कोई पहचान पत्र नही मिला।आसपास के लोगो से भी पूछताछ की गई लेकिन कोई उसे पहचान नही सका। जीआरपी बुढ़वल ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## खबरें एक नजर में

### शादी समारोह से बाइक हुई चोरी



**फतेहपुर, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में नरेपुरवा मजरे आल्हेमऊ थाना मोहम्मद खालापुर गांव निवासी विक्रम शुक्रवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने बरगदहा मजरे सैदानपुर गांव में कन्या पक्ष विवाह समारोह में गए थे। उन्होने उन्ही घर के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी और भोजन के लिए विक्रम वहां से चले गए।खाना खा कर वापस लौटने पर उन्होने देखा कि उनकी मोटरसाइकिल वहां नही थी।उन्होंने तुरंत आसपास खोजबीन की।शादी मे मौजूद रिश्तेदारो से भी पूछताछ की लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला।विक्रम ने फतेहपुर कोतवाली मे घटना की तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई।कोतवाल धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरो को पकड़कर मोटरसाइकिल बरामद कर ली जाएगी।

### शाहपुर गांव के तीन घरों में हुई चोरियां

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत एक गांव मे हुई चोरी में कर तीन घरों से हजारों रुपए की नकदी जेवराज चोरी कर ले गए इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में चोरों ने गांव निवासिनी जकीरुल निशा के मकान को निशाना बनाया। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार की रात वह बरामदे में सो रही थी रात्रि लगभग 1 बजे नींद टूटी तो कमरे का दरवाजा खुला पाया, घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़िता ने बताया कि बदमाश अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपए से अधिक के सोने- चांदी के जेवरात व पांच हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। इस दौरान चोरों ने पड़ोस में रहने वाले राम लौटन एवं कमरजहां के मकान को भी अपना निशाना बनाया । यहां से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।पीड़िता जकीरुल निशा की तहरीर पर पुलिस ने तीनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अवैध मिट्टी खनन का वीडियो बनाने से नाराज दबंगों ने युवकों को पीटा

**उरई (जालौन)।** कानून के डर से बेखौफअवैध मिट्टी खनन माफिया की काली करतूतों का वीडियो बनाना युवक को भारी पड़ गया। नाराज दबंगों ने उसकी लाठी डण्डों से पिटाई कर दी। पुलिस ने युवक की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरहना आलमगीर निवासी मनीष सिंह पुत्र अमर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि वह शनिवार की रात रिश्तेदारी से बाईक से घर लौट रहा था। इसी दौरान दादूपुर चौराहे के पास एक जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई हो रही थी जहां से ट्रेक्टर ट्राली में भरकर भेजी जा रही थी। उसने क्षेत्र में हो रहे अवैध मिट्टी खनन की जानकारी पुलिस को देकर मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया था जिससे मिट्टी खनन में लगे कुरहना आलमगीर निवासी भूरा मंसूरी व लाला तथा अन्य अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया था जिससे उसको गम्भीर चोटे आई थी। इतना ही पुलिस के आने से पहले वह लोग मारपीट कर मौके से भाग निकले थे। मारपीट का शिकार हुए युवक के अनुसार पुलिस को मौके से जेसीबी संचालक तथा काली स्कार्पियो भी मिली थी जिसे कोतवाली में खड़ा कर गुलौली निवासी व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया था। कोतवाल परमहंस तिवारी के अनुसार मारपीट करने वालों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है और यदि जांच में मिट्टी का अवैध खनन सामने आया तो खनन में लगे वाहनों के साथ उसको करवाने वालों के खिलाफभी मामला दर्ज कराया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से घायल युवक के पिता ने दर्ज करायी एफआईआर

**जालौन (उरई)।** ग्यारह दिन पूर्व तेज रफ्तार बाईक चालक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी थी। बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बाईक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला तोपखाना निवासी सुलेमान शाह ने पुलिस को बताया कि बीती 14 मई को शाम करीब चार बजे उनका बेटा आकाश शाह नहर कोठी के पास स्थित फर्नीचर की दुकान से काम करके लौट रहा था। जब वह बंबा के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार बाईक के चालक ने बेकाबू होकर उनके बेटे को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने के कारण बेटा डिवाइडर से टकरा गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने यूपी 112 के माध्यम से एंबुलेंस को बुलाकर उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### नगर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाने की मांग

**जालौन (उरई)।** नगर में भारी वाहनों के आवागमन से लोगों को दिक्कत होती है। कभी कभार भारी वाहन के इमारत या टिन शैड आदि से टकराने से लोगों को नुकसान भी उठाना पड़ता है। नगर के लोगों ने भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगाए जाने की मांग की है। नगर के अंदर भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है। नगर के अंदर भारी वाहनों के आवागमन से एक ओर जहां जाम की स्थिति बन जाती है तो दूसरी ओर लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। नगर की गलियों से होकर जब भारी वाहन गुजरते हैं रास्ता संकरी होने की वजह से और रास्ते पर अन्य वाहनों के निकलने से जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार भारी वाहनों से नुकसान भी हो जाता है।

# मानकविहीन दर्जनों ईंट-भट्ठे उगल रहे जहरीला धुआं

**अमर बहादुर सिंह**



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र में एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर बगैर प्रदूषण प्रमाण पत्र के चार दर्जन से अधिक ईंट-भट्ठों की चिमनी से जहां जहरीला धुआं उगलकर लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। वहीं आबादी के नजदीक होने से फल फूल और बाग के साथ ही आमजन भी धुंवा की चपेट में है लेकिन इस व्यवस्था में सुधार करने वाला जिम्मेदार प्रशासन मौन है।

माननीय कोर्ट द्वारा एक जनहित याचिका पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को निर्देश दिया था कि प्रदेश में चल रहे उन सभी ईंट-भट्ठों के खिलाफ कार्यवाही की जाय जो बोर्ड की अनुमति के बिना ही संचालित होकर उत्पादन कर रहे हैं । यही नही माननीय कोर्ट ने तत्कालीन सचिव को यह भी निर्देश दिया था कि बोर्ड द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी कोर्ट को एक शपथ पत्र के साथ दी जाय । तत्कालीन सचिव आशीष तिवारी ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वह जिला प्रशासन के सहयोग से बिना अनुमति के चल रहे सभी ईंट भट्ठों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। किन्तु माननीय कोर्ट के आदेश पर भी विभागीय अधिकारियों द्वारा महज खानापूर्ति की गई।

प्रदूषण विभाग द्वारा दी गई अधिकृत जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र में केवल 41 ईंट-भट्ठों का प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जबकि क्षेत्र में सौ से अधिक ईंट भठ्ठो का संचालन हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इनमें से दर्जनों भट्ठों की चिमनी एनजीटी के आदेशों को दरकिनार करके जहरीला धुआं उगल रही है। ईंट भट्ठा संचालक न केवल राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि कई भट्ठे तो आबादी व बागों के पास भी चल रहे हैं।

**प्रमाण पत्र के बिना ही जमा हो रही रॉयल्टी:** शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र के किसी भी भट्ठा संचालक को मिट्टी खनन की रॉयल्टी ना जमा की जाये लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहाँ जिन लोगों के पास प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं है उनसे एक शपथ पत्र लेकर रॉयल्टी जमा कराने का खेल हो रहा है। और वह बहती गंगा में गोते लगा रहे है ।

**10 लाख रुपए प्रतिवर्ष पेनाल्टी के है आदेश:** एनजीटी द्वारा बगैर प्रदूषण प्रमाण पत्र के ईट भट्ठा के संचालन पर प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए पेनाल्टी वसूलने के निर्देश प्रदूषण विभाग व जिला प्रशासन को दिए गए हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से इसका पालन नहीं हो पा रहा है।

**राजस्व की हो रही है भारी चोरी:** कुछ ईंट भट्ठा संचालक अधिक मात्रा में ईंट निर्माण करके अभिलेखों में नाम मात्र का निर्माण दिखाकर लाखों रुपए की राजस्व की चोरी कर रहे हैं। पिछले वर्ष अयोध्या मंडल की आयुक्त ने एक भट्ठे पर छापा मारकर बड़ी राजस्व चोरी का भंडाफोड़ किया था।

### विभागीय मिलीभगत से फलफूल रहा अवैध कारोबार

विद्यानगर, डेरे राजा, चांदामऊ, अशरफपुर, वजीउद्दीनपुर, विद्या नगर, रसूलपुर, नियामतपुर,सहित कई स्थानों पर जहरीले धुंवा उगल रहे ईंट भट्ठे करोड़ों का ईंट व्यापार बिना किसी वैध दस्तावेज़ों के फल-फूल रहा है। भट्ठा संचालक प्रदूषण व खनन विभाग के अधिकारियों से मिली भगत करके वातावरण को दूषित करके लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### स्थानीय प्रशासन भी मौन, जनता परेशान

इस पूरे प्रकरण पर स्थानीय प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। जनता लगातार प्रदूषण से परेशान है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सब मौन है।

### क्या कहते है चन्द्रेश कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोडल बाराबंकी

सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के विपरीत अगर ईंट भट्ठे संचालित हो रहे है तो कार्यवाही की जाएगी और अगर बिना प्रदुषण प्रमाण पत्र से चल रहे है तो नियमो के अनुसार राजस्व की वसूली के साथ ही अन्य कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# स्वास्थ्य, जीवन रक्षा व खेलों का समन्वय- समर कैंप में छात्रों ने सीखी जीवनरक्षक तकनीकें

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालयों में 21 दिवसीय समर कैंप के अंतर्गत आज का दिन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं जीवन रक्षा कौशलों को समर्पित रहा।

कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित गतिविधियों की शुरुआत प्रातः 1/2 घण्टे के योग एवं व्यायाम सत्र से हुई। प्रशिक्षित योगाचार्यो व शिक्षकों के निर्देशन में छात्रों ने विभिन्न आसनों के साथ मानसिक संतुलन, ध्यान व शरीर की लचीलापन बढ़ाने के अभ्यास किए।

इसके पश्चात विद्यालयों में स्थानीय पीएचसी सीएचसी के चिकित्सकों, रेडक्रॉस प्रतिनिधियों तथा स्काउट गाइड प्रशिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ स्पोर्ट सीपीआर, तथा आकस्मिक चिकित्सा में उपयोग आने वाली प्राथमिक दवाइयों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने यह सीखा कि आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए छक्क किस प्रकार किया जाता है, घाव, बेहोशी, जलन आदि की प्राथमिक चिकित्सा कैसे दी जाती है, तथा कौन-कौन सी सामान्य दवाएं तुरंत उपयोगी हो सकती हैं। यह जानकारी न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक जीवन के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।

दिन का अंतिम आकर्षण दो छात्रों की जोड़ी द्वारा बंधी टांगों के साथ दौड़ जिसमें विद्यार्थियों ने टीम भावना, समन्वय और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। यह गतिविधि उत्साह, हँसी और खेल भावना से भरपूर रही।

जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में समर कैंप की गतिविधियाँ संचालित की गई। त्रिपाठी ने विभिन्न विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा की महत्ता समझाई तथा सीपीआर जैसी तकनीकों को जीवन रक्षा के लिए आवश्यक बताया।

### सीएचसी अधीक्षक ने लगाया आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह के नेतृत्व मे तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला और उनकी टीम ने 57 मरीजों की जांच की।महमूदाबाद केंद्र में डॉ. अन्विता पांडे की टीम ने 46 मरीजों का उपचार किया। सैदनपुर केंद्र में डॉ जगदीश और उनके सहयोगियों ने 54 मरीजों की जांच की। सभी केंद्रों पर मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं दी गई।सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने मौसम परिवर्तन को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होने कहाकि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और उबला हुआ पानी पिएं। बार-बार बुखार आने पर तुरंत जांच कराएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर उसका तत्काल समाधान किया जाएगा।

# बीस दिन पूर्व वैवाहिक बंधन में बंधी युवती मायके में फांसी पर झूली

**पुलिस ने शव को लिया कब्जे में भेजा पोस्टमार्टम के लिए**

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज़।**



लगभग 20 दिन पूर्व हुई शादी के बाद विवाहिता अपने मायके आई थी। मायके में विवाहिता ने रात में साड़ी से फांसी का फंद्या बनाकर गले में डाल लिया और फांसी पर झूल गई। फांसी लगने से विवाहिता की मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और शव पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एदलपुर निवासी रश्मि (19) की शादी उसके पिता भान सिंह ने पांच मई को उरई निवासी अश्विनी कुमार के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर और हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। कुछ दिन बाद परिवार में शादी थी जिसमें शामिल होने के लिए रश्मि बीती 18 मई को अपने मायके आई थी। मायके वालों के अनुसार सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था। शनिवार की रात परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर खाना खाया और अपने अपने कमरों में सोने के लिए चले गए। रात में किसी समय रश्मि ने कमरे की छत के हुक में साड़ी से फांसी का फंद्या बनाकर गले में डाल लिया और उस पर लटक गई। फांसी लगने से रश्ति की मौत हो गई। सुबह जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो रश्मि का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। रश्मि के शव को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते कोतवाल अजीत सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने उच्चाधिकारियों को भी सूचना दी और फोरेंसिक टीम को बुलाया। फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# भाजपा युवा मोर्चा के मण्डल मंत्री के घर में छप्पर के सहारे लटकता मिला शव

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार की सुबह भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के 25 वर्षीय मंडल मंत्री का शव घर के बाहर छप्पर से फंदे के सहारे लटकता हुआ बरामद हुआ। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत शुकलन पुरवा मजरे उमरापुर तालुक निवासी भाजपा के युवा मोर्चा मंडल महामंत्री 25 वर्षीय सत्यम मिश्रा का अभी 10 दिन पहले 14 मई को सिरौली गौसपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी शालिनी के साथ समारोह पूर्वक शादी हुई थी। ग्रामीणों के मुताबिक शादी के बाद से ही सत्यम कुछ उदास रहते थे। सत्यम ने एक पोस्ट भी की थी कि बाबू हम भी आ रहे है अगले जन्म में जरूर मिलेंगे, शनिवार की शाम को सब लोग खा पी कर सोने के लिए तैयार थे तभी सत्यम ने शौच करने की बात कह कर गए उसके बाद सुबह जब सो कर उठे तो घर के बाहर छप्पर से सत्यम का शव फंदे के सहारे लटकता हुआ मिला। यह देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक अंकित त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस मामले में मृतक के चाचा अमित मिश्रा ने ग्राम प्रधान भावना मिश्रा तथा उनके पति आशीष मिश्रा पर सत्यम की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कुछ दिनों पूर्व सत्यम द्वारा उनके रिश्तेदार की महिला का फोटो सोशल मीडिया पर डाले जाने के चलते झगड़ा हुआ था जिसके चलते ही इन लोगों ने सत्यम की हत्या करके छप्पर से लटका दिया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक श्री त्रिपाठी ने कहा कि अभी तक उन्हें किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# कन्नौज जेल में बंदियों के लिए खुला ओपन जिम

- बंदी अब शारीरिक शक्ति के साथ-साथ मानसिक ऊर्जा को भी कर सकेंगे मजबूत

**न्यायमूर्ति ने किया उद्घाटन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



ओपन जिम का फीता काटकर कर उद्घाटन करते न्यायमूर्ति अनीश गुप्ता व मौजूद अफसर

जिला कारागार में फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओपेन जिम की स्थापना की गई है। इसका उद्घाटन न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, जिला जज चन्द्रोदय कुमार, डीएम आशुतोष मोहन और एसपी विनोद कुमार ने कारागार अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द की उपस्थिति में अनावरण कर किया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द ने पुष्प गुच्छ देकर न्यायमूर्ति का स्वागत किया। इसके बाद न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता प्रशासनिक न्यायाधीश कन्नौज/ न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने अफसरों के साथ जेल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने जेल में चन्दन के पौधे का पौधरोपण किया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा। बैरक में निरूद्ध बंदियों की परेड का अवलोकन किया। महिला बैरक में सभी महिला बंदियों को फल वितरण कर महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को कपड़े व टाफी उपहार स्वरूप प्रदान की। अस्पताल में सभी बीमार बंदियों को फल वितरण कर अस्पताल में उपलब्ध दवाईयों के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी से जानकारी ली।

डीएम ने कहा कि शारीरिक फिटनेस मानसिक शांति की दिशा में पहला कदम है। ये पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार की ओर है। बल्कि सकारात्मक सोच विकसित करने का एक माध्यम भी बनेगी।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द ने बताया कि शासन की नीति के तहत यूपी की सभी कारागारों में ओपन जिम को बंदियों के स्वास्थ्य लाभ के लिये चालू किया गया है। यूपी की समस्त कारागारों में जिम स्थापित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान एडीजे- प्रथम इन्दु द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय, अपर जिला जज लवली जायसवाल, जेलर विजय कुमार शुक्ला, चिकित्साधिकारी डॉ सिद्धार्थ चौधरी, अनुज कुमार उपकारापाल, पंकज कटियार कनिष्ठ सहायक सहित आदि प्रशासनिक कर्मचारी रहे।

# संघ के सामान्य शिक्षा वर्ग-1 में शामिल होने स्वयंसेवक रवाना

- संघ कार्यालय में सभी को दी गयी शुभकामनाएं

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामान्य शिक्षा वर्ग - 1 (प्रथम वर्ष) में शामिल होने के लिए यहां से 14 स्वयंसेवक कानपुर के लिए रवाना हो गए।

नगर की प्रोफेसर कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संघ के 15 दिवसीय सामान्य शिक्षा वर्ग-1 में शामिल होने के लिए ग्राम नौगाई के अंश कुमार, रसूलाबाद के अर्जुन, ग्राम त्यौर के यश कुमार, पलिया से वरुण प्रताप, आवास विकास कॉलोनी के गण शिक्षक कृष्णा, मोहल्ला बनवारी नगर के मयंक, राधा नगर कॉलोनी के आनंद कुमार और जिला मुख्यालय के संघ कार्यालय से हरेईपुर से अभिषेक, कन्नौज के दीदारगंज से उज्जवल, पठकाना से श्रेयांश, कानूनगोयान से सूर्याश, हौदापुर से आयुष, लोहिया नगर से अभिषेक, बुद्ध नगर से सूरज एवं वाहिदपुर से आयुष को जिला प्रचारक अंकित जी ने माल्यार्पण करने के बाद मिठाई खिलाकर उनकी मंगलमय यात्रा के लिए कामना की। यह सभी स्वयंसेवक सामान्य शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष में शामिल होकर 15 दिनों तक अनुशासन की आग में तपकर राष्टहित व सामाजिक समरसता समेत तमाम विद्याओं में दक्ष होंगे।

इस दौरान विभाग बौद्धिक प्रमुख रजनीश जी, शैलेंद्र सिंह राठौर, गौरव एवं अरविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कथा समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन, भक्तों ने चखा प्रसाद



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर क्षेत्र के ग्राम अटारा स्थित बाबा ब्रह्मदेव स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन पर पूर्णाआहुति हवन- यज्ञ व दोपहर बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कथा परिसर में याज्ञाचार्य ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण से हवन- यज्ञ सम्पन्न कराया। सुबह विशाल भंडारा हुआ। इस दौरान मुख्य यजमान कमलेश दुबे व पत्नी सरला दुबे ने कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें दक्षिणा भी भेंट की। इस अवसर पर कमलेश दुबे, सरला दुबे, आशीष दुबे, प्रिंस श्रीवास्तव, सोनू दुबे, विवेक दुबे, सूरज, उपेंद्र, संजय, राजेश सैनी, महावीर श्रीवास्तव, संतकुमार, हिमांशु, सौरभ, श्यामू सविता, दीपक, जय दुबे सहित आदि लोग रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

- अखिल भारतीय शाक्य महासभा का भव्य आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय शाक्य महासभा के तत्वावधान में मान पैलेस में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 19 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा शाक्य (आईआईटी पालक्काड, केरल) ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा अपने करियर में निरंतर आगे बढ़ें, कृतज्ञ रहें, प्रतिस्पर्धा करें, लेकिन ईर्ष्या से बचें। खुद को कभी कमजोर न समझें और अपने माता-पिता की मेहनत को व्यर्थ न जाने दें। सोशल मीडिया का उपयोग सीमित कर अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें। डॉ. राजकमल मौर्य (एनआईटी सूरत) ने कहा बुलंदियों तक पहुंचना आसान हो सकता है, लेकिन वहां टिके रहना चुनौतीपूर्ण है। यह आपके करियर का पहला कदम है, इसे सही दिशा में निरंतर आगे बढ़ाएं। असफलताओं से कभी विचलित न हों, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ें। प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार शाक्य ने मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए कहा बिना मेहनत के मिली सफलता अल्पकालिक और कमजोर होती है। कठिन परिश्रम ही आपको दीर्घकालिक सफलता दिलाएगा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आलोक शाक्य ने समाज के 12 विशिष्ट व्यक्तियों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए और मेधावी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।जिलाध्यक्ष हरिशरण शाक्य ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा आपने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में जिस मेहनत से सफलता हासिल की है, उसी लगन के साथ भविष्य में भी कठिन परिश्रम करें। समाज के लिए प्रेरणा बनें और एक मिसाल कायम करें।

कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रधानाध्यापक दीपक शाक्य ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन शाक्य (एडवोकेट), प्रदेश सचिव गौरव शाक्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित शाक्य, महासचिव राजेश कुमार शाक्य (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंह शाक्य, सांस्कृतिक सचिव दीपमाला शाक्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र उर्फ ब्रजेश शाक्य (एडवोकेट), उपाध्यक्ष राहुल शाक्य, सुधा शाक्य, अनुभा शाक्य, बेबी शाक्य, हेमा शाक्य, सभासद पूनम शाक्य, और शकुंतला शाक्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र हर्षप्रताप सिंह को सम्मानित



**छिबरामऊ कन्नौज।** जितेंद्र कुमार के पुत्र हर्ष प्रताप सिंह ने सीबीएसई बोर्ड सेंट मारिया क्लासेज से हाईस्कूल में स्कूल टाप करते हुए 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने घर पर पहुंचकर छात्र को माला पहनाकर व बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र हर्ष ने कहा आईएस बनकर देश व समाज की सेवा करेंगे। आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि बाबा साहब के अनुसार शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पीएंगा वो दहाडेगा इसलिए शिक्षा बहुत जरूरी है। इस मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, उपाध्यक्ष शिवम यादव, सचिव हैप्पी यादव, धीरू यादव, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मंत्री ने पदाधिकारियों के साथ सुनी पीएम के मन की बात



पीएम के मन की बात सुनते मंत्री व पदाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मोहल्ला होली स्थिति बूथ संख्या 298 पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें सदर विधायक राज्य मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ के साथ सुना और मोदी के कहे हुए शब्दों को सभी को आत्मसात करने को भी कहा। उन्होनें आगे कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम से जून माह के लिए बहुत सी प्रेरणाएं मिली। योग दिवस को सफल बनाने और मधुमक्खी पालन व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अच्छे मॉडल पर मोदी जी ने मार्गदर्शन किया। वही पीएम मोदी ने मन की बात के 122वें एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास दिया। और हम सब भी इस दिशा में मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत से स्टार्टर चोरी कर ले गए चोर

**कोंच(जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री में गाँव किनारे जगत निरंजन का एक खेत है। खेत में सिंचाई के लिए उन्होंने नलकूप कनेक्शन कराया हुआ है। बीती रात नलकूप के लिए बनी लोहे की छोटी सी कोठरी में लगे 2 ताले और एक सेंट्रल लॉक सब्बल आदि से तोड़कर अज्ञात चोर करीब 15 हजार रुपये कीमत का स्टार्टर चोरी कर ले गए। सुबह जब जगत खेत पर पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चल सका। मामले में अभी पुलिस को शिकायती पत्र नहीं दी जा सका है।

### कोंच इप्टा इकाई की 25 वीं ग्रीष्म कालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** इप्टा इकाई कोंच द्वारा 25वीं नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला का शुभारम्भ रविवार को गाँधीनगर स्थित न्यू सिटी सूरजज्ञान मॉर्डन पब्लिक स्कूल में हुआ।कार्यशाला का शुभारम्भ इप्टा गीत ''बजा नगाड़ा शांति'' के साथ हुआ। कार्यशाला शुभारंभ अवसर पर सूरजज्ञान एजूकेशन ग्रुप के डायरेक्टर अंकुर यादव, इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ नईम बॉबी, इप्टा कोंच शाखा अध्यक्ष अनिल वैद, भारतेन्दु नाट्य अकादमी की एल्युमीनाई और उभरती हुई अभिनेत्री स्नेहा कुमारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंकुर यादव ने कहा कि यह अभिनय की नहीं बल्कि आत्म अभिव्यक्ति की कार्यशाला है। यहां बच्चों को मंच पर सिर्फबोलना नहीं, खुद को पहचानना सिखाया जा रहा है। आज के दौर में जब बच्चों की आवाज दबा दी जाती है, ऐसे मंच उन्हें उड़ान देते हैं। डॉ नईम ने कहा कि यह मंच केवल रंग सीखने का माध्यम नहीं, यह जीवन को रंगों से भरने की प्रक्रिया है। बच्चों के चेहरे पर जो चमक है वह आने वाले समय में कोंच की सांस्कृतिक पहचान बनेगी। अनिल वैद ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को मंच के जरिए अपने भीतर छिपे आत्मविश्वास, संवेदना और सोच को बाहर लाने का मौका देना है। यह कार्यशाला बच्चों की कला यात्रा नहीं उनके व्यक्तित्व निर्माण की दिशा है। क्राइम पेट्रोल सीरियल के डायरेक्टर संतोष आर मिश्रा ने प्रतिभागियों को अभिनय की अहम बारीकियां सिखाई। सचिव पारसमणि अग्रवाल, साहना खान, यूनिस, कोमल सिंह, अंकुर राठौर योगी आदि कार्यशाला की व्यवस्थाओं में रहे।

### बीहड़ांचल में कोरोना काल से बंद हुई रोडवेज बस सेवा पुनः बहाली की मांग

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम की आधा दर्जन से अधिक बस सेवा के बंद होने से ग्रामीण क्षेत्र की यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व रामपुरा जगम्मनपुर ग्रामीण क्षेत्र से लगभग 32 प्राइवेट बसें संचालित होती थी जो जगम्मनपुर से उरई एवं औरैया तथा रामपुरा से माधौगढ़ बंगरा होते हुए एवं रामपुरा वाया ऊमरी गोहन रूट से उरई जाती थी। चूंकि इन प्राइवेट बसों से आने जाने में समय अधिक लगता था इसी बीच उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम ने उरई से जगम्मनपुर कंजौसा दिल्ली, जगम्मनपुर से उरई महोबा चित्रकूट, जगम्मनपुर से झांसी, कंझारी से ऊमरी झांसी, महाराजपुरा से कानपुर, उरई से जगम्मनपुर चकरनगर उदी मोड़ होते हुए आगरा, उरई से जगम्मनपुर आगरा होते हुए जयपुर, जगम्मनपुर से उरई महोबा होते हुए प्रयागराज, सिद्धपुरा से रामपुरा उरई होते हुए हमीरपुर सहित कई रूटों पर बसें संचालित की गई ग्रामीण स्तर पर बस चालक परिचालकों को रात्रि में रुकने की ग्रामीण स्तरीय समुचित सुरक्षित व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। रोडवेज बस सुविधा मिलते ही यात्रियों ने देर से गंतव्य तक पहुंचाने वाली प्राइवेट बसों को बाय-बाय टाटा कहकर रोडवेज बसों से सफर करना शुरू कर दिया। परिवहन निगम की गाड़ियां खचाखच भरकर आने जाने लगी जिसके परिणाम स्वरुप प्राइवेट बसों का संचालन घाटे में जाने के कारण धीमे-धीमे लगभग 25-26 बसें उनके मालिकों के दरवाजे पर टिककर अंतोगत्वा कबाड़े में बिक गई और राज्य परिवहन निगम की बसों का यह हाल हुआ कि कभी कोरोना कभी कुंभ मेला कभी निर्वाचन ड्यूटी के नाम पर धीरे-धीरे उक्त सभी परिवहन निगम की बसों का संचालन बंद हो गया और ग्रामीण क्षेत्र का यात्री ''हलुआ मिले न मांड़े, दोऊ दीन से गए पांड़े'' को चरितार्थ करती लोकोक्ति अंदाज में ठगा सा खड़ा रह गया।अब ग्रामीणों कहीं आने-जाने के लिए भाड़े पर चार पहिया कार से अथवा टैक्सी या अपने निजी दो पहिया चार पहिया वाहन से यात्रा करने को मजबूर हो गया। छोटे प्राइवेट वाहनों की सड़क पर अचानक से संख्या बढ़ गई परिणाम स्वरुप सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफ हुआ तथा परिवहन में लोगों का अधिक धन भी व्यय होने लगा एवं लंबे सफर में जाने के लिए किसी शहर से वाहन पकड़ने को मजबूर हो गया। एक तरफउत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र को परिवहन से जोड़ने का संकल्प लेकर काम कर रही है वहीं दूसरी तरफजनपद जालौन के राज्य परिवहन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों को और नई बसें देने के बजाय पहले से संचालित पुरानी बसों को भी बंद करके शासन के लोक कल्याणकारी संकल्प पर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जालौन एवं राज्य परिवहन निगम (रोडवेज) के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्र से पुनः रोडवेज बसों को संचालित करने की मांग की है।



### लोधी राजपूत कल्याण महासभा के संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तालग्राम रोड स्थित एक निजी विद्यालय में अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की बैठक आयोजित हुई। इसमें संगठन का विस्तार करते हुए मुख्य अतिथि, महासभा के जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पंकज राजपूत ने अतुल वर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अतिरिक्त अशोक राजपूत जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप राजपूत जिला मंत्री राहुल राजपूत जिला मंत्री, बृजेश राजपूत जिला मंत्री, अनुज राजपूत जिला मीडिया प्रवक्ता, रोहित नंदन राजपूत जिला मीडिया प्रवक्ता, सुमित राजपूत जिला कार्यसमिति सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम चन्द्र वर्मा ने की, जबकि संचालन अतुल वर्मा ने किया। अतुल वर्मा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, आशीष वर्मा, रॉबिन मिश्रा, नितिन वर्मा, शिव सहित अन्य शुभचिंतकों ने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। सभी ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त किया।

### रंजिशन मारपीट करने पर छह के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते आपस में झगड़ा कर रहे छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी दिलीप कुमार निवासी जगनेवा और रूपसिंह, रामकुमार, बृजेन्द्र, गोपी व राहुल निवासीगण ग्राम धंतौली रंजिश के चलते आपस में झगड़ा कर रहे थे। ग्रामीणें के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है।

# बच्चों को दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में 116 बच्चों को योग शिक्षक श्याम सिंह यादव एवं वेदिका ने योग व्यायाम कराया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ अर्चना त्रिपाठी ने बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने हार्ट अटैक, कार्डियल अरेस्ट, हीट स्ट्रोक ,ब्रेन स्ट्रोक आदि के प्रारंभिक लक्षण और प्राथमिक उपचार के बारे में भी बताया और कहा किसी भी चिकित्सकीय आकस्मिकता की स्थिति में 108 या 102 नंबर पर एम्बुलेंस को फोन किया जाए तो फौरन आपातकालीन सेवा मिलती है। स्काउट के जिला कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी ने स्काउट के कर्तव्य और स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया। स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह एवं अजय चौरसिया ने छात्र-छात्राओं के बीच लेग रेस प्रतियोगिता करवा कर विजेताओं के नाम घोषित किए गए। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र ने बताया कि इस कैंप में सराहनीय प्रदर्शन और योगदान करने वाले छात्र छात्राओं को समर कैंप के समापन पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान श्री नारायण गुप्ता, मेजर संदीप कुमार माधव, विवेक दीक्षित, गोविंद बाबू सक्सेना, राम जीत, वीर प्रताप, मजबूत सिंह पाल सहित एनसीसी कैडेट एवं स्काउट उपस्थित रहे।

# शक्तिपीठ गमा देवी में आज अखंड रामायण पाठ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सनातन धर्म में महिलाओं का महत्वपूर्ण पर्व बट वृक्ष सावित्री, जिसे बरगदायी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है, 26 मई को मनाया जाएगा। 26 मई को सुबह 10:54 बजे अमावस्या तिथि शुरू होने के कारण बरगदायी अमावस्या आज ही मनाई जा रही है। हालांकि, सूर्योदय के समय अमावस्या न होने और सोमवार होने के बावजूद उदया तिथि में अमावस्या न होने से यह सोमवती अमावस्या नहीं है।इसी अवसर पर शक्तिपीठ गमा देवी मंदिर में आज सुबह 10 बजे से श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू होगा। यह पाठ कल, 27 मई को शनि जयंती के दिन शनि यज्ञ के साथ समाप्त होगा। मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने सभी श्रद्धालुओं से अखंड रामायण पाठ, शनि जयंती और जेठ के बड़े मंगल पर आयोजित शनि यज्ञ में शामिल होने की अपील की है। पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा, शनि जयंती पर शनि यज्ञ में शामिल होकर शनिदेव का प्रसाद ग्रहण करने से भक्तों पर शनिदेव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इन धार्मिक आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

# राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने किया गोशाला का निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे ने ग्राम खुबरियापुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने गौ माताओं को गुड़ खिलाकर, माला पहनाकर और विधि-विधान से उनका पूजन किया। गौशाला में गौवंश और गौ माताओं की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद उन्होंने व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। श्री पांडे ने गौशाला के कर्मचारियों और ग्राम प्रधान बबलू बाथम की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा गाय हमारी माता है, और उसका हमारे साथ जन्म-जन्म का नाता है। हमें तन-मन-धन से गौवंश और गौ माता की सेवा करनी चाहिए। जो निस्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा करते हैं, उन पर भगवान की कृपा सदा बनी रहती है। उन्होंने यह भी मांग की कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए और जब तक सरकार ऐसा नहीं करती, वे अपनी आवाज उठाते रहेंगे। श्री पांडे ने सभी सनातनी भाइयों से आह्वान किया कि वे गौवंश और गौ माता की सेवा में समर्पित रहें। उन्होंने कहा, प्रातःकाल गौ माता के चरण स्पर्श करने से व्यक्ति दीर्घायु प्राप्त करता है। इस गौशाला की बेहतर व्यवस्था देखकर मुझे प्रसन्नता हुई। सभी गौशालाओं में ऐसी ही व्यवस्था होनी चाहिए ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर संत सीताराम जी महाराज, पंडित बनारसी दास शास्त्री, विवेक शुक्ला, कृष्णा पांडे, श्याम वर्मा, पंजाबी कश्यप, कृष्ण गुप्ता, राज ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मजदूरी को लेकर की गाली-गलौज, मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मजदूरी के रुपये न दिये जाने तथा रुपये मांगे जाने पर गाली-गलौज तथा मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़ित मजदूर ने कोतवाली में की पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर कार्रवाई की। मजदूर अभिलाख ने कोतवाली में तहरीर देते हुये बताया कि वह मुहल्ला चौधरयाना निवासी दिनेश गिरि के यहां मजदूरी करने गया था दिनेश ने तय मजदूरी से 12 सौ रुपये कम दिये मैंने उनसे मजदूरी मांगी तो वह गाली गलौज करने लगे जब हमने गाली देने से उन्हें मना किया तो वह मारपीट करने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफकार्रवाई की।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी को उतारा मौत के घाट, पति गिरफ्तार

- पेट पर हसिया से किया था आठ बार प्रहार
- मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने 24 घण्टे में हत्यारे पति को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस हिरासत में आरोपी पति रजनीकांत

**ईंट से चेहरे पर किया था वार**

अभियुक्त रजनीकांत ने बताया कि मेरी शादी बबली पुत्री रामशरत निवासी जनौरा चौकी नवीगंज थाना बेवर- मैनपुरी से करीब 11 वर्ष पहले हुयी थी। मेरे 03 बच्चे हैं। मुझे अपनी पत्नी बबली पर शक था। कि किसी लड़के से बात करती है। मेरी पत्नी मेरी बात नही मानती है। 23 मई को मेरे जीजा गांव में शादी समारोह में सम्मिलित होने आए उनके साथ मिलकर बबली को मारने की योजना बनायी। उस रात मेरे माता व पिता शादी में गये थे। मेरे घर पर कोई नही था। गेस्ट हाउस से मै व मेरी पत्नी बबली तथा मेरे जीजा सुरेन्द्र समय करीब 02.00 बजे रात में घर आ गये। जैसे ही मेरी पत्नी को नींद आने लगी तो मैने व मेरे जीजा सुरेन्द्र ने मिलकर मेरी पत्नी बबली को दबोच लिया और घसीट कर खुली जगह पर बनी नाद के पास ले गये और मेरे जीजा ने मेरी पत्नी का गला अपने घुटने से दबा लिया और ईंट से चेहरे पर बार कर दिया। मैने हसिया से पेट पर करीब 7- 8 बार प्रहार किया। हम लोगो ने भूसा की पल्ली मे रखकर पीछे के दरवाजे से निकाल कर प्राइमरी स्कूल की बनी बाउन्ड्री के बगल मे खाद के गड्ढे मे लगी झाडियो मे शव को छिपाकर ऊपर से कूड़ा करकट डाल दिया था। सुबह होनी वाली थी। लोगो का आवागमन शुरू हो गया था। इसलिये हमने शव को यही छिपा दिया था। मौका पाकर शव को कही बाहर फेकने की फिराक मे थे। मै ईंट व हसिया को घर के कोने मे छिपाकर भाग गया था।

अवैध संबंध के शक में पति ने अपने जीजा के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी। मामले में पत्नी के भाई ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्यारे पति को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना इन्दरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कचाटीपुर में पत्नी के अवैध सम्बन्ध के शक में रजनीकांत (34) पुत्र गनी नागर निवासी ग्राम कचाटीपुर-इन्दरगढ़ ने अपने जीजा सुरेन्द्र पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बाँकी थाना ठठिया के साथ मिलकर अपनी पत्नी बबली (32) की ईंट व हसिया से प्रहार कर हत्या कर दी।

मामले में मृतिका के भाई अनिल कुमार पुत्र रामशरत निवासी ग्राम नगला विशू (जनौरा) थाना बेबर मैनपुरी ने थाना इन्दरगढ़ पर रजनीकांत पुत्र गन्नी नागर निवासी ग्राम कचाटीपुर, सुरेन्द्र पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बाँकी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष पारुल चौधरी ने पुलिस टीम के साथ 24 घंटे में अभियुक्त रजनीकांत पुत्र गन्नी नागर निवासी ग्राम कचाटीपुर को ग्राम सरैया में बडे तालाब के पास रोड के किनारे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं से लोगों में दहशत

# पांच स्थानों से लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

घर में घुसे चोरों ने भाजपा बूथ अध्यक्ष सहित पांच घरों से लाखों रुपए के जेवर व नगदी चोरी कर लिए। खटपट की आवाज सुनकर जागे ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर चोरों के दो घोड़े पकड़ लिए, हालांकि चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर देर रात निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी सुखवीर राजपूत भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। शनिवार देर रात वह छत पर सो गए, जबकि अन्य स्वजन घर के बरामदे में सो गए। बीती रात चोर मुख्य दरवाजे से घर में घुस गए। चोरों ने कमरे की रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। अलमारी में रखे तीन लाख रुपए के जेवर, पांच हजार की नगदी व मोबाइल चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर पड़ोसी किशनपाल के घर में मुख्य दरवाजे से होते हुए कमरे में घुस गए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर दो लाख रुपए के जेवर, पचास हजार रुपए की नगदी व मोबाइल चोरी कर लिये।


खटपट की आवाज सुनकर स्वजन जागे। शोर मचाने पर चोर सीढ़ियों से चढ़कर छत से होते हुए खेतों में भाग गए। छत से कूदने पर सुखवीर का मोबाइल चोरों के हाथों से छूट गया। सुबह खेतों में छानबीन करने पर सुखवीर का मोबाइल मिल गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर जागे पीड़ितों ने कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखा सामान व नगदी गायब थी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पड़ोसी गांव शाहपुर गंगपुर निवासी विनोद कुमार के घर में चोर घुस गए।

विनोद कुमार घर के बाहर, मां बरामदे में सो रही थी। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का एक ताला तोड़ दिया। ट्रैक्टर खरीदने के लिए रखे पांच लाख रुपए, पत्नी का पांच लाख रुपए का जेवर चोरी कर लिया। इसके बाद चोर पड़ोसी बसंती देवी के घर में घुसकर बक्शे का ताला तोड़कर दस हजार रुपए के चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। इसके बाद चोर विनोद के चाचा सत्यवीर के घर में घुस गए। कमरे में रखे पर्स को चोरी कर लिया। सत्यवीर झोपड़ी में सो रहे थे। खटपट की आवाज सुनकर सत्यवीर ने शोर मचाना शुरू कर दिया। चोर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार चोर आधा दर्जन से अधिक थे। वह लगभग छः घोड़ों के साथ आए थे। विनोद ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ितों के अनुसार सभी घरों से पंद्रह लाख की चोरी हुई है। रविवार सुबह फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंच साक्ष्य जुटाए। पीड़ित विनोद कुमार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीओ संजय वर्मा ने बताया मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस समय वह छुट्टी पर हैं। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले का जांच की जा रही है।


चोरी की घटना के बाद जानकारी देता पीड़ित


ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये चोरों के घोड़े

- आधा दर्जन घोड़े से आये शातिर चोर, ग्रामीणों ने दो घोड़ों को पकड़ा
- सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़े दो घोड़े

घटना के बाद जागे ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो घोड़ों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने अंदेशा जताया की चोर 4 घोड़ों से आये थे। करीब आधा दर्जन चोर रहे होंगे। 2 घोड़ों से चोर सामान सहित भागने मे सफल हुए।

### फिर चर्चा में आये पुराने गैंग

घटना स्थल पर खड़े ग्रामीण पुराने बदमाशों की चर्चा करते नजर आये। वहीं कुछ ग्रामीण पुराने गैंगों के फिर से सक्रिय होने का अंदेशा जता रहे थे। फिलहाल ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल देखा गया।

### बाइक की चाबी, मोबाइल ले गये चोर

ग्रामीणों ने अंदेशा जताया की चोर शातिर व अनुभवी थे, ग्रामीण पीछा न कर सकें। इसके लिए वह सभी गृह स्वामियों की बाइक की चाबी साथ ले गये। ग्रामीण किसी को सूचना न भेज सकें। इसके लिए मोबाइल भी साथ ले गये।

### छैमार गिरोह पर भी अंदेशा

सूत्रों के अनुसार एक जगह से दूसरी जगह सामान ले जाने वाले छैमार जाति के सदस्यों के भी यह घोड़े हो सकते हैं। जो घटना के बाद ही दूसरे जिले में फरार हो जाते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हफ्ते भर मे हुई चोरी की दूसरी वारदात से क्षेत्र मे भय, रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाये है ग्रामीणों ने पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की है।

# गर्भवती महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका पांच माह की गर्भवती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव दुर्गुपुर निवासी अनुज मिश्रा उर्फ गोलू की पत्नी ने दरवाजे में लगे बेन्टीलेटर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

फूफा ओमेंद्र शुक्ला ने दरवाजा तोड़कर गुंजन को बाहर निकाला एवं प्राइवेट चिकित्सकके पास ले गए। जहां डॉ0 ने उसे मृत घोषित कर दिया। ओमेंद्र शुक्ला ने बताया की लड़की के पिता ने फोन करके बताया कि घर जाकर देखो गुंजन ने आत्महत्या कर ली है। जब आकर देखा तो गुंजन फांसी पर लटकी हुई थी। दरवाजा अंदर से बंद था। आनंन-फानन में दरवाजा तोड़ा गया और शव को बाहर निकाला गया। पति द्वारा 112 पर सूचना दी गई। 112 की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की एवं फॉरेंसिक टीम ने भी जांच कर नमूने एकत्र किये। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद एवं नायब तहसीलदार हर्षित सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के 1 वर्ष का पुत्र अयांश मिश्रा है। अनुज मिश्रा की शादी ढाई वर्ष पूर्व बाबा नगला सैफई से कृष्णकांत की बेटी के साथ हुई थी। पति एवं ससुर घर पर मौजूद नहीं थे। मृतका की सास राज किशोरी घर में मौजूद थी एवं घर में मजदूर काम कर रहे थे। मृतका के परिजनों द्वारा कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है मृतका 5 माह की गर्भवती भी थी।


मृतका का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस व नमूने लेती फॉरेंसिक टीम

# दबंगों की धमकी से त्रस्त आधा दर्जन परिवारों ने मांगी इच्छा मृत्यु


पोस्टर दिखवाते दबंगों से पीड़ित लोग

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

दबंगों की धमकी से परेशान आधा दर्जन परिवारों ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जटवारा निवासी धनदेवी, नेहा, द्रोपदी, शानू, गिरीश आदि लगभग आधा दर्जन से अधिक परिवारों ने रविवार को अपने घरों पर पोस्टर लगाकर एक समुदाय विशेष द्वारा धमकी देने और मकान खाली कर चले जाने की बात उस पर लिखी है कि काफी समय पहले समुदाय विशेष के लोगों से जमीन खरीदी थी। उन्होंने मेहनत मजदूरी कर उस पर रहने के लिए मकान बनाए। अब जब जमीन कीमती हो गई तो उक्त लोग धमकियां दे रहे हैं और मकान खाली करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने अथवा उन्हें इच्छा मृत्यु की इजाजत देने की मांग की है।

# ट्रांसफार्मर में फाल्ट से 150 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।

उपकेंद्र में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में फाल्ट से उपकेंद्र के इन्वर्टर सहित अन्य मशीनों मे फाल्ट हो गया। जिससे 150 गांवों की आपूर्ति ठप हो गयी। जेई ने नया इन्वर्टर खरीदकर ट्रांसफार्मर के फाल्ट को सही कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल की। इस दौरान घंटों ग्रामीण बिना बिजली के उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे।

जानकारी के अनुसार 33/11 विद्युत उपकेंद्र कंपिल में रविवार सुबह करीब 6 बजे उपकेंद्र में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में फाल्ट से उपकेंद्र के इन्वर्टर सहित अन्य मशीनों में फाल्ट हो गया। जिससे कस्बा सहित पांचों फीडरों से जुड़े गांव धर्मपुर, कटिया, रुदायन, होतेपुर, हरकरनपुर, इकलहरा, कारव, पुंथर देहामाफी, शेखपुर, बिहारीपुर, मधवापुर सहित करीब 150 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। रविवार को कायमगंज में भी साप्ताहिक दुकानें बंद होने की वजह से इन्वर्टर की मरम्मत नहीं हो सकी। बाद मे जेई ने जनपद एटा के अलीगंज तहसील से इन्वर्टर खरीदवाकर, ट्रांसफार्मर में फाल्ट सही कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल की। इस दौरान करीब 12 घंटे ग्रामीण उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे। जेई आर0पी0 सिंह ने बताया उपकेंद्र में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में फाल्ट से इन्वर्टर फुक गया था। नया इन्वर्टर मंगवाकर फाल्ट को सही कराकर विद्युतत आपूर्ति बहाल की गयी है।


विद्युत फाल्ट सही करते विद्युत कर्मचारी

# विशेष सचिव ने गोशाला का निरीक्षण कर की गोसेवा


गोशाला में गोसेवा करते विशेष सचिव


गोशाला का निरीक्षण करते विशेष सचिव

- गोपालकों से चारा, दाना, भूसा आदि के संबंध में ली जानकारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विशेष सचिव ने गौशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों व गौपालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही पर्याप्त चारा व भूसा, दाना आदि रखने को भी कहा। जिससे गौवंशों को कोई परेशानी न हो।

जानकारी के अनुसार विकास खण्ड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में संचालित गौशाला का रविवार विशेष सचिव डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति ने निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने गौशाला पहुंचकर साफ-सफाई का जायजा लिया। जिस पर सफाई व्यवस्था ठीक मिली। प्रधान शेर बहादुर सिंह व सचिव अवधेश कुमार ने गोशाला में 538 गोवंश होने की जानकारी दी। गोशाला में 7.70 कुंतल भूसा, 38 कुंतल दाना व गोशाला की जमीन पर 40 बीघा हरा चारा खड़ा होने की जानकारी दी। उन्होंने गाय को माला पहनाकर गुड़ व चना खिलाया। उन्होंने गौशाला के अभिलेख भी देखे। गौशाला में काम कर रहे 13 गोपालकों से जानकारी लेकर गायों की सही से देखभाल करने की बात कही। विशेष सचिव ने गोपालकों से मानदेय समय से मिलने के बारे में जानकारी ली, तो गोपालकों ने 8 हजार रुपए प्रति माह मिलने की बात कही। उन्होंने पशु चिकित्सक संजय कुमार व अशोक कुमार सिंह से गायों के टीकाकरण की जानकारी ली। चिकित्सक ने गोवंश की नियमित देखभाल व टीकाकरण किए जाने की जानकारी दी। गौशाला में 5 गोवंश बीमार होने की जानकारी दी गई। उन्होंने गौशाला से पालने को गाय ले गए गांव बराकेशब निवासी सर्वेश कुमार, प्रमोद कुमार व सतीश कुमार आदि जो मौके पर थे उनसे भी गायों की सही से देखभाल चारा पानी आदि की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा, एसडीएम सदर रजनीकांत, एसडीएम न्यायिक गजराज सिंह, नायब तहसीलदार सनी कनौजिया, बीडीओ त्रिलोक नाथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बिजली के करंट से दो किशोरों की मौत से मचा कोहराम

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बिजली के करंट से दो किशोरों की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाने क्षेत्र अंतर्गत गांव पुठरी निवासी अमित कुमार उर्फ कल्लू का 10 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार रविवार घर के पीछे अपनी भैंस को बांधने गया था। भैंस को बांधने के बाद ऋतिक ने अपनी दीवार के सहारे लगी लोहे की सीढ़ी पर हाथ रखा, तो बिजली के करंट से ऋतिक उसमें चिपक गया। ऋतिक को सीढ़ी से चिपका देख पीछे से आ रहे उसके दिव्यांग 15 वर्षीय भाई अनुराग ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया, तो अनुराग भी उसी में चिपक गया। कुछ देर बाद परिजनों की नजर उन पर पड़ी, तो लाठी-डंडे लेकर गए परिजनों ने डंडे को मारकर सीढ़ी पर रखे तार को तोड़कर अलग किया। ऋतिक व अनुराग की हालत बिगड़ी देख परिजन उसे लोहिया अस्पताल ले गए। लोहिया अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने ऋतिक व अनुराग को मृत घोषित कर दिया। दोनों के शव घर पहुंचते ही मां रूबी देवी व परिजन चीखपुकार करने लगे। घटना की जानकारी पर थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने गांव पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। मृतक अनुराग कक्षा 6 व ऋतिक कक्षा 1 का छात्र था। उसके दो भाई अंशुल व आदित्य है। थानाध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने बताया कि परिजनों ने कानूनी कार्यबाही करने व पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।



## बीपीएल प्रीमियर लीग का हुआ शुभारंभ



शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। बैरमपुर प्रीमियर लीग मैच का पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

विकास खंड शमशाबाद के ग्राम बैरमपुर में शुरू हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को उद्घाटन हुआ। क्रिकेट खेल के जरिए अच्छा स्वास्थ्य तथा समाज में एक अलग पहचान बनाई जा सकती है। इसके लिए कठिन परिश्रम की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुभव मिश्रा, व्यवस्थापक विनय मिश्रा, संरक्षक अखिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष निर्दोष मिश्रा, आकाश पाठक, अमित अग्निहोत्री, अनिरुद्ध मिश्रा, प्रवेश पाठक, बृजेश पाल, जितेंद्र पाल, सुनील कुमार, अंपायर स्वदेश द्विवेदी, गौरव मिश्रा तथा क्षेत्रीय ग्राम प्रधान जुबैर खां, नीलू यादव सहित लोग मौजूद रहे। सुबह पहली पारी में फर्रुखाबाद और उखरा का मैच हुआ। जिसमें फर्रुखाबाद टीम ने 133 रन का लक्ष्य रखा और उखरा टीम ने सिर्फ 75 रन बनाए और हार का सामना करना पड़ा। फर्रुखाबाद टीम को मैंन ऑफ द मैच खिलाड़ी सोबरन को दिया गया।

# बौद्ध अनुयाइयों ने नगर में धूमधाम से निकाली धम्म यात्रा


धम्म यात्रा निकालते बौद्ध अनुयाई

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध धर्म के अनुयाइयों ने कस्बे में धम्म यात्रा निकाली। यात्रा में सपा के पूर्व प्रत्याशी नबल किशोर शाक्य सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। बाद में बुद्ध की देशनाओं पर प्रकाश डाला गया।

जानकारी के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर प्रशासन की ओर से धम्म यात्रा निकालने इजाजत नहीं मिली थी। बीती 24 मई को प्रशासन की ओर से धम्म यात्रा निकालने की अनुमति मिल पायी। जिस पर रविवार को धम्म यात्रा निकाली गयी। इस दौरान लोग हाथों में शांति का प्रतीक पंचशील ध्वज लेकर चल रहे थे। यात्रा नगर के अम्बेडकर मूर्ति दुर्गा टाकीज से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंडी समिति में समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा में शामिल सपा के पूर्व प्रत्याशी डा0 नबल किशोर शाक्य ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा को आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक जागरण का विशेष अवसर माना जाता है। बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत पावन और महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व हर वर्ष वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्हें भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह दिन ध्यान, तप, और करूणा के अभ्यास का प्रतीक है, जबकि हिंदू धर्म में इसे ईश्वर के अवतार के रूप में पूजा जाता है। इस दिन कई लोग सत्य, अहिंसा और संयम का व्रत लेकर पुण्य अर्जित करते हैं। इस मौके पर अभिशेक शाक्य, शिव कुमार शाक्य, अरुण शाक्य, अखिल शाक्य, सूर्या शाक्य सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अवैध खनन को लेकर फिर सुर्खियों में आया नवाबगंज

- रात्रि के अंधेरे में कड़िउली गांव में हो रहा है खनन

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नवाबगंज अवैध खनन को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आया है। खनन माफिया रात के अंधेरे में पुलिस की मिलीभगत से खनन करने में मशगूल हैं।

जानकारी के अनुसार बीते करीब एक वर्ष पूर्व नवाबगंज क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे सिपाही के ऊपर खनन माफिआओं ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे उसकी मौत हो गयी थी। इस घटना में कई पुलिसकर्मी संलिप्त पाये गये थे। साथ ही खनन माफिआओं पर भी कार्यवाही हुई थी। कुछ वर्षों तक मामला शांत रहा, लेकिन अब पुनः एक बार नवाबगंज क्षेत्र में अवैध खनन शुरु हो गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कड़िउली में बीती रात खनन करते जेसीबी को देखा गया था। जिसे कैमरे में भी कैद किया गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें जेसीबी से डंपर भरते हुए दिखाया गया है। जिससे जाहिर है कि खनन माफिया एक बार फिर नवाबगंज क्षेत्र में सक्रिय हो गये हैं।


कड़िउली गांव में अवैध खनन में लगा जेसीबी

## कार चालक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना नवाबगंज के गांव ढुड़ियापुर त्योरी निवासी अनुज कुमार रविवार दोपहर लगभग 11:20 बजे वीरपुर स्थित पेट्रोल पम्प पर अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। अनुज अपनी गाड़ी को बंद करके वहीं खड़ा हो गया। उसी समय एक कार चालक ने अपनी कार को बैक करते समय अनुज की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनुज व अनुज का तीन वर्षीय पुत्र पीयूष जमीन पर गए। अनुज ने उठकर कार चालक से बात करनी चाही, तो कार चालक सहित उसमें बैठे तीन युवकों ने अनुज कुमार को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। थाना पुलिस को अनुज कुमार ने युवकों के खिलाफ तहरीर दी।

# हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रविवार सुबह हुई हल्की बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया। जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से पारा 42 के आसपास पहुंच गया था। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं लाइट की आवाजाही भी लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई थी, लेकिन शनिवार रात्रि से ही ठंडी हवायें चलनी शुरु हो गयी थीं। रविवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। बताते चलें कि मौसम वैज्ञानिकों का कहना था कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में वारिश हो सकती है। साथ ही तेज हवायें चल सकती हैं। जिसके चलते रविवार को हल्की फुल्की वारिश हुई। जिससे भीषण गर्मी का दंश झे रहे लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि रविवार को अधिकांश समय बादल छाये रहे। वहीं कुछ देर के लिए धूप भी निकली।


सुबह छाये बादलों का दृश्य

## न्यायालय से वांछित अपराधी गिरफ्तार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। न्यायालय से फरार अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित ग्राम दौलतपुर निवासी संतोष पुत्र फकीरे जो कि न्यायालय में दर्ज मुकदमे में न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। जिस पर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आज थाना पुलिस ने हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। वहीं दीपू, जीतू गिहार पुत्र पेशकार निवासी महरूपुर रावी को भी न्यायालय से मुकदमा में समय से उपस्थित नहीं होने पर वारंट जारी किया था। जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। एक और अन्य मामले में धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सूबेदार निवासी छीताकपूरापुर को मारपीट के मुकदमा में वांछित होने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर पीटा, दी जानमाल की धमकी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम पिथुपुर मेहंदिया निवासी मंजीत पुत्र बहादुर ने थाना कमालगंज में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया रविवार दोपहर 3 बजे गांव में पेड़ के नीचे बैठा था, तभी गांव के रामवासी, गोदनलाल, मोतीलाल, ध्रुव पुत्रगण रामदीन ने बिना बात के पुरानी रंजिश में गाली-गलौज व लाठी-डंडों से मारपीट शुरु कर दी। बचाने आये भाई संजीव को भी मारापीटा और धमकी दी थाने गए तो दुबारा मारेंगे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख की वसूली करने का आरोप

▶ आरोपी युवक के घर के बाहर धरने पर बैठे पीड़ित



**समृद्धि न्यूज सोनभद्र।**

रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर देवरिया जिले के करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों से पच्चास लाख रूपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगियों ने रायपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक पर रूपए की वसूली करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। भुक्तभोगियों ने बताया कि रायपुर थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी मनोज पांडेय पुत्र वीरेंद्र बहादुर पांडेय ने अपना नाम बदल कर देवरिया जिले के रहने वाले आठ लोगों से रेलवे में ग्रुप सी और डी में नौकरी दिलाने के नाम पर 50 लाख रूपए की वसूली किया है। रूपए देने के बावजूद नौकरी न मिलने पर सभी ने अपना पैसा वापस मांगा तो मनोज पांडेय वहां से फरार हो गया। बाद पीड़ितों ने किसी प्रकार से उसके मूल निवास स्थान का पता किया। फिर सभी उसके घर धमक पड़े। उधर पीड़ितों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से फरार हो गया। पीड़ित पंकज मिश्रा पुत्र दयाशंकर, बिट्टू प्रसाद पुत्र शारदा प्रसाद, दयानंद शर्मा पुत्र दीनानाथ, जितेंदर यादव पुत्र राज किशोर, आकांक्षा यादव आदि ने बताया कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार कर उनका पैसा वापस नहीं कराया जाता, तब तक वे सभी उसके ही घर के बाहर धरने पर बैठे रहेंगे। चेतावनी दी कि पैसा वापस न मिलने पर सभी आत्मदाह कर लेंगे।

# पीएम ने की सेना के पराक्रम की प्रशंसा

▶ नगर के दो स्थानों पर सुनी गई पीएम मोदी के मन की बात



**समृद्धि न्यूज सोनभद्र।**

नगर के आरएसएम इंटर कालेज में सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी गई। इस दौरान पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ देश की एकजुटता और सेना के पराक्रम की प्रशंसा किया। कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। सेना ने आपरेशन सिंदूर के दौरान जो पराक्रम दिखाया है, उससे हर हिंदुस्तानी का सर ऊंचा है। पीएम ने कहा कि आपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। उन्होंने बताया कि कैसे देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और लोगों ने देश की सेना के प्रति वंदन-अभिनंदन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में हुए प्रयासों और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की चर्चा किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग साहसी होते हैं और अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनते हैं। बताया कि कैसे इन क्षेत्रों में शिक्षा का परचम लहरा रहा है और छात्रों ने शानदार परिणाम हासिल किए हैं। कैसे महिलाएं अब ड्रोन ऑपरेटर बनकर खेती में नई क्रांति ला रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, अल्ताफ कादरी, राजनरायन तिवारी, दिशांत द्विवेदी, सुमन रावत, ध्रुवकांत, राजन गुप्ता आदि मौजूद रहे। इसी तरह नगर के वार्ड नंबर 14 में बूथ अध्यक्ष रवि केशरी के नेतृत्व में पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई।

## स्मृति ईरानी का एक दिवसीय दौरा आज

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी में लोकसभा चुनाव बीतने के बाद पहली बार केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी आ रही हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। इस दौरान स्मृति ईरानी गौरीगंज के जामो रोड स्थित श्री रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित एक स्वागत जन समारोह को संबोधित करेंगी।



कार्यक्रम का समय दोपहर 3:00 बजे निर्धारित किया गया है। इस दौरे को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं विपक्ष की निगाहें भी इस कार्यक्रम पर टिकी हैं, क्योंकि यह दौरा चुनाव परिणाम के बाद सांसद के पहले सार्वजनिक संवाद के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

# गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत ग्राम छावनी रामनगर में राकेश कुमार शुक्ला के यहां सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन के उपलक्ष्य में कथा व्यास कृष्णानंद जी महाराज की अध्यक्षता में मुख्य यजमान राकेश कुमार शुक्ला द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें घर परिवार मित्र रिश्तेदार व महिलाओं तथा पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा की शुरुआत गाजे बाजे के साथ सुबह 9:30 बजे हुई जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश रख मंगल गीत गाते हुए उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे पूरा छावनी गांव भक्तिमय नजर आया. कलश यात्रा के इस कार्यक्रम में कथा व्यास कृष्णानंद जी महाराज के साथ-साथ मुख्य यजमान राकेश कुमार शुक्ला, अविनाश चंद्र शुक्ला, विनीत शुक्ला, अरुण त्रिपाठी, संजीव सिंह, बृजेश सिंह, प्रमोद तिवारी, अजीत तिवारी तथा क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



▶ एक किलो 150 ग्राम गांजा के साथ युवक धराया

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** ओबरा थाना पुलिस ने एक किलो 150 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्कर की शिनाख्त चोपन थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर के पास निवासी मनीष कुमार सोनी पुत्र मंगल कुमार सोनी के रूप में की गयी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में ओबरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सेक्टर-9 मोड़ के पास से मनीष कुमार सोनी को उक्त गांजा के साथ धर दबोचा। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसे कानून के हवाले कर दिया गया। इस मौके पर कस्बा चैकी प्रभारी विष्णु प्रभा सिंह, उप निरीक्षक राम लोचन, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार पटेल, अजय शुक्ला आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### आर्केस्ट्रा में मारपीट करने वाले युवकों पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी बुद्धसेन शर्मा ने रविवार को थाने में तहरीर देकर आर्केस्ट्रा में हुए विवाद की रंजिश को लेकर गांव निवासी दो युवक व दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा छोटे भाई को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया उपचार के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की 22 मई को गांव में आई बरात में आर्केस्ट्रा देखने को लेकर गांव निवासी चुन्नी पाण्डेय से बात विवाद हो गया था की इसी बात की रंजिस को लेकर रविवार की सुबह पिपरा बाजार में सैलून की दुकान पर चुन्नी पाण्डेय व देवव्रत पाण्डेय व दो व्यक्ति जिनका नाम पता अज्ञात पहुंचकर छोटे भाई उमेश शर्मा को गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगे जिससे भाई को चोटे आई है। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दिए है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की बरात में आर्केस्ट्रा में बात विवाद की रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले दो नामजद सहित चार के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### आम तोड़ने के विवाद में खूनी संघर्ष

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को मुंशीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गर्थोलिया गांव में एक मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। गर्थोलिया गांव में आम तोड़ने के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए गरथोलिया गांव निवासी मनजीत कश्यप और कालूराम दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे लात घूंसे चले जिससे दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। मनजीत कुमार ने पांच लोगों के खिलाफ थाना मुंशीगंज में लिखित तहरीर दी है जिसमें कालूराम, उमाशंकर, विजय कुमार पूजा देवी और विकास कुमार शामिल है थाना अध्यक्ष मुंशीगंज शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया मनजीत कुमार के शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच की जा रही है उधर सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां पर सब का इलाज जारी है।

### ननिहाल आया बालक मार्ग दुर्घटनपा में घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डोहर गांव में शनिवार की शाम टोटो के धक्के से बालक घायल हो गया। मौके पर पहुँचे बालक के परिजनों ने बालक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए जंहा पर बालक का उपचार हुआ है। टोटो चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के हरई गांव निवासी प्रदीप विश्वकर्मा ने शनिवार की देर शाम हलिया थाने में तहरीर देकर बताया है की अपने परिवार के साथ ससुराल डोहर आया है की शाम मेरा 4 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष सड़क पार कर रहा था की सोठिया की तरफसे आ रहे टोटो का चालक तेजगति व लापरवाही पूर्वक पुत्र को टक्कर मार दिया जिससे पुत्र को चोटे आई है। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की टोटो के धक्के से घायल बालक के परिजनों ने टोटो चालक के विरुद्ध तहरीर दिया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# भाजपा सांसद के विवादित बयान पर भड़के सपाई, किया प्रदर्शन

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सांसद के विवादित बयान को लेकर रविवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर के स्वर्ण जयंती चैक पर विरोध प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के उक्त मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की भाजपा सांसद रामचन्द्र जांगडा के विवादित बयान जिनका सिंदूर छिन गया उनमें वीरांगना का भाव नहीं था, से खफा सपाईयों ने प्रदर्शन किया। सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि आएदिन भारतीय जनता पार्टी के लोग महिलाओं पर विवादित बयानबाजी कर रहे हैं। अभी हाल में ही कर्नल सोफिया को पाकिस्तान की बहन बताना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम ने देश की सेना को प्रधानमंत्री के चरणों में नतमस्तक होने की बात कही थी। कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार नारी शक्ति, नारी वंदन, महिला सशक्तिकरण की बात करती है, तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार में उच्च पद पर बैठे लोगों द्वारा खुलेआम विवादित बयान देकर नारी का अपमान कर रहे हैं। कहा कि हमें देश की सेना पर गर्व है, जिस तरीके से पहलगाम घटना को लेकर सेना ने अपना पराक्रम दिखाया, उससे हर देशवासियों का मनोबल बढ़ा है। अंत में उन्होंने महिलाओं पर विवादित बयानदे ने वाले सांसद से इस्तिफा देने की मांग किया। मनीष त्रिपाठी, सुरेश अग्रहरि ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। मुन्ना कुशवाहा, जुनैद अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार नारी सशक्तिकरण की बात करती है, वास्तविकता में देखा जाए तो यही भारतीय जनता पार्टी के लोग नारी का अपमान लगातार कर रहे हैं। भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं लेकिन यह सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। इस मौके पर विमलेश विश्वकर्मा, कन्हैया प्रजापति, विनोद यादव, गोपाल गुप्ता, धीरज कुमार भारती, जय कुमार भारती, सुरेंद्र बियार, नौशाद खान आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार निरोधक कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



भ्रष्टाचार निरोधक कमेटी जिला ईकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सकुशल सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात कमेटी के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन पदाधिकारियों के सहयोग और समर्थन से संचालित होता है। अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव ने कमेटी के चयनित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर चले तो मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मानव तस्करी पर यह संगठन काम कर रहा है। इसके रोकथाम के लिए संगठन को मजबूती से कार्य करना होगा। वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को अध्यक्ष के दिशा निर्देशन में कार्य करना चाहिए साथ ही साथ समय-- समय पर संगठन की बैठक बुलाकर पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर कार्य को गति देना ही संगठन के लिए उपहार साबित होगा। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि भाई भतीजावाद छोड़कर अपराध को मिटाने का कार्य करना ही संगठन का उद्देश्य होना चाहिए। इसी क्रम में अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न पदाधिकारी में बेचूं प्रसाद, विपिन श्रीवास्तव, डॉ.एस एन यादव अशोक कुमार, अनिल यादव मुहम्मद अली, शिवनारायण यादव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चयनित पदाधिकारियों को विधिक सलाहकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# एक बाल अपचारी किशोरी समेत तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



चोपन थाना क्षेत्र के बेलदहा गांव में मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या में शामिल एक बाल अपचारी किशोरी समेत तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी राजेन्द्र उर्फ अशोक पुत्र श्रीराम, मालती देवी पत्नी राजेन्द्र व उसकी 14 वर्षीय नाबालिक लड़की को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार बेलदहा गांव में राजेन्द्र उर्फ अशोक ने अपनी पत्नी मालती देवी व नाबालिग पुत्री के साथ मिलकर अपने छोटे भाई की लाठी-डंडा व हथौड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया था। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा संख्या 170/2025 संबंधित उक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानून के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल हथौडी व डंडा बरामद कर लिया गया है। इस मौके पर उप निरीक्षक अभयनाथ सिंह यादव, हेड कांस्टेबल रूद्रकांत यादव, महिला कांस्टेबल आरती देवी मौजूद रहीं।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 273 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 273 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में आयोजित किया गया मेला में कुल 69 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन बिना चिकित्सक के उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 45 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 59 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 57 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में आयोजित किया गया जंहा पर कुल 43 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया नया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 273 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है।

इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फर्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## श्रीराम केवट प्रसंग मार्मिक कथा सुन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** सदर ब्लाक क्षेत्र के बरैला महादेव मंदिर परिसर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ में रविवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा का बाबा भोलेनाथ के श्री चरणों में शीश नवाया। रात्रि कालीन प्रवचन में आचार्य पंडित सौरभ भारद्वाज ने श्री राम-केवट प्रसंग की कथा का ब्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि श्री रामचंद्र के आदेश पर केवट ने अपनी धर्मपत्नी के साथ भगवान राम का चरण पखारा। काशी से पधारी मानस गंगा प्रियंका पांडेय ने कहा कि संतों का आशीर्वाद तीर्थराज प्रयाग से भी पुण्य दायक होता है। आजमगढ़ से पधारे गोविंद शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने केवट से नाव मांगा तो उसने कहा कि प्रभु मैं आपके सारे मर्म को जानता हूं। हमारी जीवकोपार्जन का साधन सिर्फ यहीं नाव है, इसलिए प्रभु पहले मैं आपका चरण पखारूंगा। बाद इस नाव से गंगा मैया को पार कराऊंगा। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी, जितेंद्र त्रिपाठी, अरविंद शरण सिंह, डा सीबीडी पांडेय, संदीप शुक्ला, राजकुमार श्रीवास्तव, रवि प्रकाश पांडेय, बृजेश पांडेय, कमलेश शुक्ला, विष्णु आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तियरा परिसर में आप कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**समृद्धि न्यूज, सोनभद्र।**

रचनात्मक अभियान के तहत रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तियरा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे परिसर में झाड़ू लगाकर आमजन को आल्टरनेटिव पालिटिक्स का संदेश दिया।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ के क्षेत्र में सुधार किए बगैर हम वैश्विक शक्ति नहीं बन सकते। कोरोना काल में देश की जनता को एहसास हुआ था कि भारत में स्कूल और अस्पताल की कितनी खराब स्थिति है। आम आदमी पार्टी रचनात्मक कार्य करके यह संदेश देना चाहती है कि भारत के आम नागरिकों को अपने मौलिक अधिकारों के लिए आंदोलन करना चाहिए। विधान सभा अध्यक्ष दिनेश पटेल ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीजों को समूचित स्वास्थ्य सुबिधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। अस्पताल में जरूरी जांच उपकरण सहित दवाईयों की कमी है। महिला जिलाध्यक्ष दुर्गा देवी ने कहा कि जिले के सरकारी अस्पतालों में गरीबों को सही ढंग से उपचार की सुबिधा नहीं मिल रही है। जिला सचिव कमला प्रसाद ने कहा कि मरीजों को सरकारी अस्पतालों से प्राइवेट हास्पिटलों में उपचार के लिए भेजा जा रहा है। जिला अस्पताल सहित सभी सरकारी हास्पिटलों में दलाल खुलेआम घुम रहे हैं, जो मरीजों को बहला-फूसला कर प्राइवेट अस्पतालों में लेजाकर भर्ती कराते है। इस मौके पर अनवर अली, राजेंद्र मौर्या, प्रेम कन्नौजिया, सुरेंद्र पटेल, ललित पटेल, सुभाष, संजय विश्वकर्मा, सुनील पासवान आदि मौजूद रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान एक वृक्ष के साथ हमारे जीवन के रिश्ते को दर्शाता है : राजदीप

**कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।**

प्रकृति और मातृत्व को समर्पित एक पेड़ मां के नाम एक भावनात्मक पहल डूडा कुशीनगर व नगर पालिका परिषद हाटा, कुशीनगर व पडरौना में समूह महिला सदस्यों द्वारा पौधरोपण कराया गया।

अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वाधान में डूडा कुशीनगर,नगर पालिका परिषद कुशीनगर,नगर पालिका परिषद हाटा व पडरौना नगर पालिका परिषद के स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों को ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान अंतर्गत प्रथम चरण में महिलाओं द्वारा पौधरोपण हेतु चयनित स्थल भरौली पोखरा कसया कुशीनगर, गांधीनगर अमृत सरोवर वॉटर बॉडीज एवं धोबी पोखरा वार्ड नंबर 7 स्वामी विवेकानंद नगर पडरौना नगर पालिक में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला उद्यान से संजीव श्रीवास्तव व विनय उपाध्याय उद्यान निरीक्षक द्वारा स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्यों को वृक्षारोपण करने व उसके बाद रख रखाव में किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए या कौन सी खाद किस पेड़ में किस समय देना चाहिए, इसकी जानकारी दिया, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम का संचालन डूडा के शहर मिशन प्रबंधक राजदीप यादव द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि यह योजना भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की योजना के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान अमृत 2.0 योजना की एक अनूठी पहल हैं जो स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा संचालित एक राष्ट्रव्यापी हरित आंदोलन के रूप में क्रांति साबित होगा जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण किया जाएगा, अपितु स्वयं सहायता समूहों के बहनों को रोजगार भी मुहैया कराया जायेगा जो महिला सशक्तिकरण के तरफ बढ़ता सरकार का एक अति विशिष्ट अभिनव प्रयास हैं। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट हैं कि एक पेड़ मां के नाम अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम या योजना ही नहीं हैं यह एक पेड़ के साथ हमारे जीवन के रिश्ते को दर्शाता हैं। एक पेड़ में इतनी शक्ति हैं कि वो हमें भूख से धूप से हर तरह से हमारी देख-रेख करता हैं। इसलिए हमें इस अभियान के तहत लगाए जाने वाले सभी वृक्षों का देखभाल हम सभी को मिलकर करना हैं,उन्होंने यह भी कहां कि एक पेड़ मां के नाम न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृत्व के सम्मान में प्रकृति को समर्पित एक भावनात्मक अभिव्यक्ति भी है।




# काला नमक चावल पर 11 जनपदों के अधिकारियों के साथ कार्यशाला आयोजित

▶ कार्यशाला का मुख्य अतिथि कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु प्रो. कविता शाह ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ


**सिद्धार्थनगर, समृद्धि न्यूज।**

प्रथम काला नमक जीआईसी सम्मेलन का टीजीआर होटल सनई में मुख्य अतिथि कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु प्रो.कविता शाह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि को उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा एवं जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रथम काला नमक चावल जीआई सम्मेलन में 03 मण्डल के कुल 11 जनपद के उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच तथा श्रावस्ती जनपद के अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि काला नमक चावल बुद्ध का प्रसाद है, जिससे हम खीर, चावल व अन्य व्यंजन बनाने के लिए इसका प्रयोग करते हैं। काला नमक के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है और लोगों में इसकी मांग बढ़ी है इस लिए इसकी खेती करने का दायरा भी बढ़ रहा है, जो साबित करता है कि काला नमक चावल की मांग बढ़ रही है। जिलाधिकारी डा.राजा गणपति आर. ने कहा कि वर्तमान में काला नमक चावल की खेती का क्षेत्रफल 2 हजार हे. से बढ़कर 18 हजार हे. हो गया है। सभी 11 जनपद मिलकर काला नमक चावल के क्षेत्रफल को बढ़ाने में सहयोग करे।

उन्होंने कहा कि काला नमक चावल सुगर फ्री है व इसमे बहुत से औषधीय गुण है, जो सुगर जैसे पेशेंट वाले भी इसका सेवन करने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की योजना है कि माह 15-20 नवम्बर के बीच में द्वितीय क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कराया जायेगा। इस दौरान अन्य जनपदों के अधिकारियों के साथ जनपद के आलाधिकारी शामिल रहे।

GST No. : 09AEBPN2161A1Z1
Mob. : 9454444497
Great Man

TAILORS & DRAPERS
SALER: SUITING, SHIRT-ING & DRESS METERIALS
Barachandganj, Near Railway Crossing, Lucknow

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org